सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 04 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 211, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल**

इस सप्ताह शेयर बाजार ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले, कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों और शुल्क संबंधी खबरों पर नजर रखेगा। } 14

**जनसंपर्क अधिकारियों की मांगों को रेल मंत्री के समक्ष उठाऊंगा**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय रेल के जनसंपर्क अधिकारियों को आश्वासन दिया कि वह कैडर उन्नयन सहित उनकी मांगों को मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष उठायेंगे। } 16



## गोण्डा में एसयूवी सरयू नहर में गिरी, 11 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी

गोंडा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के इटियाथोक क्षेत्र में रविवार को एक एसयूवी के सरयू नहर में गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों समेत 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। गोण्डा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले श्रद्धालुओं में छह महिलाएं, दो पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं।



इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इटियाथोक थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में सवार श्रद्धालु मोतीगंज थाना क्षेत्र के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बेंगलुरु की येलो लाइन मेट्रो सेवा का 10 को उद्घाटन करेंगे मोदी

### परियोजना से दक्षिण बेंगलुरु में लगभग 25 लाख लोगों को लाभ होगा

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता तेजस्वी सूर्या ने रविवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 अगस्त को बेंगलुरु आएंगे और येलो लाइन मेट्रो सेवा का उद्घाटन करेंगे। सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री मेट्रो फेज-3 की आधारशिला भी रखेंगे। सूर्या ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का 10 अगस्त को बेंगलुरु दौरा बेंगलुरु दक्षिण के लिए ऐतिहासिक होगा।

सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी न केवल लंबे समय से प्रतीक्षित येलो लाइन मेट्रो परिचालन का उद्घाटन करेंगे, बल्कि मेट्रो फेज- 3 की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से दक्षिण बेंगलुरु में लगभग 25 लाख लोगों को लाभ होगा। सांसद सूर्या ने कहा कि 10 अगस्त को इसका उद्घाटन होने से येलो





लाइन मेट्रो परियोजना 15 अगस्त की समयसीमा में पूरी हो जाएगी। सूर्या ने कहा कि ऐसा इसलिए हो सका क्योंकि मोदी व्यक्तिगत रूप से इस बात पर जोर दे रहे थे कि इसे बिना किसी देरी के जनता के लिए खोल दिया जाना चाहिए। सूर्या ने केंद्रीय शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर के पोस्ट का हवाला दिया। खट्टर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने 10 अगस्त 2025 को बेंगलुरु मेट्रो की 19.15 किलोमीटर लंबी येलो लाइन (आरवी रोड से बोम्मासांद्रा तक, जिसमें 16 स्टेशन हैं और जिसकी लागत 5,056.99 करोड़ रुपये है) का उद्घाटन करने और बेंगलुरु फेज-3 के 44.65 किलोमीटर लंबी लाइन (जिसकी लागत 15,611 करोड़ रुपये है) की आधारशिला रखने पर सहमति व्यक्त की है।

संक्षेप

### रूसी तेल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन हमला

मॉस्को। रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची के निकट एक तेल डिपो पर यूक्रेन के ड्रोन हमले से भीषण आग लग गई। रूसी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने टेलीग्राम पर बताया कि एक ड्रोन का मलबा गिरने से ईंधन टैंक में भीषण आग लग गयी, जिसे बुझाने के लिए 120 से अधिक दमकलकर्मी जुट गये। सोशल मीडिया पर सामने आए इस घटना के वीडियो में तेल डिपो के ऊपर से धुएं के विशाल गुबार उठते दिखाई दिए। रूस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण, रोसावियात्सिया ने सोची हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया है। वोरोनिश क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रविवार रात तक रूस और काला सागर के ऊपर से 93 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। इस बीच, दक्षिणी यूक्रेन में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 2017 से पहले पुलिस भर्ती में था भाई-भतीजावाद

### कानून व्यवस्था पर पड़ता था विपरीत असर: योगी



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वर्ष 2017 से पहले पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद होता था और उसका सीधा असर राज्य की कानून-व्यवस्था पर पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान योगी ने चयनित कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में होने वाली भर्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद हावी था। उस दौरान पैसों के लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा। इससे दंगे, अराजकता, गुंडागर्दी, आतंकी घटनाएं बढ़ गयीं और जनता में असुरक्षा का माहौल बन गया। घटनायें गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी अयोध्या, काशी और लखनऊ की कचहरी में हमले होते थे तो कभी आतंकी हमले, एक बार सीआरपीएफ कैंप रामपुर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर लगायें एनएसए और गैंगस्टर एक्ट : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तमाम जिलों में ड्रोन से नदियों और गांवों की मैपिंग के बीच अराजकतत्वों की ओर से अनधिकृत ड्रोन से दहशत और अफवाहें फैलाने की घटनाओं पर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। साथ ही अगर जरूरत हो तो ऐसे अपराधियों पर एनएसए लगाया जाए।

उन्होंने प्रदेश में ड्रोन संचालन पर सख्ती करने के निर्देश दिए और कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ कतई स्वीकार नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश रविवार को अपने आवास पर हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना अनुमति ड्रोन संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध है। बिना अनुमति के ड्रोन चलान वाले दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। नदियों के पुनरोद्धार और गांवों में आबादी, कृषि भूमि आदि की जीओ टैगिंग के लिए राज्य के तमाम जिलों में ड्रोन से कई कंपनियां सर्वे कार्य करा रहीं हैं। इसी बीच अराजक तत्वों ने बीते माह से अफवाहे फैलानी शुरू कर दी, फिर पुलिस-प्रशासन ने स्थितियां साफ की, तो कई ऐसे मामले सामने आए कि रात में ड्रोन उड़ाकर कुछ अराजक तत्व दहशत फैला रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी खूब अफवाहें उड़ने लगी। इसके बाद हाल ही में डीजीपी ने सभी निजी ड्रोन धारकों के थाने में रजिस्टर बनवाकर इंट्री अनिवार्य करा दी। फिर भी अफवाह व दहशत फैलाने का सिलसिला थमा नहीं तो, इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गंभीरता से लिया। सख्त निर्देश जारी किए। साथ, ही कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में पुलिस- ...शेष पृष्ठ 14 पर

## निर्वाचन आयोग ने तेजस्वी को ईपीआईसी कार्ड सौंपने को कहा






एजेंसी

पटना। निर्वाचन आयोग ने रविवार को राजद नेता तेजस्वी यादव से उस मतदाता पहचान पत्र को जांच के लिए सौंपने को कहा, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया था कि वह उनके पास है, जबकि वह आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया था।

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता ने शनिवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटर पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर के साथ एक ऑनलाइन सर्च का प्रदर्शन किया था, जिसमें दावा किया गया था कि उनका नाम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के हिस्से के रूप में प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में गायब है और संबंधित अधिकारियों द्वारा खंडन किए जाने पर उन्होंने आरोप लगाया कि उनका मतदाता पहचान पत्र नंबर बदला हुआ था। पूर्व उपमुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में पटना सदर के अनुविभागीय मजिस्ट्रेट सह दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने कहा कि हमारी प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दो अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आपने जिस ईपीआईसी नंबर का ज़िक्र किया था, वह आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया गया था। इसलिए आपसे अनुरोध है कि विस्तृत जांच के लिए ईपीआईसी कार्ड की मूल प्रति हमें सौंप दें।

### बांग्लादेश : हसीना के खिलाफ मुकदमा शुरू

ढाका। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने रविवार को 2024 के छात्र आंदोलन के हिंसक दमन से संबंधित मानवता के खिलाफ अपराधों पर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू किया। अंतरिम सरकार द्वारा नियुक्त मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने अपनी शुरुआती दलीलों में हसीना को सभी अपराधों का केंद्र बताया तथा अधिकतम सजा का अनुरोध किया। अभियोजन पक्ष ने हसीना के दो शीर्ष सहयोगियों - पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को भी मामले में सह-आरोपी बनाया है। हसीना और कमाल पर उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा चल रहा है।

## यूपी के 17 जिलों के 400 गांव बाढ़ की चपेट में

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 17 जिलों के 400 से ज्यादा गांव इस वक्त बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने रविवार को बताया कि राज्य के 17 जिलों में 37 तहसीलों के 402 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और उनमें रहने वाले 84 हजार 392 लोगों की जिंदगी पर असर पड़ा है।



राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबलरी (पीएसी) के कर्मियों द्वारा निरंतर गश्त के साथ राहत और बचाव कार्य जोरों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि बाढ़ से प्रभावित जिलों में कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। गोस्वामी के मुताबिक बाढ़ से अब तक 343 घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 4,015 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि भी प्रभावित हुई है। बाढ़ से परेशान लोगों तक 493 नावों और मोटरबोटों के जरिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों की मदद के लिए अब तक खाद्य पदार्थों के 76 हजार 632 पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, प्रभावित लोगों को ताजा भोजन उपलब्ध कराने के लिए 29 सामुदायिक रसोइयां (लंगर) स्थापित की गयी हैं। गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में कुल 905 बाढ़ आश्रय स्थल बनाये गये हैं जिनमें 11 हजार 248 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रणाली से युवाओं को मिल रहा है रोजगार

### चयनित अभ्यर्थी ईमानदारी, निष्ठा, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा से करें कार्य: धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सिंचाई विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित 144 अभ्यर्थियों एवं उत्तराखण्ड परिवहन निगम में मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत 43 पात्र आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरिण समारोह में व्यक्त किए। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने कुल 187 विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों / आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।



सीएम ने चयनित अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी युवा ईमानदारी, निष्ठा, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने लंबे समय से लंबित दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को भी नियुक्तियां देने का काम किया है। बीते वर्ष 150 आश्रितों और आज शेष 43 पात्र आश्रितों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया राज्य सरकार के प्रयासों से 2024 में निगम ने रिकॉर्ड 56 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भर्तियां पूरी पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनके कौशल और परिश्रम का पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया बीते साढ़े 3 वर्ष में प्रदेश के 23 हजार से अधिक युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है। अब भ्रष्टाचार के मामलों में किसी को नहीं छोड़ा जाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने भी प्रदेशवासियों से स्वदेशी और लोकल उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा संकल्प और भी सशक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा देवभूमि उत्तराखंड,प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार करने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

**बाबू जी ने अपने कार्यकाल में पेश की कौमी एकता की मिसाल : विराज सागर दास**

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास गुप्ता की 40वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू बनारसी दास गुप्ता की 40 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर बाबू जी के परिजनों समर्थकों व अनुयायियों की मौजूदगी में 55, पुराना किला स्थित कोठी में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बीबीडी परिवार के सदस्यों ने बाबू जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर न केवल उन्हें याद किया बल्कि उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। शिक्षा एवं खेल जगत के प्रमुख लोगों ने भी बाबू बनारसी दास की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास ने बाबू बनारसी दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



अर्पित करते हुए नमन किया। बाबू जी के सुपुत्र व बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के अधिशासी निदेशक आरके अग्रवाल ने पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। पुण्यतिथि के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास के सुपौत्र व बीबीडी ग्रुप एवं डॉ. अखिलेश दास फाउण्डेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ.प्र. बैडमिन्टन एसोसिएशन व यू.पी. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने बाबूजी की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि 28 फरवरी 1979 को बाबू जी उ.प्र. के मुख्यमंत्री बने और 18 फरवरी 1980 तक उन्होंने प्रदेश की बागडोर संभाली। इस छोटे से कार्यकाल में उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में, राज्य के कर्मचारियों, कानून व्यवस्था, सहकारिता, भाषा व कौमी एकता की जो अनूठी मिसाल कायम की, वह आज भी प्रासंगिक है। बीबीडी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने पैराग्लाइडर, ड्रोन पर प्रतिबंध लगाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह ने स्वतंत्रता दिवस से संबंधित सुरक्षा तैयारियों के मद्देनजर दो अगस्त से 16 अगस्त तक राष्ट्रीय राजधानी के आसमान में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हैंग-ग्लाइडर और हॉट एयर बैलून आदि उड़ाने पर पाबंदी लगा दी है।



आदेश के अनुसार, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर, हैंग-ग्लाइडर, ड्रोन, माइक्रोलाइट विमान, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के पावर्ड वायुयान, क्वाडकॉप्टर जैसे हवाई उपकरणों को उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि ऐसे हवाई उपकरण 15 अगस्त के आसपास की अवधि के दौरान दिल्ली में जन सुरक्षा, विशिष्ट व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। दिल्ली के नए पुलिस आयुक्त के रूप में सिंह का यह पहला आदेश है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 29.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- सावन के सोमवार को होगा बाबा विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार (पृष्ठ-02)
- 'अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना' शुरू करने की मांग (पृष्ठ-02)
- कपड़ा मंत्रालय उद्योग जगत के शीर्ष लोगों से करेगा मुलाकात (पृष्ठ-14)
- सोयाबीन तिलहन में सुधार, बाकी में गिरावट (पृष्ठ-14)
- कंपनियों में सात का बाजार मूल्यांकन 1.35 लाख करोड़ घटा (पृष्ठ-14)

# मालेगांव मामले में साजिशें बेनकाब, देश विरोधी ताकतों की ढाल बन रही कांग्रेस : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक रविवार को राजधानी लखनऊ में स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, हर घर तिरंगा अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक ऋतुराज सिन्हा, राष्ट्रीय संयोजक चुनाव संपर्क विभाग के ओम पाठक की मौजूदगी में हुई बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान सहित अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय संयोजक व सहसंयोजक, विधायक, एमएलसी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला संयोजक व सहसंयोजक, प्रदेश आईटी संयोजक, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक, प्रदेश मीडिया प्रभारी व सहप्रभारी सम्मिलित हुए।

- **सीएम ने दिया हर घर तिरंगा अभियान और हर हाथ में स्वदेशी उत्पाद का मंत्र**
- **इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में संपन्न हुई भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक**




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराने का आयोजन नहीं, बल्कि जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का जनआंदोलन है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लगातार चौथी बार शुरू हुआ है और इसने राष्ट्र चेतना को सशक्त अभिव्यक्ति दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान और हर हाथ में स्वदेशी उत्पाद का मंत्र, आत्मनिर्भर भारत की भावना को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़कर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, उसके साथ सेल्फी लें, लोगों को इससे जोड़ें और ओडीओपी जैसे स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर स्थानीय शिल्प को प्रोत्साहन दें। यह भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करके ब्लैकमेल करने वालों को करारा उत्तर देने का सबसे सशक्त तरीका है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मालेगांव मामले में जैसे ही सत्य सामने आया, कांग्रेस की साजिशें बेनकाब हो गईं। जिन्होंने भगवा को आतंक का प्रतीक बताकर देश की आस्था को कलंकित किया, उनका चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व पर दुष्प्रचार कर विपक्ष देशविरोधी ताकतों की ढाल बनने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि यह कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक जिम्मेदारी भी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि उसके बूथ की मतदाता सूची में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को जोड़ना संगठनात्मक परिपक्वता का परिचायक है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राष्ट्रभक्ति की एक सशक्त जन-अभिव्यक्ति बन चुका है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र के प्रति गौरव, आस्था और उत्तरदायित्व की भावना को जाग्रत करने का अभियान है। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि जब भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए दिन-रात काम कर रही है, तब विपक्ष केवल झूठ और नकारात्मकता फैलाने में जुटा है। लेकिन प्रदेश की जागरूक जनता हर बार उन्हें नकार चुकी है और आज तिरंगे के साथ खड़े होकर नए भारत और नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में भागीदार बन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरी सकारात्मकता और निष्ठा के साथ जुटें।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति की जनक्रांति है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से जन-जन को तिरंगे के प्रति श्रद्धा, निष्ठा और आत्मगौरव से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस चेतना को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाए, ताकि तिरंगा केवल घरों पर नहीं, हर मन में लहराए। श्री मौर्य ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल सरकार की पहल नहीं, बल्कि जनता की भावनाओं का स्वाभाविक प्रकटीकरण बन गया है। भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को लोकतंत्र की शक्ति और सामाजिक चेतना से जोड़कर एक ऐसे सशक्त भारत की नींव रखें, जो संविधान की मयार्दाओं और तिरंगे के गौरव को सर्वोपरि मानता है। यही राष्ट्रधर्म है और यही विजय का मार्ग भी। श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सिर्फ चुनावी राजनीति नहीं करता, वह लोकतंत्र का सच्चा प्रहरी होता है। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में एक-एक कार्यकर्ता को यह संकल्प लेना चाहिए कि हर मतदाता तक पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को भी पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि ह्यमेरा बूथ, सबसे मजबूतह्व हर मतदाता तक पहुंच, हर नाम शामिल हो, यही संकल्प और प्रतिबद्धता हमें आगामी चुनावों में विजय की ओर अग्रसर करेगी।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवंत करने का राष्ट्रीय पर्व है। यह केवल झंडा फहराने तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, एकता और स्वाभिमान को हर घर तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज भारत और उत्तर प्रदेश आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर वैश्विक पहचान बना रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल संगठन का प्रतिनिधि नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की चेतना का संवाहक होता है। हर घर तिरंगा अभियान को हर गांव एवं शहर तक ले जाकर कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि भारत की आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगा हर नागरिक के मन और घर में स्थापित हो।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगाअभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रचेतना की दूरदर्शी पहल है, जिसे कार्यकर्ता जनांदोलन में बदल दें। उन्होंने कहा कि संगठन की रीढ़ बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख हैं, जिनके नेतृत्व में हर मतदाता तक पहुंचने और हर अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव लड़ने वाला दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की शक्तिशाली संस्था है। कार्यकर्ता राष्ट्रप्रेम की भावना को घर-घर पहुंचाएं और तिरंगे को केवल प्रतीक नहीं, संकल्प का स्वरूप बनाएं। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाये। इन कार्यक्रमों में युवा मोर्चा व महिला मोर्चा की कार्यकताओं की प्रमुख भूमिका होनी चाहिए। स्वच्छता अभियान के उपरान्त सभी स्थानों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाये। उन्होंने कहा आगामी 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना पार्टी कार्यकर्ता द्वारा सुनिश्चित किया जाए। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सभी जिलों में मौन जुलूस निकालकर प्रभावित लोगों से भेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए।हर-घर तिरंगा अभियान के राष्ट्रीय सह संयोजक व पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे हर घर तिरंगा अभियान को घर-घर तक पहुंचाकर देशभक्ति की भावना को जागृत करें और समाज को एकता, समरसता और सशक्त भारत के संदेश से जोड़ें।

# योगी सरकार में निष्पक्ष भर्तियों से अभ्यर्थियों में जागा नया विश्वास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में युवाओं के सपनों को पंख लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,374 सहायक परिचालकों और 120 कर्मशाला कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह भर्ती प्रक्रिया न सिर्फ तेज और समयबद्ध रही, बल्कि पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष भी साबित हुई। चयनित अभ्यर्थियों ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया और माना कि सीएम योगी के शासन में हर योग्य को उसकी मेहनत का फल मिल रहा है। यह भर्ती उस ऐतिहासिक सिलसिले की अगली कड़ी है जिसमें हाल ही में 60,244 आरक्षियों की भर्ती पूरी पारदर्शिता से सम्पन्न हुई थी। अब सहायक परिचालकों और कर्मशाला कर्मचारियों की नियुक्ति ने प्रदेश में भर्ती = योग्यता + पारदर्शिता के नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

**योग्यता को मिल रहा पुरस्कार :** शाहजहांपुर की संध्या सिंह, जिन्हें सहायक परिचालक के पद पर नियुक्ति मिली है, ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि इस पारदर्शी प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार जताती हूं। संध्या मानती हैं कि इस पद तक उनकी यात्रा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता को प्राथमिकता दिए जाने के कारण सफल रही है। इसी तरह, लखनऊ डालीगंज के ब्रजेश कुमार वाल्मीकि ने कहा कि यह भर्ती निष्पक्षता की प्रतीक रही है। मुख्यमंत्री योगी का ही नेतृत्व है, जो आज प्रदेश में योग्य युवाओं को उनकी मेहनत का सच्चा पुरस्कार मिल रहा है।

- **अभ्यर्थियों ने माना, सीएम योगी के शासन में हर योग्य को मिल रहा हक, हर मेहनत को मिल रहा फल**
- **भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मिसाल बनी सहायक परिचालक की नियुक्ति, अभ्यर्थियों ने जताया आभार**

**अब जाया नहीं जाती मेहनत :** कृष्णानगर, लखनऊ की वैशाली गुप्ता भी इस नियुक्ति से अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यह सिद्ध किया है कि अब यूपी में मेहनत कभी जाया नहीं जाती। हर योग्य को अब अवसर मिल रहा है। वहीं, मुजफ्फरनगर की कंचन सैनी ने इसे डबल उपलब्धि करार देते हुए कहा कि पहले महिला कांस्टेबल और अब सहायक परिचालक ये दोनों नियुक्तियां मेरे लिए गर्व की बात हैं और मैं इसके लिए सीएम योगी की आभारी हूं। यह प्रमाण है कि सीएम योगी के नेतृत्व में हर योग्य अभ्यर्थी को उसके लक्ष्य को हासिल करने करने के लिए बल मिल रहा है। किसी तरह का कोई दबाव नहीं है।

**प्रदेश सरकार के प्रयासों से साकार हुआ सपना :** सहारनपुर की कुं अंजुम परवीन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है और भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता इसका सटीक उदाहरण है। इसके लिए मुख्यमंत्री का तहेदिल से शुक्रिया अदा करती हूं। दूसरी तरफ, कार्यशाला कर्मचारी के पद पर चयनित अलीगढ़ के भूपेंद्र सिंह ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि हमारी वर्षों की मेहनत आज सफल हुई है और यह सबकुछ प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही संभव हो सका है।

# सावन के सोमवार को होगा बाबा विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार

विशेष संवाददाता (vol)

**वाराणसी।** श्रावण मास के चतुर्थ और अंतिम सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ का भव्य रुद्राक्ष श्रृंगार होगा। महादेव के भक्त बाबा के इस अलौकिक स्वरूप का दिव्य दर्शन कर सकेंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन माह के हर सोमवार को देवाधिदेव महादेव के अलग-अलग स्वरूप का विशेष श्रृंगार किया जाता है। आज श्रावण माह का चौथा सोमवार है। बाबा हर सोमवार को अपने अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। योगी सरकार श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुविधा और सुगम दर्शन का पूरा ध्यान रख रही है। वहीं योगी सरकार ने गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने श्रावण मास में भक्तों और कावड़ियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किया है। श्रावण औघड़दानी का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। श्रावण मास के सोमवार को बाबा के दर्शन का विशेष फल व पुण्य मिलता है। बीते तीनों सोमवार को देवाधिदेव महादेव बाबा विश्वनाथ के विभिन्न स्वरूप का दर्शन पाकर भक्तों को दिव्य अनुभूति हुई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि शिव भक्त सावन के चौथे सोमवार को बाबा का विशेष स्वरूप में दर्शन पाएंगे। चौथे सोमवार को देवाधिदेव महादेव का सायंकालीन रुद्राक्ष श्रृंगार आरती किया जाएगा। महादेव में अटूट आस्था की कतार रात से ही सड़कों पर दिखने लगी। श्रावण मास में हर सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष श्रृंगार और पूजन की परंपरा रही है, जो भक्तों के लिए अत्यंत पुण्य फलदायी और दुर्लभ अवसर होता है। श्रावण मास में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पिछले तीन सोमवार को बाबा विश्वनाथ का अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार हो चुका है। पहले सोमवार को चल प्रतिमा स्वरूप, दूसरे सोमवार को गौरी शंकर (शंकर पार्वती ) स्वरूप, तीसरे सोमवार को अर्धनारीश्वर स्वरूप का श्रृंगार हो चुका है। श्रावण के पूर्णिमा 9 अगस्त को बाबा का पूर्णिमा वार्षिक झूला श्रृंगार होगा।सड़क से लगायत बाबा दरबार तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के जबरदस्त इंतजाम है।

- **श्रावण मास के चतुर्थ और अंतिम सोमवार को काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ का होगा भव्य रुद्राक्ष का श्रृंगार**
- **बाबा के इस अलौकिक स्वरूप का भक्त करेंगे दिव्य दर्शन**



# भाजपा पर दबाव बनाने में जुटे राजभर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अब नए समीकरण के तहत भारतीय जनता पार्टी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इसके संकेत उस समय मिलने शुरू हो गए जब उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी के साथ गठबंधन नहीं हुआ तो सारे विकल्प खुले हुए हैं।

- **बिहार चुनाव से पहले तीसरा मोर्चा बनाने के संकेत देकर अपनी राजनीतिक ताकत फिर से दिखानी शुरू की**

दरअसल, भाजपा की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने बिहार चुनाव लड़ने के लिए गैर-भाजपा दलों के साथ तीसरा मोर्चा बनाने के संकेत देकर अपनी राजनीतिक ताकत फिर से दिखानी शुरू कर दी है। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी चीफ ओम प्रकाश राजभर ने बड़ा बयान दिया है। राजभर ने कहा कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ सीटों के बंटवारे पर बात नहीं बनती है, तो



उनकी पार्टी आगामी बिहार चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने के लिए तैयार है। राजभर ने इंडिया गठबंधन को लेकर भी रुख साफ कर दिया है। उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री राजभर ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता राजग के साथ गठबंधन के तहत चुनाव लड़ना है। बातचीत लगभग 70 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है और 30 प्रतिशत बाकी है। उन्होंने कहा, कि हालांकि, हम दूसरे विकल्प की भी तैयारी कर रहे हैं। अगर बिहार के कुछ नेताओं के दबाव के कारण कोई समझौता नहीं हो पाता है, तो हम स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राजभर ने साफ किया कि उनकी पार्टी 'इंडिया गठबंधन' में शामिल नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि कई पार्टियां इंडिया गठबंधन में सीधे तौर पर शामिल नहीं हैं और उनमें से कुछ के साथ बातचीत जारी है। अगर भाजपा के साथ बातचीत सफल नहीं होती है, तो हम एक अलग मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेंगे। हम 156 सीटों पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी विदेश यात्रा करते हैं, तो वह भारत की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हैं और चुनाव आयोग पर हमला करते हैं।

# भाजपा सरकार में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर बजट का जमकर बंदरबांट किया है। राजधानी लखनऊ समेत भाजपा सरकार द्वारा घोषित स्मार्ट शहरों का बुरा हाल है। जगह-जगह गड्ढे है। गड्ढ़ों में पानी और जलभराव से लोगों का जनजीवन खतरे में है।



नालों में गिर कर लोगों की मौंते हो रही है। प्रयागराज में 20 हजार करोड़ खर्च करने के बाद प्रयागवासियों को जलभराव के सिवा और क्या मिला है? भ्रष्टाचार के गहरे गड्ढ़ों में भरा पानी भाजपाई घपलों-घोटालों के गोरखधंधे का भंडाफोड़ करता है।अखिलेश यादव ने कहा कि स्मार्ट सिटी की संकल्पना पर पानी फेरने वाले भाजपाई अपनी नाव लेकर कहां गायब हो गये है? प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ की विस्फोटक स्थिति है। प्रयागराज से लेकर वाराणसी तक हजारों लोगों के घरों में पानी भरा है। बाढ़ से निपटने और बचाव तथा राहत के लिए सरकार की पहले से कोई तैयारी नहीं है। जनता बेहाल है। भाजपा सरकार के इंजन जनहित में कार्य करने के बजाय अपने-अपने स्वार्थ साधने में लगे है।

# 'अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना' शुरू करने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर यूपी में 'अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना' शुरू करने की मांग की है।

अपने पत्र में श्री चौधरी ने कहा है कि लोगों की डॉ. अम्बेडकर के प्रति सम्मान और अगाध प्रेम की भावना ने उनके जीवन से जुड़े स्थलों को तीर्थस्थल बना दिया है।

- **केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी को लिखा पत्र**

सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से ये तीर्थस्थल अब एक शानदार भ्रमण स्थल के साथ-साथ प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित हो चुके है। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए इन स्थलों का दर्शन अब भी व्यवहार्य नहीं है। इसलिए उनकी सहायता के लिए 'अंबेडकर तीर्थ स्थल यात्रा योजना' नाम से एक योजना शुरू अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों के दर्शन और भ्रमण को लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सकता है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि



इस योजना के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थों (महू जन्मभूमि, लंदन-शिक्षा भूमि, दिल्ली-महापरिनिर्वाण स्थल, नागपुर-दीक्षा भूमि और मुंबई-चैत्य भूमि) के भ्रमण का प्रावधान किया जा सकता है। यह यात्रा पूरी तरह से निशुल्क होगी ताकि धन संबंधी कठिनाईयों के कारण कोई व्यक्ति दर्शन के अवसर से वंचित न रहे। इसके लिए एक पारदर्शी और सरल चयन प्रक्रिया विकसित की जा सकती है जिसमें आयु योग्यता और अन्य सामाजिक मानदंडों को ध्यान में रखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस योजना से लोगों में अपनी विरासत के प्रति गहरा सम्मान व लगाव पैदा होगा और उन्हें डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतो और समतामूलक समाज के निर्माण में उनके दूरदर्शी विचारों को समझने में मदद मिलेगी। यह योजना न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगी बल्कि डॉ. अंबेडकर के सपनों को साकार करने की दिशा में ठोस प्रयास सिद्ध होगा, साथ ही यह बाबा साहेब के लिए सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। पत्र में उन्होंने यह भी लिखा कि यूपी देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य होने के साथ-साथ सामाजिक-राजनीतिक चेतना का महत्वपूर्ण केन्द्र है।

# आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन कल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में 5 अगस्त को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं, जो विभिन्न पदों पर चयन के लिए युवाओं को अवसर प्रदान करेंगी।

आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में बेसमेट इंडिया लि.,श्रीराम पिस्टोन एंड रिंगस लि.,लाल पैथलैब्स औरश्रीराम लाइफ इंयोरेंस लि. जैसी प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग ले रही हैं।

प्लेसमेंट ड्राइव में चयन हेतु विवरण इस प्रकार है-

बेसमेट इंडिया लि. मथुरा में आईटीआई पास (फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन आदि ट्रेड) 18 से 24 वर्ष आयु के पुरुष अभ्यर्थियों को जूनियर एसोसिएट पद पर चयनित करेगी। प्रशिक्षण के दौरान 11,500 रूपए वेतन एवं दीपावली बोनस 617 रूपए मिलेगा। प्रशिक्षण पश्चात 18,796 रूपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। श्रीराम पिस्टोन एंड

- **युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में मिलेगा रोजगार का अवसर**
- **प्लेसमेंट ड्राइव में बेसमेट इंडिया लि.,श्रीराम पिस्टोन एंड रिंगस लि.,लाल पैथलैब्स औरश्रीराम लाइफ इंयोरेंस लि. जैसी प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग ले रही हैं**

रिंगस लि., भिवाड़ी (राजस्थान) में 18 से 30 वर्ष के पुरुष अभ्यर्थियों को ऑपरेटर पद के लिए नियुक्त किया जाएगा। 12वीं पीसीएमअथवा आईटीआई पास अभ्यर्थी पात्र होंगे। आईटीआई पास अभ्यर्थियों को 13,513 रूपए एवं 12वीं पास को 13,213 रूपए मासिक वेतन दिया जाएगा। कुल 200 पद उपलब्ध हैं।

लाल पैथलैब्स द्वारा फील्ड आधारित फ्लेबोटोमिस्ट पद पर 18 से 30 वर्ष के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों को चयनित किया जाएगा। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 12वीं विज्ञान वर्ग से उत्तीर्ण है। वेतन 10,000 से 15,000 रूपए तक होगा। कुल 10 पद हैं। श्रीराम लाइफ इंयोरेंस लि. लखनऊ द्वारा विकास अधिकारी पद हेतु 12वीं अथवा स्नातक पास 18 से 35 वर्ष आयु के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इस पद पर 18,000 रूपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। कुल 50 पद उपलब्ध हैं।आईटीआई अलीगंज के प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खान ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में निर्धारित तिथि पर प्रातः समय से पहुँचें तथा अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ प्रतिभाग करें। यह प्लेसमेंट ड्राइव युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# बलिया के सेवादास धाम मंदिर और रामलीला मैदान का होगा विकास

विशेष संवाददाता (vol)


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रदेश के प्राचीन मंदिरों के आसपास पर्यटक सुविधाओं के विकास और सौंदर्यीकरण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम

- **बलिया में पर्यटन को मिलेगी नयी ऊंचाई : जयवीर सिंह**

(यूपीएसटीडीसी) बलिया के तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों के समग्र विकास पर अग्रसर है। विकास योजनाओं पर 163.53 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इन परियोजनाओं का उद्देश्य मंदिरों की भव्यता को पुनर्स्थापित कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में घरेलू पर्यटन का केंद्र बनकर उभरा है। हाल के वर्षों में राज्य में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अयोध्या, काशी, मथुरा और प्रयागराज जैसे तीर्थ स्थल श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आगंतुकों का रुझान प्रदेश के नए गंतव्यों की ओर भी है। बलिया ऐसे ही टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक है, जहां मंदिरों सहित पर्यटन स्थलों की वृहद श्रृंखला है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार बलिया जिले के सेवादास धाम मंदिर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 60.60 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराएगी। इस योजना के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और धार्मिक पर्यटकों के लिए आकर्षक निर्माण कार्य किए जाएंगे। योजना अंतर्गत मंदिर परिसर का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिसमें आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, विश्राम स्थल जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण शामिल है। साथ ही, धार्मिक पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण को भी सुदृढ़



किया जाएगा। ज्ञात हो, बलिया का सेवादास धाम मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है।

जयवीर सिंह ने बताया कि बलिया जनपदवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूर्ण होने जा रही है। नगर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल रामलीला मैदान का सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। इस कार्य पर 34.23 लाख रुपए की लागत आएगी। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र रहा यह मैदान अब नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा, जिससे न केवल शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी यह स्थल महत्वपूर्ण बनेगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड बांसडीह की ग्राम सभा मारीटर स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य किया जा रहा है। विभागीय योजना के तहत इस पर 68.70 लाख रुपए की लागत आएगी। इससे न केवल मंदिर क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। योजना अंतर्गत मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार, श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे न केवल स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इस तरह के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है। अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे तीर्थ स्थल प्रमुख आकर्षण केंद्र बने हुए हैं। ह्यस्पिरिचुअल ट्रायंगलह्व ने देश-विदेश के पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित किया है। राज्य सरकार पर्यटन विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बलिया समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण और अल्पज्ञात स्थलों के विकास के माध्यम से प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

संक्षेप

## शिव मंदिर में चोरी करते तीन नाबालिग गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर के पौराणिक शिव मंदिर में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मंदिर परिसर से ही तीन नाबालिग चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया। जिन्हें तुरंत नीलकंठ मैदान स्थित पुलिस चैकी लाकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में तीनों किशोरों ने अपने अपराध को कबूल कर लिया है। पकड़े गए चोरों की उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पूछताछ में यह बात सामने आई कि चुराए गए रुपये व अन्य सामान को वे अपने माता-पिता से छिपाकर घरों में अलग-अलग स्थानों पर रखते थे। पुलिस को यह भी आशंका है कि घटना स्थल से कई पर्स चोरी हुए हैं। जिनकी पहचान के लिए मंदिर परिसर की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से मंदिर परिसर में संदिग्ध गतिविधियां देखी जा रही थीं। चोरी की शिकायत के बाद क्षेत्रीय पुलिस ने सतर्कता बढ़ाई और बीती रात सादी वर्दी में तैनात जवानों की मदद से तीनों किशोरों को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। नगरवासियों का कहना है कि धार्मिक स्थल पर ऐसी घटनाएं निंदनीय हैं और पुलिस को सतर्कता के साथ निगरानी बढ़ानी चाहिए।

## केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने दी श्रद्धांजलि

शाहजहांपुर /उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना की भाभी श्रीमती सरला खन्ना के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद आज शाहजहांपुर स्थित खन्ना के आवास पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## लापता युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव हरिहरपुर मजरा दिलावरपुर में लापता युवक एक पेड़ पर लटकते हुए मिलने से हड़कंप मच गया परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारकर कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। गांव हरिहरपुर निवासी मृतक के पिता रामसनेही ने बताया उसका पुत्र पुनीत 21 वर्षीय शनिवार को खेत से खीरा तोड़कर बिक्री करने गया था वापस दोपहर बाद घर आया और बाइक लेकर अचानक चला गया देर रात तक वापस न आने पर तलाश शुरू की जानकारी नहीं मिली रविवार को 10 बजे करीब गांव के पूरब एक पेड़ पर गमछे के फंदे से अधिक ऊंचाई पर लटकते हुए मिला वहीं बाइक मौके से 100 मीटर दूर खड़ी मिली थी। जिससे हत्या की आशंका जताई है। लड़की पक्ष के लोगों ने सुलह समझौता से इनकार कर दिया था। मृतक के पिता ने बताया उसके पुत्र पर पांच वर्ष पूर्व गांव की एक लड़की ने झूठा दुष्कर्म का केस दर्ज करा दिया जिसमें जेल जाना पड़ा था केस में उसे जमानत मिल गई थी। केस अंतिम सुनवाई में चल रहा था सजा होने के डर से मानसिक परेशान रहता था। निरीक्षक इंद्रजीत सिंह के अनुसार पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# छोटी काशी का भूतनाथ मेला आज, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) छोटी काशी में आज लगने वाले भूतनाथ मेले के लिए कांवरियों के दर्जनों जत्थों को जमाववाडा रविवार से शुरू हो गया था। इस दिन श्रद्धालु पौराणिक मंदिर में जलाभिषेक के बाद भूतनाथ मंदिर के दर्शन करते है और भूतनाथ के कुंए में झांकर मनौती मांगते है। जिसके लिए छोटी काशी में लाखों कांवरियों की भीड जमा हो जाती है। बस, ट्रक, निजी वाहनों और पैदल आने वाले कांवरियों की भीड तथा आस पास के ग्रामीणों के मंदिर आने की वजह से नगर में तिल रखने की जगह नहीं बचती है। देर रात लाखों कांवरियों ने छोटी काशी में पहुंचकर अपनी आमद दर्ज करा दी है। इस भूतनाथ मेले की भीड देखते हुए प्रशासन व पुलिस ने अपनी कमर कसते हुए शहर की सीमाओं व मंदिर के आस पास भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

नागपंचमी के बाद पडने वाले सोमवार को भूतनाथ का विशाल मेला लगता है। इस मेले में लाखों की संख्या में भीड जुटती है। जिसकी शुरूआत रविवार से ही हो गई है, शहर में प्रवेश करने वाले लखीमपुर रोड, मोहम्मदी रोड, खुटार रोड सभी पर पैदल, वाहनों आदि से आने वाले कांवरियों और श्रद्धालुओं की कतारें चलती आ रही है। जिनमें तीन साल के बच्चों से लेकर साठ साल के वृद्ध, युवा अधेड सभी शामिल हैं। इस लगने वाले भूतनाथ मेले की अपनी प्रसिद्धि है इस दिन श्रद्धालु प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक करते है उसके बाद एक किमी दूर भूतनाथ मंदिर के दर्शन करते हैं। जिसके बाद कुंए में झांकते हुए हू हू कर आवाज निकाल कर अपनी मनौती मांगते है। कहते हैं कि इन तीनों स्थानों के दर्शन और कुंए में झांकने के बाद हर कठिन मनौती भी पूरी हो जाती है। कुंए के बारे में मान्यता है कि गोकर्णनाम का चरवाहा रावण से बचने के लिए इसी कुंए में कूदा था जिसे भोलेनाथ ने लागों की मनौती पूरी करने की शक्ति प्रदान की थी। यही नही पास की झाडियों में दूर दूर के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग विवाह और संतानोत्पत्ति की कामना के साथ झाडों में गांठ बांधते है और मनोकामना पूरी होने पर अगली बार आकर इसे खोलते है। भूतनाथ मेले में इस कुंए के दर्शन करने से ही तीर्थयात्रा का पूरा फल मिलता है और इस कारण भूतनाथ मेले में लाखों की भीड़ होती शहर में लाखों की संख्या में भीड पहुंचने के कारण रेलवे स्टेशन, धर्मशालाएं, महाविद्यालय परिसर, समेत दुकानों के बरामदे आदि किसी भी खाली स्थान पर कांवरियों ने अपना डेरा जमा लिया है।

### यह रहेगा डायवर्जन

लखीमपुर की ओर से शाहजहांपुर, खुटार व मोहम्मदी की ओर जाने वाले वाहन रिलायंस पेट्रोल पंप से मोहम्मदी बाईपास होते हुए, शाहजहांपुर, मोहम्मदी की ओर से आने वाले वाहन मोहम्मदी बाईपास चैराहा से बाया रिलायंस पेट्रोल पंप से लखीमपुर की ओर, मोहम्मदी बाईपास चैराहा से खुटार की ओर जाएंगे। खुटार से लखीमपुर, मोहम्मदी की ओर आने वाले वाहन मोहम्मदी बाईपास चैराहा रिलायंस पैट्रोल पंप बाईपास से लखीमपुर की ओर जाएंगे। वही बाबा भूतनाथ मंदिर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को नानक चौकी से त्रिलोक गिरि मार्ग होकर ले जाया जाएगा। दर्शन करने के उपरांत श्रद्धालु लखीमपुर मार्ग पर निकलेंगे।

### यह रहेगी वाहन पार्किंग

शहर में पार्किंग स्थल के लिए लखीमपुर की ओर से आने वाले वाहन पशु बाजार रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, अलीगंज की ओर से आने वाले वाहन मंडी समिति के अंदर, मिल ट्रक यार्ड के अंदर और आवश्यकता पड़ने पर खुटार मार्ग स्थित न्यू बादल सिटी में खड़े करवाए जाएंगे।

## मंडलायुक्त ने डीएम व एसपी के साथ किया निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर और बाराबंकी के मंदिर में भगदड़ के बाद छोटी काशी में सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई है।

शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने रविवार की दोपहर को मंडला आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ पौराणिक शिव मंदिर सहित, बाबा भूतनाथ मंदिर को जाने वाले मार्गो के साथ बनाए गए बैरियर भी देखें। उन्होंने अधिकारियों को कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



मंडलाआयुक्त डॉ. रोशन जैकब का काफिला लखीमपुर मार्ग पर भीड़ होने के कारण अलीगंज होकर लाया गया। प्रशासन ने अशोक चैराहा से शिव मंदिर मुख्य प्रवेश द्वार तक वेरीगेटिंग का जाल बना रखा है।

## शाहजहांपुर पहुंचे वित्त मंत्री, किया रोड और नाली निर्माण का लोकार्पण



शाहजहांपुर । वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के शाहजहांपुर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों और सांसद अरुण सागर ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने वार्ड नंबर 3 के मोहल्ला लोधीपुर में बनी सड़क और नाली का लोकार्पण किया।

इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ₹सरकार का उद्देश्य है कि हर गली, हर मोहल्ले तक विकास पहुंचे। लोधीपुर में सड़क और नाली निर्माण से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। हमारी प्राथमिकता है कि बुनियादी सुविधाएं समयबद्ध तरीके से लोगों को मिलें।₹ भाजपा पार्षद रूपेश वर्मा और मोहल्लेवासियों ने उनका स्वागत किया। मंत्री दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जिनमें एक होटल और रेस्टोरेंट का उद्घाटन भी शामिल है।

## बसंतापुर से 40 डाक कांवड़ियों का जत्था छोटी काशी गोला हुआ रवाना



धौरहरा खीरी। सावन के पवित्र माह में आखिरी सोमवार को क्षेत्र के ग्राम बसंतापुर से लगभग 40 कांवड़ियों द्वारा रविवार को सरयू नदी से जल भरकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ मंदिर के लिए रवाना हुआ। इस समय हर हाइवे, चौक और चौराहों पर कांवरियों के जत्थे भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने गोला गोकर्णनाथ पहुंच रहे हैं। इसी कडी में ग्राम बसंतापुर से लगभग 15 किमी0 तराई क्षेत्र में जालिम नगर पुल के नीचे बहने वाली घाघरा नदी से जल भरकर कांवड़ियों का जत्था रवाना हुआ। बताया जाता है कि कांवड़ियों का जत्था सिसैया चौराहा, बसडिया चौराहा और लखीमपुर होते हुए छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ पहुंच कर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा।

यह कांवर हर साल सावन माह में बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए छोटी काशी गोला जाता रहा है। बूढ़े, बच्चे और जवान सभी लगभग 95 किलोमीटर की दूरी पैदल चलकर भोलेनाथ का गोला गोकर्णनाथ का जलाभिषेक करते रहे हैं। डाक कावड़ में भाग लेने वाले शिव भक्त संतोष कुमार वर्मा, दीपेंद्र कुमार, राहुल वर्मा, अर्पित वर्मा, राम कीर्ति वर्मा, सर्वेश वर्मा, कुंज बिहारी, गोविंद विश्वकर्मा, विनीत विश्वकर्मा, अनुज वर्मा, शिवम वर्मा, अंकित कुमार, कुलदीप वर्मा आदि शिव भक्त शामिल हुए।

## ट्राली से गिरकर कांवड़िये की मौत

पिपरिया धनी, खीरी।(वीओएल) रेहरिया चौकी क्षेत्र में ट्राली से गिरकर एक कावंडिये की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शाहजहांपुर जिले के थाना गढिया रंगीन के ग्राम नगरिया से महिंद्रा ट्रैक्टर में दो ट्राली जोडकर कांवड़िये छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में जलाभिषेक करने आ रहें थें। गोला मोहम्मदी रोड हाईवे पर स्थित पड़रिया मोड़ के पास नगरिया निवासी कांवरिया राहुल सिंह (20) पुत्र सुरेश पाल सिंह आगे चल वाली ट्राली पर बैठा था। इसी दौरान उसका जूता अचानक नीचे गिर गया। जिसको उठाने के लिए राहुल नीचें झुका तों उसीं ट्रैक्टर-ट्रॉली की दूसरी ट्राली कांवरिया राहुल पर चढ़ गईं। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में समाजसेवी अमरजीत सिंह व कावड़ियो की सहयोगी टीम निजी एम्बूलेंस से सीएचसी लेकर आये जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे रेहरिया हिमांशु आनंद सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार, करनवीर, अभिषेक कुमार, शशि कुमार ने ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## ब्यूटी पार्लर में आपत्तिजनक स्थिति में युवक और युवती पकड़े गये

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर की अलीगंज रोड पर एक ब्यूटी पार्लर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक स्थानीय महिला ने पार्लर संचालिका और एक युवक को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। विरोध करने पर पीड़िता के साथ न सिर्फ गाली-गलौज और मारपीट की गई, बल्कि उसकी सोने की चैन चोरी कर लेने का भी आरोप लगाया गया है। अलीगंज रोड निवासी हरि किशोर सिंह की पत्नी सीमा देवी ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि वह शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे बालों का रंग कराने के लिए ब्यूटी पार्लर गई थी। जैसे ही उन्होंने पार्लर का दरवाजा खोला, अंदर एक युवती, जो स्वयं को संचालिका बताती है, एक युवक के साथ आपत्तिजनक हरकतों में लिप्त थी। सीमा देवी के अनुसार जब उन्होंने इसका विरोध किया तो युवती और युवक ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनकी सोने की चैन गिर गई और चोरी हो गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि युवती ने पहले अपना नाम प्रीति बताया था और खुद को हिंदू धर्म की मानने वाली बताया था, जबकि घटना के दौरान युवती की वास्तविक पहचान मुस्लिम समुदाय से संबंधित होने के रूप में सामने आई। पीड़िता का कहना है कि संचालिका ने जानबूझकर अपनी असली पहचान छुपाई और पार्लर के बाहर कोई बोर्ड या नाम भी नहीं लगाया गया जिससे ग्राहकों को भ्रम बना रहे। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

## बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त ने की समीक्षा, दिए निर्देश

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। संकट की घड़ी में किसी भी संभावित आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर रविवार को लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखीमपुर खीरी पहुंचकर कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ प्रबंधन को लेकर विभागीय अधिकारियों संग गहन समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक का संचालन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किया।

- **सुहेली की सफाई से 50 हजार लोगों को मिला जलजमाव से राहत, 1.5 हेक्टेयर भूमि पर कराया गया पौधरोपण**

आयुक्त ने विभागवार तैयारियों का बिंदुवार रिव्यू किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से पहले सभी व्यवस्थाएं धरातल पर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही एंटीवेनम दवाओं की उपलब्धता, राहत चौकियों की सक्रियता, और चिकित्सा सहायता की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी को अलर्ट मोड पर रहने को कहा। समीक्षा बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने बताया कि सुहेली नदी की सफाई से नदी पुनर्जीवित हो गई है। इससे न सिर्फ प्रवाह क्षमता बढ़ी है, बल्कि करीब 50 हजार की आबादी को जलजमाव से स्थायी राहत मिली है। सुहेली व सोती नदियां अब अपने-अपने कोर्स में बह रही हैं। उन्होंने बताया कि जोहरा नाले को बंद किए जाने के बाद लठौउवा से ढखेरवा तक ग्रामीणों को 25 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ रही है, जिससे आवागमन सरल हो गया है। नदी की खुदाई के बाद 1.5 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि प्राप्त हुई, जिस पर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया है। समीक्षा बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, पीडी डीआरडीए एसएन चौरसिया, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड डॉ. अजय कुमार, ईई सिंचाई प्रथम राम बहादुर, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, रत्नाकर मिश्रा, राजीव कुमार निगम, शशिकांत मणि, डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### चैनेलाइजेशन से शारदा नदी का बहाव नियंत्रण में

अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने बताया कि शारदा नदी में 1.31 लाख क्यूसेक डिस्चार्ज के बावजूद नदी खतरे के निशान से 32 सेंटीमीटर नीचे बह रही है, जबकि पिछले वर्ष इतनी ही मात्रा में पानी आने पर नदी 20 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। चैनेलाइजेशन कार्यों के चलते अब पलिया पुल के ऊपर जलभराव व जल फैलाव की स्थिति नहीं बन रही। नदी में प्रवाह की गति बढ़ी है, जिससे बाढ़ नियंत्रण में प्रशासन को बड़ी राहत मिली है। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने जानकारी दी कि बाढ़ राहत से जुड़ी सभी टेंडर प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित है।

## बिजली कर्मियों ने विधायक को प्रार्थना पत्र सौंपकर बहाली की लगायी गुहार



सिंगाही खीरी। सिंगाही पावर हाउस से छः कर्मियों के हटाए जाने के बाद मुख्यालय और नगर पंचायत क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बिगड़ने के साथ-साथ मौजूदा कर्मचारियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। इस संबंध में बिजली कर्मियों ने विधायक शशांक वर्मा को प्रार्थना पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया कि 25 जुलाई 2013 को नगर पंचायत सिंगाही क्षेत्र में 33/11 केवी (15 एमवीए) उपकेंद्र की नींव रखी गई थी। इसके बाद क्षेत्र को 21.30 एमवीए आपूर्ति दी जाती रही, जो शहरी श्रेणी के हिसाब से पर्याप्त थी। मई 2018 में आईडीएसएस (एकीकृत विद्युत विकास योजना) के तहत इसे शहरी क्षेत्र का दर्जा मिला था। कर्मचारियों का कहना है कि एक मई 2025 से इसे ग्रामीण श्रेणी में डालकर लोड घटाकर 12.5 एमवीए कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं को सिर्फ 16 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के लिए 21.30 एमवीए आपूर्ति जरूरी है। साथ ही, शहरी क्षेत्र में 18.5 कर्मियों की तैनाती का प्रावधान था, जिसे घटाकर 12.5 कर दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि इससे कार्यभार बढ़ गया है और सुचारु आपूर्ति बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। सिंगाही पावर हाउस के अंतर्गत कार्यरत 06 कर्मियों के हटने से एक ओर जहां बिजली आपूर्ति गड़बड़ा गई है। हटाए कमार्चारियों ने विधायक शशांक वर्मा को ज्ञापन देकर कर्मियों को बहाल किए जाने की मांग की है।

## राष्ट्रीय बजरंग दल ने निकाली तृतीय मातृशक्ति पैदल जलाभिषेक यात्रा

जलालाबाद शाहजहांपुर ।राष्ट्रीय बजरंग दल के अर्पित भामाशाह, हरिओम गुप्ता और नितेश कटियार के नेतृत्व में तृतीय मातृशक्ति जलाभिषेक यात्रा रविवार को प्रातः ठाकुरद्वारा मंदिर जलालाबाद से भैंसटा शिव मंदिर के बहुत ही धूम धाम ओर हर्षोल्लास के साथ सैकड़ों माताओं-बहनों ने निकाली गई...यात्रा में पहुंचे अभी भक्त धार्मिक भजनों पर नाचते झूमते प्राचीन भैंसटा के शिव जी मंदिर पर पहुंचें...जहां सैकड़ों माताओं बहनों ने शिव जी पर जलाभिषेक किया...इस दौरान यात्रा में सैकड़ो की संख्या में माताए-बहने सम्मिलित हुई है...एवं प्राचीन शिव मंदिर पर पैदल पहुंच कर जलाभिषेक किया...इस दौरान अभिषेक गुप्ता, अंकित गुप्ता, रामबाबू, मीरा गुप्ता, गुड्डन गुप्ता, सुमन, प्रियंका गुप्ता आदि उपस्थित रही एवं सुरक्षा की दृष्टि से थाना जलालाबाद का पुलिस फोर्स भी भारी संख्या में यात्रा के साथ उपस्थित रहा..।

## जसनगर में कटान रोकने के लिए ईंट भरी बोरियों से बनायी जा रही ठोकर



तिकुनिया खीरी। जसनगर गांव माता सिद्धेश्वरी मंदिर को बचाने के लिए कुछ ग्रामीण भी सिंचाई विभाग के साथ आ गए हैं और करीब डेढ़ सौ मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ग्रामीणों ने भी कटान स्थल पर बोरी में ईटा भर कर ठोकर बनाने का काम शुरू कराया है।

ग्रामीणों ने बताया है नदी में पानी बढ़ने से कटान कुछ थम गया है फिर भी सिंचाई विभाग द्वारा जमकर ठोकर बनाने का काम किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी ग्रामीणों में दहशत बरकरार है सिंचाई विभाग द्वारा कटान रोकने को लगाए गए जिओ ट्यूब पहले ही बहकर नदी में समा चुके मंदिर के सामनेकरीब 400 मीटर तक सिंचाई विभाग द्वारा ठोकर बनाई जा रही है। गांव निवासी राम प्रताप, अमन, महेश कुमार, शिव प्रसाद, श्री राम ,द्वारिका प्रसाद ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा कटान रोकने को 1600 मीटर मेंलगाई गई जिओ ट्यूब करीब ढाई 400 मीटर में मंदिर के सामने नदी में नीचे बैठ गई। अब उसी जगह पर सीमेंट की बोरियों में ईटा भरकर चौकोर बनाकर ठोकर बनाए जाने का काम हो रहा है जिससे कि कटान रुक जाए इधर दो दिनों से नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। जिसके चलते कटान कुछ धीमा हुआ है लेकिन खतरा बरकरार है कटान स्थल पर नदी की गहराई करीब 40 से 50 फुट हो गई है। ऐसी दशा मे ठोकर कितनी कामयाब होती है यह पानी की धार बताएगी हालांकि सिंचाई विभाग ने दावा किया है, कटान को रोकने का भर्षक प्रयास किया जा रहा है। ईटा से ठोकर बनाए जाने का काम कर रहे ठेकेदार संतोष सिंह ने बताया मंदिर को बचाए जाने के लिए करीब 400 मीटर में ठोकर बनाई जा रही है जिससे काफी राहत मिल रही है। भविष्य में यहां पर सिंचाईविभाग द्वारा पत्थर का बांध बनाकर कटान रोकने की परियोजना लाए जाने पर विचार चल रहा है।

## फुटबॉल टूर्नामिंट में श्री राजेन्द्र गिरि ने लहराया परचम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकेडमी में सीबीएसई क्लस्टर 4 के अंतर्गत खेले जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में पहला मैच श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकेडमी गोला का पंडित दीनदयाल उपाध्याय कानपुर के बीच पहला मैच खेला गया। जिसमें श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी 4-0 से विजय प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया। दूसरा मैच एपी. एस नेहरू रोड लखनऊ तथा एआर जयपुरिया के बीच मैच हुआ। जिसमें एपी. एस लखनऊ 1-0 से विजयी हुई। तीसरा मैच डीपीएस आजाद नगर कानपुर व एपी. एस कानपुर के मध्य हुआ। जिसमें डीपी.एस आजाद नगर कानपुर ने 2-0 से बाजी मारी। अन्तिम मैच केडी.एमए कानपुर तथा जीडी गोइंका सीतापुर के बीच हुआ। जिसमें केडी. एमए कानपुर 4-0से विजयी रहा। विद्यालय प्रधानाचार्य आलोक मिश्र एवं निदेशक मोहित पुरी ने विजयी टीमों को बधाई दी। प्रधानाचार्य आलोक मिश्रा ने आतिथियों का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर विधायक अमन गिरि, लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि, अजय गिरि, धर्मेंद्र गिरि, विश्वनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

## भंसड़िया में बनेगा नया बस स्टेशन

लखीमपुर खीरी। वर्षों से प्रतीक्षित नए बस अड्डे के निर्माण को लेकर आखिरकार रास्ता साफ हो गया है। जिला प्रशासन ने भंसड़िया क्षेत्र में 17 बीघा भूमि को नए बस स्टेशन के लिए चिह्नित कर दिया है। अब जल्द ही यहां पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया बस अड्डा तैयार किया जाएगा। पुराना बस स्टेशन शहर के बीचोंबीच स्थित होने के कारण आए दिन यातायात जाम की समस्या खड़ी होती थी। शहर की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को देखते हुए लंबे समय से नए स्थान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। भंसड़िया क्षेत्र में प्रस्तावित यह नया बस अड्डा शहर की सीमा पर होने के साथ ही मुख्य मार्गों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे यात्रियों को सुविधा होगी और शहर को जाम से निजात मिलेगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य की शुरूआत की जाएगी। नए बस स्टेशन में यात्रियों के लिए वेटिंग रूम, शौचालय, पार्किंग, फूड कोर्ट सहित कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

शाहजहांपुर / जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 'हर घर तिरंगा अभियान' की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में बैठक हुई। कार्यक्रम तीन चरणों में 2 से 15 अगस्त तक चलेगा। पहले चरण में स्कूलों में तिरंगा थीम पर कला व राखी प्रतियोगिता, दूसरे चरण में 8 अगस्त को गन्ना शोध केंद्र पर तिरंगा मेला व म्यूजिकल कॉन्सर्ट और तीसरे चरण में गांवों व शहरी क्षेत्रों में ध्वजारोहण व रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। आयोजन में स्कूली बच्चों, युवाओं व आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंडियन बैंक ने चलाया वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान

लखीमपुर खीरी। इंडियन बैंक द्वारा नकहा ब्लॉक, फूलबेहड़ ब्लॉक एवं इंडसेटी (लखीमपुर) क्षेत्र में वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता को जनसुरक्षा योजनाओं – प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना – की जानकारी देना एवं उन्हें बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना रहा। साथ ही केवाईसी (ङ उ) अपडेट के लिए भी ग्राहकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्री वेंकटेशन एम, मंडल प्रमुख श्री कमलेश चंद्र त्रिपाठी, उप मंडल प्रमुख श्री अप्रतिम अवस्थी, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य प्रबंधक श्री अतीश श्रीवास्तव, अर्पित भार्गव, अनूप सिंह, वरुण कुमार सिंह, अक्षय माहरोत्रा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शाखा प्रबंधक श्री गौरव यादव, विकास वर्मा, विवेक कुमार जग्गी, वरुण राठौर, ख्वाजा हसन नियाजी, अंकुर सिंह परमार, दुर्गेश रस्तोगी, नवनीत वर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे।

संक्षेप

## वृद्ध ने लगायी फांसी

सफीपुर, उन्नाव। अज्ञात कारणों से वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के मवई भान गांव निवासी रामसेवक पुत्र चैनू 65 वर्ष सुबह खेत जाकर निकले थे। उन्होंने गांव के बाहर अपने खेत में आम के पेड़ पर अंगौछे से फांसी लगा ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। गणेश शंकर सिंह की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनो का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक का एक बड़ा पुत्र विवाहित है। मृतक की पत्नी का पूर्व में निधन हो चुका है। कोतवाली प्रभारी सुब्रत त्रिपाठी ने बताया कि सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नाबालिग को बहलाकर भगा ले जाने पर मामला दर्ज

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री से किसी युवक से फोन पर बातचीत हुई थी, जिसके पश्चात उसने घर से बाहर जाने की बात कही और काफी समय बीतने के बाद भी घर वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर जानकारी मिली कि थाना मौरावां के ग्राम लउवा निवासी एक युवक, जो दूर का रिश्तेदार बताया जा रहा है, उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर संबंधित युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना आरंभ कर दी गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि नामजद अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, संदिग्ध स्थानों पर तलाशी जारी है।

## मानपुर चौराहे पर गाड़ी से 2 लाख रुपये चोरी

मानपुर(सीतापुर)। मानपुर चौराहे पर उस समय हड़कंप मच गया जब मोबाइल की दुकान के सामने खड़ी चौपहिया से चोर 2 लाख रुपयो से भरा बैग लेकर फरार हो गया। दुकानदारों ने चोर की तलाश की लेकिन वह मौके से पैदल भाग निकला। बड़ैला निवासी फिरोज अहमद की चैराहे पर मोबाइल शॉप है। साथ ही बैंक का काम करता था जिसमें ग्राहकों के खातों से पैसा निकासी करता है। फिरोज के मुताबिल शनिवार रात करीब आठ बजे उसने दुकान बंद की। घर जाने के लिए अपनी बोलेरो गाड़ी को स्टार्ट कर उसमें रुपयों से भरा बैग रख दिया। मोबाइल से भरा दूसरा बड़ा बैग जब वह गाड़ी में रखने लगा तो देखा रुपयों वाला बैग गायब है। उसके तो होश उड़ गए वह चोर चोर कह कर चिल्लाने लगा। शोर सुनकर दुकानदार इकट्ठा हो गए। इधर उधर तलाश की लेकिन चोर नही मिला। कुछ दूरी पर नाले में खाली बैग पड़ा मिला। खेत मे शौच को गए एक व्यक्ति ने बताया एक आदमी भागते हुए इधर से निकला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई

## हाई लॉसेस को कम करने के लिए चलाया गया चेकिंग अभियान

हरगांव (सीतापुर)। जनपद उप विद्युत वितरण खण्ड हरगांव क्षेत्र के 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र काजी कमालपुर में कारपोरेशन की मंशा अनुरूप हाई लॉसेस को कम करने के लिए अधिशाषी अभियंता संजीव कुमार मिश्र के निर्देशन में उप खण्ड अधिकारी हरगांव अब्दुल अजीज, अवर अभियंता रवींद्र कुमार, विजिलेंस टीम प्रभारी निसार अहमद व अवर अभियंता विजिलेंस राजेन्द्र कुमार समेत दलबल के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान चोरी के कुल नौ प्रकरण प्रकाश में आये। जिनका कुल लोड 21 किलो वॉट पाया गया। इसके साथ ही विधा परिवर्तन के चार प्रकरण पाए गए और सात लोगों का लोड चेक किया गया जिनका लोड स्वीकृत भार से अधिक पाये जाने पर लोड बढ़ाने की कार्यवाही की गई जिनका लोड बढ़ाकर कुल 14 किलो वॉट किया गया। उपखंड अधिकारी अब्दुल अजीज ने बताया कि चोरी रोकने व लॉसेस को कम करने के लिए यह अभियान लगातार चलता रहेगा उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ता समय से अपना बिल जमा करते रहें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# सीडीओ ने गांवों का दौरा कर किया विकास कार्यों का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। लहरपुर तहसील के ग्राम पंचायत ग्राम अंदेशनगर और बसंतीपुर का मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने दौरा किया। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीडीओ ने सबसे पहले अंदेश नगर स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के टीकाकरण के बारे में जानकारी ली। साथ ही गौशाला से निकलने वाले गोबर से कंपोस्ट खाद बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ग्राम बसंतीपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। वहां बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। शिक्षकों को विद्यालय में साफ-सफाई रखने और बच्चों के लिए हैंड वॉश की व्यवस्था करने को कहा। सीडीओ ने अमृत महोत्सव वाटिका बसंतीपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां साफ-सफाई के साथ डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए। वाटिका में फलदार पौधे लगाने के लिए भी कहा। अंत में उन्होंने गांव में बने मॉडल तालाब का निरीक्षण किया। तालाब की साफ-सफाई और लोगों के बैठने के लिए उचित स्थान बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश शुक्ला, पशुधन प्रसार अधिकारी भारतेंदु वर्मा, सचिव अविनाश चंद्र रस्तोगी, प्रधान राम भूखन, प्रधान रविंद्र कुमार वर्मा और मोईन खां सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## निषाद पार्टी ने सौंपा विधायक को ज्ञापन



सीतापुर। लहरपुर में निषाद पार्टी के पदाधिकारियों ने मछुआ समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रविवार को पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन स्थानीय सपा विधायक अनिल वर्मा के प्रतिनिधि भागीरथ मौर्य को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मछुआरों को अनुसूचित जाति के अधिकार एवं सुविधाएं देने की अधिसूचना जारी होने के बावजूद प्रदेश के विभिन्न जनपदों और तहसीलों में इन जातियों को पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। निषाद पार्टी ने इसे राज्यपाल की अधिसूचना और संविधान का सीधा उल्लंघन बताते हुए इस प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पार्टी ने उत्तराखंड राज्य की तर्ज पर उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी अध्यादेश या शासनादेश लाने की मांग की है। इसमें स्पष्ट किया जाए कि मझवार, तुरैहा, बरमाली पासी अलग जातियां नहीं हैं। इनके अंतर्गत कहार, कश्यप, केवट, निषाद, बिंद, भर, प्रजापति, राजभर, बाथम, मल्लाह, तुराहा, गोडिया, मांझी, धीवर, कुम्हार, मछुआ आदि जातियां पर्यायवाची रूप में शामिल हैं। ज्ञापन में इन जातियों को गलत तरीके से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने और अनुसूचित जाति के रूप में मझवार, तुरैहा प्रमाण पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन देने वालों में राजेश कश्यप (प्रदेश सचिव, निषाद पार्टी), सुंदरलाल निषाद, रामू निषाद, रामचरन निषाद, सुधीर कश्यप, राजाराम निषाद, रामसिंह निषाद, संजय निषाद, राजवीर कश्यप, शिवराम निषाद, सुशील कुमार, जगजीवन, दीनबंधु, राजू निषाद और रामू निषाद प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पेड़ों में राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लिया



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वनों की कटाई के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए अपनाई जाने वाली ये परम्परा तरु बंधन या वृक्ष रक्षा बंधन के नाम से जानी जाती है। कुछ ऐसे ही प्रयासों को लेकर औरास के यूपीएस रामपुर गढ़ौवा से रक्षाबंधन के पर्व के पूर्व से ही, रोपित किए गए पौधों और पेड़ो को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। ट्री मैन के नाम से मशहूर पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात कंट्रोल रूम प्रभारी सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र ने बच्चों के साथ विद्यालय में अपना जन्मदिन मनाया। बच्चों ने बड़ी बड़ी राखियों का निर्माण कर उनको पेड़ो पर बांधा।

पांच श्रेष्ठ राखी निर्माण करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में बरगद रोपित करने के साथ ही नाटक और गीतों का गायन किया गया। शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर 17000 से अधिक पौधों को रोपित और जियो टैगिंग कर उनकी सुरक्षा कर रहे हैं। शिक्षक प्रदीप वर्मा ने अनूप मिश्र के साथ मिलकर जनपद उन्नाव के साथ ही प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के इस अनोखे अभियान को शुरू करने की बात कही। सब इंस्पेक्टर औरास ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर पेड़ो की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अनूप मिश्रा ने कहा कि पेड़ पौधों के प्रति जितना पुस्तकों में पढ़ाया जाता है वह सिर्फ काफी नहीं है प्रैक्टिकल रूप में पेड़ पौधों के साथ आत्मीय रिश्ता बना के रखना बहुत जरूरी है।

प्रदीप ने कहा कि पेड़ों को राखी बांधना पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता का एक अनूठा तरीका है, खासकर रक्षाबंधन जैसे त्योहारों पर इसको संदेश के रुप में प्रदर्शित किया जा सकता है। विद्यालय ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी सब इंस्पेक्टर रीना पांडे को अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया। विद्यालय स्टाफ में शशि देवी, रमनजीत कौर, शाहे खुबा, इंद्रपाल और सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## केंद्रीय परिवहन मंत्री से मिलकर एनएच 24 को 6 लेन करने के लिए पत्र सौंपा



जिला संवाददाता(vol)

हरगांव(सीतापुर)। जनपद के प्रदेश भाजपा कार्यकारणी युवामोर्चा के सदस्य शैलेश सिंह ने एक मांग पत्र दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को सौंप कर सीतापुर से लखीमपुर होकर दुधवा तक 4 लेन को 6 लेन करने की मांग रखी। जिससे आए दिन लगने वाली जाम व दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

सीतापुर से लखीमपुर होकर दुधवा नेशनल पार्क की 110 किमी लंबे सड़क मार्ग पर आए दिन लगने वाली जाम व होने वाली दुर्घटनाओं के टालने के मद्देनजर सीतापुर के युवामोर्चा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शैलेश सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर माग पत्र सौपा। इसके साथ ही उन्होने हरगांव के सुजीपारा मोड से रोड को लगुचा तक डबल लेन रोड प्रस्ताव, महोली से हरगांव फोरलेन, कस्ता पिपरझला से हरगांव, व हरगांव लहरपुर होकर तंबौर तक फोरलेन करने का प्रस्ताव भी दिया गया है।

## सपा नेता के प्रयास से विधान परिषद में उठा सड़क का मुद्दा, मंजूर हुई सड़क

हरगांव (सीतापुर)। विकासखंड हरगांव की जलालीपुर देहात ग्राम पंचायत को जनता के व्दारा वर्षो से की जा रही संपर्क मार्ग का निर्माण कराने की मांग शासन प्रशासन से की जाती रही है इस मांग के मद्देनजर स्थानीय सपा नेता रिजवान अंसारी इस्माइलपुर के प्रयास से विधान परिषद सदस्य ने विधान परिषद में मुद्दा उठाकर उपेक्षित ग्राम की सड़क को पास कराकर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी ला दी है। विकासखण्ड हरगांव कीग्राम पंचायत जलालीपुर देहात के मजरा इस्माईलपुर में सड़क की समस्या को लेकर लंबे समय से ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त था। इसको लेकर ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने समाजवादी पार्टी के नेता रिजवान अंसारी के नेतृत्व में विधान परिषद सदस्य जासमीर अंसारी से मुलाकात की। एमएलसी जासमीर अंसारी ने यह मुद्दा विधान परिषद में उठाया था। उनके प्रयासों से इस्माईलपुर में प्रेम के मकान से सादुल्लापुर निवासी रमेश जायसवाल के मकान तक 678 मीटर लंबी पक्की पेंटेड सड़क के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इस कार्य के लिए जिलापंचायत सीतापुर को आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। सड़क निर्माण के साथ एक पुलिया भी प्रस्तावित है जिसकी अनुमानित लागत 36.5 लाख है। जल्द ही निर्माण कार्य हेतु टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी इस सड़क के बनने से न सिर्फ इस्माईलपुर, बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। रिजवान अंसारी के साथ ही साथ ग्रामीणों ने इसके लिए विधायक जासमीर अंसारी काआभार व्यक्त किया है।

## जर्जर मार्ग से लोगों को निकलने में हो रहीं दिक्कतें



उन्नाव। बिहार-खीरों संपर्क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गया है। मार्ग में बडे गड्ढे हो गये है। मार्ग पर वाहन से निकलना दूभर हो गया है। बरसात के मौसम में यह मार्ग पोखर में तब्दील हो जाता है। पैदल चलना तो असंभव प्रतीत होता है।

तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन अंतर्गत उन्नाव रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग से निर्गत होकर खीरों तक जाने वाला यह सड़क मार्ग लगभग 10 किलोमीटर लंबा है। यह मार्ग उन्नाव व रायबरेली जिले को जोड़ता है। उक्त मार्ग का लगभग 5 किलोमीटर मार्ग जनपद उन्नाव की सीमा के अंतर्गत आता है जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है, मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण बरसात के इस मौसम में यह गड्ढे किसी पोखर से कम नजर नहीं आ रहे हैं। जो दिल के उजाले और रात के अंधेरे में यात्रियों के लिए जोखिम भरी यात्रा का संकेत देते हैं। आए दिन लोग लोग इन गड्ढों का शिकार हो रहे है। जिस पर वाहन की कौन कहे पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। जबकि सड़क मार्ग के आसपास पड़ने वाले गांव बिसरा मऊ, बाबू खेड़ा, कुतुबपुर, हुलासी खेड़ा, जलीमगंज, ठाकुरपुर सहित दर्जनों गांव के लोगों का प्रतिदिन इसी मार्ग से बिहार व खीरों तथा रायबरेली आना-जाना होता है। इसके बावजूद यह मार्ग स्थानीय अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार बना है। इसकी सुध लेने वाला कोई नही है।

## महंगाई, शिक्षा व स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दों पर आम आदमी पार्टी कर रही संघर्ष



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। उत्तर प्रदेश प्रभारी व आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का उन्नाव में जोरदार स्वागत किया गया।

सांसद के साथ अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल भी मौजूद रहे। जिले में पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद संजय सिंह और प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल का गर्मजोशी से स्वागत किया और माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की जमीनी स्थिति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद वह एक स्थानीय होटल पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से संवाद किया। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। संजय सिंह ने उन्नाव प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव को नजरबंद किया जाना और सरकारी स्कूलों को बंद करना लोकतंत्र का दमन है। उन्होंने इसे जनता की आवाज दबाने की कोशिश करार दिया और चेतावनी दी कि आम आदमी पार्टी इसे लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। इस अवसर पर जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव, यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष ललित वाल्मीकि जिला महासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय, नफीस शेख, सार्थक यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भोले शंकर की निकाली शोभायात्रा



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। लहरपुर क्षेत्र में रविवार को भोले शंकर की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ग्राम ताहपुर स्थित दयालु बाबा मंदिर से शुरू होकर जंगलीनाथ मंदिर तक पहुंची। हर वर्ष की तरह इस बार भी ताहपुर ग्राम प्रधान जीतू गोस्वामी के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। शोभायात्रा दयालु बाबा मंदिर से नवीनगर शिवाला मंदिर होते हुए केशरीगंज से बाबा जंगलीनाथ मंदिर तक निकाली गई। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यात्रा में दो पहिया वाहन, चैपहिया वाहन, ई-रिक्शा और ट्रैक्टर ट्रॉली शामिल थे। श्रद्धालु बोल बम और हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए अबीर-गुलाल उड़ाते चल रहे थे। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। बाबा जंगलीनाथ मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भोले शंकर का जलाभिषेक किया। भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर रामकुमार गोस्वामी, पंडित श्रीराम गोस्वामी, श्रीराम, सोपान गोस्वामी, राकेश गोस्वामी, रामसेवक विश्वकर्मा और रोहित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## नाबालिग ने की थी प्रेम संबधों में युवती की हत्या

सीतापुर। जिले के लहरपर इलाके में नाले में मिली युवती की लाश जिसकी गला रेतकर हत्या कर दी गई थी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या के पीछे की वजह युवती के प्रेम संबंध में आरोपी का विवाद युवती से होना बताया जा रहा है। बतातें चलें कि बीती 31 जुलाई को सुरेश कुमार पुत्र श्रीराम निवासी अकरैला ने अपनी बहन सीमा की हत्या के संबंध में थाना लहरपुर में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को यह अहम सुराग हाथ लगा कि मृतका सीमा और आरोपी बाल अपचारी के बीच घनिष्ठ परिचय था। पुलिस का दावा है कि जांच में यह तथ्य सामने आया कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी मनमुटाव के चलते बाल अपचारी ने 31 जुलाई को गांव के बाहर नाले के पास झाड़ियों में ले जाकर हंसिया से युवती का गला काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हसिया भी बरामद कर लिया है। घटना में गंभीर धाराओं के साथ-साथ अब 3(2)5 एससीएसटी एक्ट की भी बढ़ोत्तरी कर दी गई है। पुलिस ने बाल अपचारी को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आरोपी को हरदोई जेल भेज दिया है।

## हिन्दी सभा की सदस्य विनोदनी रस्तोगी पंचतत्व में विलीन

सीतापुर। स्थानीय नई बस्ती निवासी स्व0 डा0 केदारनाथ रस्तोगी की धर्मपत्नी जनपद की वरिष्ठ कवियत्री विनोदनी रस्तोगी का निधन गत रात्रि को हो गया था। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय गोपालघाट पर उनके सुपुत्र डा0 प्रवीण रस्तोगी व निषीथ रस्तोगी द्वारा सम्पन्न किया गया। नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार 6 अगस्त को अपरान्ह 1 बजे उनके निवास पर शुद्धीकरण एवं शांति पाठ सम्पन्न होगा। इसी क्रम में लालबाग शहीद उद्यान में स्थापित हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में अध्यक्ष आशीष मिश्र की अध्यक्षता में एक शोकसभा का आयोजन हुआ। जिसमें हिंदी सभा की आजीवन सदस्या रही श्रीमती विनोदनी रस्तोगी के निधन पर हार्दिक दुःख प्रकट करते हुये सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जलभरकर डाक कांवड़ यात्रा छोटी काशी रवाना

सीतापुर। सकरन क्षेत्र में सावन माह की पुण्य बेला में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। लोधपुरवा स्थित त्यागी बाबा की कुटी से जल भरकर डाक कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। प्रभात वर्मा, श्यामू शुक्ला, जमींदार यादव, सतेंद्र यादव और भानु चैहान जैसे स्थानीय युवाओं ने अगुवाई की। उन्होंने शिवभक्तों के जत्थे को गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना किया। सुबह की पहली किरण के साथ हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भगवा वस्त्रधारी श्रद्धालु शिवजी के जयघोष करते हुए कांवड़ यात्रा पर निकले। डाक कांवड़ की विशेषता यह है कि शिवभक्त जल भरने के बाद बिना रुके सीधे बाबा भोलेनाथ के दरबार में पहुंचते हैं। वहां वे गंगाजल अर्पित करते हैं। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का नहीं बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। यह सांस्कृतिक चेतना को भी दशार्ता है। युवाओं के उत्साह और अनुशासन ने साबित किया कि आज की पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ी हुई है। वे इसे गर्व से आगे भी बढ़ा रहे हैं। गोला गोकर्णनाथ मंदिर को छोटी काशी कहा जाता है। मान्यता है कि यहां शिवलिंग में साक्षात गोकर्णनाथ विराजमान हैं। सावन में लाखों श्रद्धालु यहां जल चढ़ाने आते हैं। वे अपने कष्टों से मुक्ति की प्रार्थना करते हैं।

## अनुशासनहीनता के चलते लेखपाल निलम्बित

सीतापुर। मिश्रिख तहसील में अनुशासनहीनता के चलते उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा ने परगना मछरेहटा के बड़रॉवा में तैनात लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। लेखपाल पर कई आरोप लगे हैं। वह बिना अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय से अनुपस्थित रहे। समीक्षा बैठकों में भी शामिल नहीं हुए। इसके अलावा आईजीआरएस प्रकरणों की आख्या समय पर उपलब्ध नहीं कराई। प्रभारी अधिकारी द्वारा दूरभाष पर आख्या मांगने पर लेखपाल ने अनुचित शब्दों का प्रयोग किया। विभागीय रिकार्ड के अनुसार, लेखपाल 30 जुलाई से 1 अगस्त 2025 तक तहसील सभागार में आयोजित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में भी अनुपस्थित रहे। उनके लगातार अनुशासनहीन रवैये और मनमानी कार्यशैली के कारण यह कार्रवाई की गई है। लेखपाल से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। उपजिलाधिकारी ने लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। केसरीगंज चैराहे के पास बालू से लदी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना शनिवार देर शाम की है। पूरनपुर पांडे सराय निवासी 26 वर्षीय मिथुन पुत्र विजय अपनी मोटरसाइकिल से बिना हेलमेट लहरपुर की तरफ से जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में मिथुन गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक युवक के पास से मिले मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर बुरा हाल हो गया। केसरीगंज चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बाइक चोरी के खिलाफ कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

लहरपुर(सीतापुर)। लहरपुर कोतवाली इलाके में गैराज खड़ी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला बहलोलपुर निवासी लियाकत अली ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी टीवीएस बाइक बिस्मिल्लाह होटल शहर बाजार के पास गैराज में खड़ी थी। पीड़ित ने बताया कि बाइक कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गैराज से चोरी कर ले गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

सीतापुर। रविवार को ग्राम पंचायत कठवा में सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड ऐशबाग लखनऊ के अंतर्गत मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहकारी गन्ना विकास समिति ऐशबाग के सचिव रामप्रकाश ने किसानों को संबोधित किया। सचिव रामप्रकाश ने किसानों को अधिक से अधिक गन्ना बोने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सरकार, समिति और चीनी मिल के कर्मचारी किसानों के संपर्क में रहते हैं। किसी भी समस्या होने पर तुरंत समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान 63 कॉलम देखें और उसमें जो भी समस्या है, उसका निराकरण कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। सचिव ने यह भी कहा कि किसानों की संतुष्टि ही उनकी प्रसन्नता है। गन्ना पर्यवेक्षक कमलेश यादव ने बताया कि गन्ना की फसल से किसानों को आर्थिक लाभ अधिक मिलता है। गन्ने का पैसा सीधे किसानों के खाते में आ जाता है। इससे उन्हें इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। गन्ना पर्यवेक्षक मानवेंद्र सिंह ने किसानों को बताया कि अब गन्ना पर्ची किसानों के पंजीकृत मोबाइल पर आ जाती है। इससे किसानों को पहले ही जानकारी मिल जाती है। वे अपना गन्ना सही समय पर सेंटर पर ले जाकर तौल करा सकते हैं। कार्यक्रम में चीनी मिल के सीडीओ शम्भू, सीएफए विकास त्रिवेदी भी मौजूद रहे। स्थानीय कृषक अरुण कुमार शुक्ला, मुन्नालाल, अमरेश शुक्ला, बबलू शुक्ला, कृष्णदत्त द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, विपिन तिवारी, वेद प्रकाश आदि किसान भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## 14500 के अभिभावकों के खाते में नहीं पहुंची धनराशि

जौनपुर। प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले 3.25 लाख विद्यार्थियों में से 14500 के अभिभावकों के खाते में डीबीटी की धनराशि नहीं पहुंच पाई है। इससे विद्यार्थियों को ड्रेस के बगैर स्कूल जाना पड़ रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग हर बार कोई न कोई बहाना बताकर बजट न जाने की बात कह रहा है। इसके चलते छात्रों के अभिभावकों को विद्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिले के 2708 परिषदीय विद्यालयों में करीब 3.25 लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनमें से 11200 ऐसे विद्यार्थी हैं जिनका अभी तक जन्म प्रमाणपत्र नहीं बन पाया है। जन्म प्रमाणपत्र नहीं होने के कारण इन छात्रों का अभी तक आधार कार्ड नहीं बन पाया है। आधार नहीं बनने के कारण इनका सत्यापन नहीं हो पा रहा है। इसमें से कुछ छात्र ऐसे भी हैं जिनके अभिभावक का आधार कार्ड मिलान नहीं कर रहा है। इसके चलते उनके खाते में धन भेजने में दिक्कत आ रही है। किसी अभिभावक का नाम गलत हो गया है तो किसी का पता गलत अंकित हो गया है। जिला प्रशासन के निर्देश के बाद भी छात्रों का जन्म प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा है। जन्म प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया जटिल होने के कारण दो से तीन महीने प्रमाणपत्र बनने में लग जा रहे हैं।

# केन व यमुना नदी की बाढ़ से दर्जनों गांव जलमग्न



जिला संवाददाता

**बांदा।** जिले में केन और यमुना नदी में बाढ़ के चलते स्थिति गंभीर बनी हुई है। हालांकि केन और यमुना के जल स्तर में मामूली गिरावट दर्ज की गयी है। फिर भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मध्य प्रदेश के पहाड़ी इलाकों से निकलने वाली केन नदी बीते 24 घंटे से पहले खतरे के निशान को छूने के लिए बेताब हो रही थी।

- जल स्तर में गिरावट, राशन व छाया की किल्लत

जबकि यमुना नदी खतरे के निशान से करीब 3 मीटर ऊपर बह रही है। बाढ़ के कारण पैलानी तहसील के कई गांव टापू में तब्दील हो गये हैं। नांदादेव, पड़ोहरा, गौरीकला, सबादा और सिंधनकला आदि दर्जनों गांव पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में हैं। चिल्ला क्षेत्र में भी कई गांव पानी से घिरे हुए हैं। बबेरू तहसील में भी बाढ़ ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

बाढ़ पीड़ित घर और सामना छोड़कर जानवरों को लेकर ऊंचे स्थानों पर जा रहे हैं। तमाम लोग सड़क किनारे पॉलीथीन के तंबू लगाकर रहने को मजबूर हैं। लोगों को राशन की किल्लत का भारी सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ के चलते जिला प्रशासन के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। बाढ़ग्रस्त गांवों के लोग अपने साधनों से ही पलायन कर रहे हैं। क्षेत्र में पर्याप्त राहत शिविर न होने से लोग पॉलीथीन के तंबू में रहने को मजबूर हैं। प्रशासन की चलाई जा रही नावों में महज एक लाइफ जैकेट है जिससे हादसों की संभावना से इनकार नही किया जा सकता। बाढ़ पीड़ितों को राशन और रोजमर्रा की जरूरत का सामान उपलब्ध कराने में भी प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। जिलाधिकारी जे0 रीभा हालांकि बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं का निदान करने का प्रयास कर रही हैं। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद भी बाढ़ से घिरे क्षेत्रों का जायजा ले रहे हैं और लोगों को मदद का भरोसा दे रहे हैं लेकिन लगातार हो रही बारिश के चलते नदियों के जल स्तर में इजाफा हो रहा है।

## संक्षेप

### लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ

**बांदा।** उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर नालसा वीर परिवार सहायता योजना कार्यक्रम के तहत लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ हुआ है। इसका उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों व आश्रितों को निःशुल्क कानूनी सहायता दिया जाना है। इसके लिए जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में लीगल एड क्लीनिक में तैनात पराविधिक स्वयं सेवक, अधिवक्ता अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सहायता दी जाएगी। इसका शुभारंभ अपर जिला जज प्रथम चंद्रपाल द्वितीय ने फीता काटकर किया। इस दौरान सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा डीईओ राशिद अहमद व चतुरेश कुमार मौजूद रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में करें आवेदन

**ललितपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा के प्राचार्य हुपेन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि विद्यालय में सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 9 एवं 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु पाश्र्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संभावित उपलब्ध सीटों पर प्रवेश हेतु योग्य उम्मीदवार 23 सितम्बर तक आवेदन विद्यालय की बेवसाइट (नवोदय डॉट जीओव्ही डॉट इन) पर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी।इसी क्रम में प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र. 2025-26 में कक्षा 6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र मांगे गये थे, नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय नॉएडा द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 13 अगस्त कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन हेतु विद्यालय की वेवसाइट पर लिंक उपलब्ध है, चयन परीक्षा 13 दिसम्बर को आयोजित की जायेगी।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं की जान गयी

**मथुरा।** जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क हादसों में दो महिलाओं की मौत हो गई। पहला हादसा में राया थाना क्षेत्र अन्तर्गत बरेली-जयपुर हाईवे के निर्माण में लगी रामा देवी (40) पत्नी कांशीराम आज सुबह निर्माण कार्य के लिए सीमेंट लेकर सड़क पार कर रही थी। तभी अनियंत्रित कैंटर ने उसे कुचल दिया। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।दूसरी हादसा रिफाइनरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत मथुरा-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीतीरात बाद फ्लाईओवर पर हुई। जिसमें अज्ञात वाहन में शीला (70) पत्नी सुरेंद्र सिंह निवासी गढ़ी बंजारा थाना बरहन आगरा को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक वृद्धा का शव फ्लाईओवर पर पड़ा रहा और ऊपर से वाहन गुजरते रहे। रात्रि लगभग एक शव के अवशेषों को संग्रहित कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## हर्ष फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए हर्ष फायरिंग के एक वीडियो ने जनपद ललितपुर पुलिस को हरकत में ला दिया। कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेंद्र जैन कड़ंकी उर्फ पहलवान को 32 बोर की एक लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 125 बीएनएस, शस्त्र अधिनियम की धारा 30(ए), एवं सीएलए एक्ट की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी व उनकी टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। आरोपी को नियमानुसार हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जनपद ललितपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि हर्ष फायरिंग जैसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस प्रकार के मामलों में कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- आरोपी नरेंद्र कड़ंकी गिरफ्तार, लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद
- हर्ष फायरिंग जैसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

पहली अगस्त को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति को खुलेआम हर्ष फायरिंग करते हुए देखा गया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए कोतवाली ललितपुर पुलिस ने तत्काल छानबीन शुरू की और आरोपी की पहचान नरेंद्र जैन कड़ंकी उर्फ पहलवान (उम्र लगभग 48 वर्ष, निवासी वाटर वर्क्स के सामने, कोतवाली ललितपुर) के रूप में की। 02 अगस्त को आरोपी को कैलगुवां चैराहा, ललितपुर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक अदद 32 बोर की लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद की गई। आरोपी के हथियार के लाइसेंस के निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

## क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भटनी (देवरिया)। क्षेत्र के बलुआ अफगान स्थित हरिवंश इंटर कॉलेज में नाइस इंस्टिट्यूट बलुआ अफगान एवं रिद्धिम एजुकेशन फाऊंडेशन गाजियाबाद के तत्वाधान में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 426 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आयोजक नवनीत दीक्षित ने बताया कि उक्त परीक्षा का परिणाम 10 अगस्त 2025 को संस्था पर घोषित होगा जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा और उन्हें न्यूनतम फीस में कंप्यूटर कोर्स कराया जाएगा। उपर्युक्त परीक्षा में राहुल शर्मा, ऋषिकेश कुशवाहा, रोशन कुशवाहा, विकास कुमार, विकास यादव, रानी कुशवाहा, प्रिया गुप्ता आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## आधार कार्ड केंद्र का शुभारंभ



**बिजनौर।** आकांक्षात्मक ब्लॉक नजीबाबाद के ब्लॉक परिसर में सीएससी आधार सेवा केन्द्र का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, बीडीओ दीपक कुमार तेवतिया एवं अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।नजीबाबाद की जनता द्वारा नये आधार सेवा केन्द्र खोलने की मांग को देखते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा के निर्देश पर नजीबाबाद ब्लॉक परिसर में आधार सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया गया। पूर्व में डाकखाने एवं बैंकों में ही नये आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा था। जहां पर आम जनमानस को लम्बी-लम्बी लाईन लगाकर बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। दूर-दराज के लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए इधर-उधर भटक रहे थे, फिर भी उनका आधार कार्ड न तो समय पर बन पा रहा था और न ही अपडेट हो पा रहा था। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि नजीबाबाद ब्लॉक परिसर में सीएससी आधार सेवा केन्द्र खुलने से क्षेत्र की जनता आधार कार्ड बनवाने में राहत मिलेगी एवं काफी हद तक आम जनमानस की समस्याओं का समाधान आसान और सुलभ रूप से हो सकेगा। बीडीओ दीपक कुमार तेवतिया ने कहा कि आधार सेवा केन्द्र पर नया आधार निःशुल्क, बॉयोमैट्रिक/फिंगर अपडेट का कार्य 100 रुपए व मोबाईल नम्बर एवं आधार एड्रेस चेंज कराने के लिए 50 रुपए शुल्क लोगो से लिया जायेगा। इस अवसर पर राकेश कुमार एडीओ पंचायत, ब्रजराज सिंह एडवोकेट, बलविंदर सिंह ग्राम प्रधान मेदूवाला, स्वेत पंवार, सिद्धार्थ त्यागी, सीएससी मैनेजर, सचिन कुमार, नसीम अहमद, महेन्द्र कुमार, जिला प्रबंधक सीएससी, मौ0 दानिश एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## कारों में टक्कर से मां-बेटे की मौत

**बिजनौर।** नेशनल हाईवे नगीना-धामपुर मार्ग पर दो कारो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक कार सवार मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि परिवार की एक महिला गंभीर रूप से घायल गई है। घायल को इलाज के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है उत्तराखंड के जिला हरिद्वार के रुड़की निवासी घायल प्रीति भट्ट के अनुसार रविवार सुबह वह रुड़की से रुद्रपुर जाने के लिए कार मैं सवार होकर घर से निकले। जैसे ही उनकी कार धामपुर में गांव चक शहजानी के पास पहुंची तो सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार ईऑन में सवार चंद्रशेखर (25 वर्ष) पुत्र चेतन भट्ट निवासी रुड़की उत्तराखंड, उसकी माता माधवी भट्ट (55 वर्ष) और प्रीति उम्र लगभग 23 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार सड़क हादसा इतना भीषण था कि दो कारों की आपस में टक्कर होने को बाद एक कार डिवाइडर पर चढ़ गई। सूचना पर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने चंद्रशेखर तथा उनकी माता माधवी भट्ट को मृत घोषित कर दिया। जबकि डॉक्टरों ने घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई, मुठभेड़ में दो घायल



जिला संवाददाता

**बांदा।** नाबालिग बालिका से दुराचार करने वाले दो आरोपियों को कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान दोनो के पैर में गोली लगी है। इनके पास से अवैध असलहा, कारतूस और घटना में प्रयोग किया गया सीएनजी ऑटो बरामद हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि बीती शाम लगभग 7 बजे 15 वर्षीय बालिका पढ़कर ऑटो से अपने गांव वापस लौट रही थी। रास्ते में आरोपी कलुआ उर्फ मनोज यादव पुत्र भवानी दीन निवासी मवई थाना कोतवाली नगर तथा अनिल वर्मा पुत्र जयकरन निवासी थाना बबेरू ने बालिका के साथ दुराचार किया। पीड़िता की सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया। बालिका के बयान, सीसीटीवी, सर्विलांस और मिनिट टू मिनिट ट्रैकिंग से लगभग 2 से 3 घण्टे के अंदर रूट और ऑटो रिक्सा चालक तथा दूसरे साथी की जानकारी हुई। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया गया। पुलिस की तत्परता के चलते रविवार की सुबह करीब 4 बजे घटना स्थल से आगे करिया नाला के पास दोनो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपियों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर की टीम व एसओजी प्रभारी आनंद कुमार व कृष्णदेव त्रिपाठी रहे।

## विधि विभाग कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सम्मेलन में अधिवक्ताओं ने की शिरकत



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** विधि विभाग काँग्रेस कमेटी के दिल्ली के विज्ञान भवन मे आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में जिला बिजनौर से संगठन के चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एडवोकेट के नेतृत्व मे अनेक अधिवक्ताओं ने शिरकत की। देश के विभिन्न राज्यों से आये अधिवक्ताओं का यह सम्मेलन काफी सफल रहा। बिजनौर के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल की 02 अगस्त को हुए इस सम्मेलन के लिए पिछले कई दिन से काफी मेहनत कर रहे थे जिसके लिए पचास से अधिक अधिवक्ताओं को पास जारी किये गये। इस सम्मेलन को मुख्य रूप से काँग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अभिषेक मनु सिंघवी, दिग्विजय सिंह, इमरान प्रतापगढ़ी, भूपेश बघेल, अलका लांबा, प्रमोद तिवारी, रेणुका चैधरी, आदि पार्टी व संगठन के राष्ट्रीय स्तर के नेताओ ने संबोधित किया। देशभर के अधिवक्ताओं को पार्टी व संगठन से जोड़ने के मकसद से आयोजित ये सम्मेलन काफी सफल रहा जिसमें विधि विभाग काँग्रेस के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एडवोकेट के नेतृत्व मे अधिवक्ताओं ने हिस्सा लेकर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी। सम्मेलन मे जिला बिजनौर से शोएब अहमद, जहीर अहमद खान, फरीद अहमद खान, अभिषेक मिश्रा, मौ0 नईम, रामओतार सिंह, गुलसिंताब, सरफूराही, मनव्वर अली, सविता सिंह, इंतखाब अहमद, प्रमोद कौशिक, जैद बेग, फखरे आलम, अजय कुमार, मोहित राठी, अनिल कुमार, तनवीर परवेज, मनु प्रताप सिंह, नवाब जफर आलम, ऐहतेशाम अहमद, नौशाद अहमद, मौ0 नासिर, समरपाल सिंह, शिवा पाराशर, शेर सिंह, मौ0 आमिर अंसारी, मौ0 अहसान, आफताब अहमद, बिलाल अहमद, नदीम अहमद, विकास नारायण, जदीद हुसैन, फरहत आलम, रिजवान, अजित कुमार, मोहसिन, नसीमुद्दीन आदि सहित अनेक अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

## पुलिस ने प्लास्टिक का हेलीकॉप्टर उड़ाकर दहशत फैलाने में तीन युवकों को दबोचा

**नगीना, बिजनौर।** प्लास्टिक का हेलीकॉप्टर रात को उड़ता हुआ एक व्यक्ति की छत पर जा गिरा। हेलीकॉप्टर छत पर गिरने से लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने प्लास्टिक के हेलीकॉप्टर को उड़ाकर दहशत फैलाने वाले युवक पर कार्रवाही करते हुए उसे हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार नगीना थाना ग्राम महेशपुर उर्फ.हीरावाली में बीती रात लगभग 8:30 बजे एक युवक ने प्लास्टिक का हेलीकॉप्टर को उड़ाने का प्रयास किया। हेलीकॉप्टर उड़ता हुआ गांव के ही बुन्दु की छत पर जाकर गिरा। प्लास्टिक का हेलीकॉप्टर छत पर गिरने से लोगों में भगदड़ मच गई। गांव के एक युवक ने उसे हेलीकॉप्टर को हाथ में लेकर रिक्शा में बैठकर गांव में घुमाया जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर भी अपलोड कर दी गई। प्लास्टिक के हेलीकॉप्टर की सूचना किसी ने रात में ही डायल 112 पुलिस को दे दी। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर प्लास्टिक के हेलीकॉप्टर को अपने कब्जे में ले लिया और ग्रामीणों को समझाया कि यह प्लास्टिक का हेलीकॉप्टर है। घबराने की जरूरत नहीं है। अफवाह पर ध्यान ना दे और अफवाह फैलाने वालो पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्लास्टिक के बने हेलीकॉप्टर को उड़ाने वाले व्यक्ति आकाश, सैफुल्लाह, राजन को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मेधावी छात्रा को एसपी ने किया सम्मानित



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस विभाग में सेवारत पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण के मेधावी बच्चों द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मेधावी छात्रा समीक्षा पुत्री सुभाष चन्द्र (मुख्य आरक्षी उ0प्र0 पुलिस) को सम्मानित किया गया है। उक्त मेधावी छात्रा ने 10 वीं परीक्षा में सीबीएससी बोर्ड से 92 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने उसको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रशस्ति पत्र एवं पुरूस्कार देकर सम्मानित किया।

## व्यापार पत्रिका के विशेषांक का किया विमोचन



**ललितपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने नवनियुक्त जिलाधिकारी अमनदीप डुली से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। व्यापारियों ने व्यापार मंडल द्वारा प्रकाशित व्यापार पत्रिका के वित्तीय वर्ष विशेषांक का भव्य विमोचन उनके कर-कमलों से कराया। इस अवसर पर व्यापारियों ने बताया कि व्यापार पत्रिका उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों की व्यापारिक गतिविधियों को समाहित करती है और व्यापारियों को नियमित रूप से व्यापार व उद्योग की महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती है। यह पत्रिका अब प्रदेश व्यापारी जगत का दर्पण बन चुकी है।

- व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

जिलाधिकारी ने व्यापार मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में व्यापार, उद्योग एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन तत्पर है। व्यापार से जुड़ी किसी भी समस्या को लेकर व्यापारीगण कभी भी सीधे संपर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, दीपक जैन, आरिफ पठान, ब्रजेश ताम्रकार, पप्पु करीम राइन, ओम ताम्रकार, मो. इब्राहिम, देवेंद्र ठाकुर, इदरीश राईन, आशीष कव्यांजलि, अमित अग्रवाल सहित कई व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में रविवार को पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस ने थानों, चौकियों व पुलिस लाइन में वृहत स्तर पर श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की गई तथा वाहनों को क्रमवार लगाया गया। इस दौरान अभिलेखों व अन्य संसाधनों को सुव्यवस्थित किया गया।

पेड़-पौधों की सफाई, सूखे पत्तों की सफाई तथा पौधों की नियमित छंटाई एवं खर-पतवार की निराई कर सुसज्जित रूप दिया गया। जिससे परिसर की सुंदरता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। साथ ही कार्यालय के फर्नीचर व अन्य उपकरणों की साफ-सफाई कर उनका रख-रखाव ठीक किया गया।

## बामदेवेश्वर मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक



**बांदा।** शहर की केन नदी राजघाट आश्रम के पावन तट से पवित्र जल लेकर कांवरियों ने शोभा यात्रा निकालकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शोभा यात्रा दीनदयाल नगर खुटला होते हुए छोटी बाजार कोतवाली रोड शंकर गुरु चैराहा से चैक बाजार, प्रकाश टॉकीज महेश्वरी देवी बालखंडी नाका कैलाश पुरी होते हुए बाम्बेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके पश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। केन कावड़ यात्रा के संयोजक अमित सेठ भोलू ने बताया कि कांवर शोभा यात्रा का जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कांवर यात्रा में माताओं, बहनों एवं छोटे-छोटे बच्चों, अखंड हिंद फौज के बच्चे, बच्चियों तथा यहां के प्रसिद्ध दिवारी नृत्य रमेश पाल की टीम के बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासु, संतोष गुप्ता संतू, चंद्र मोहन बेदी, अशोक कुमार ओमर, राज किशोर सोनी, कुलदीप नामदेव, अंकित गुप्ता बासु, देशराज सिंह, विजय ओमर, अशोक गुप्ता, राजेश गुप्ता, कुलदीप नामदेव, अविनाश मिश्रा, नईम नेता, पन्नालाल धुरिया, रीता गुप्ता, शोभा गुप्ता व श्रीराम निषाद मौजूद रहे।

## निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य 19 अगस्त से होगा प्रारंभ

**ललितपुर।** निवार्चक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पं0) ललितपुर अंकुर श्रीवास्तव ने बताया है कि ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण हेतु सार्वजिक सूचना जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य 19 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। जिसके तहत घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में परिवर्धित, संशोधित एवं विलोपित होने वाले नामों तथा नये मकानों, वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुये मकानों के निर्वाचकों के नामों की जांच और परिवर्धन कर कार्य किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यदि कार्य प्रारंभ होने की तिथि से सात दिन अर्थात 26 अगस्त तक कोई बीएलओ आपकी ग्राम पंचायत में न पहुंचे या कोई शिकायत हो तो आप तत्काल जिला मजिस्टेज्ट/ जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रभारी अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा खण्ड विकास अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर सकते हैं।

## महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद

**बिजनौर।** जिले के अफजलगढ़ इलाके में पुलिस ने एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया है। पुलिस को अंदेशा है कि महिला तेंदुए का शिकार हो गई जबकि वन विभाग के एक अधिकारी ने महिला की हत्या का दावा किया है।

अफजलगढ़ के पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी ने बताया कि अफजलगढ़ की निवासी अलका (35) शनिवार शाम को नगर से सटे बाग में पशु के लिए चारा काटने गई थी, जहां तेंदुए ने उस पर हमला करके उसे मार दिया और शरीर का काफी मांस खा लिया है। उसका शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है। वहीं जिला वन अधिकारी अभिनव राज ने इसे हत्या बताया है।

## हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को दबोचा



**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम सैदपुर निवासी मकुन्दी पुत्र रतन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को सुबह 9.30 बजे जब वह खेत में काम करने गया था तो उसकी पत्नी गौरीबाई घर में अकेली थी। तभी गांव के पंचू पुत्र नन्दराम ने उसके घर के अंदर घुसकर उसकी पत्नी को जान से मारने की नीयत से हंसिया से प्रहार कर दिया और उसकी पत्नी को घर के अंदर बंद करके ताला लगाकर चाबी छत पर फेंककर भाग गया।

- अभियुक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त हसिया किया गया बरामद

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पंचू के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 352, 109 व 127 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई थी।

रविवार को पुलिस ने वांछित अभियुक्त पन्चू उर्फ पंचम पुत्र नन्दराम उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम सैदपुर थाना महरौनी जनपद ललितपुर को करौदा रोड प्रतिक्षालय के पास बहद ग्राम करौंदा थाना महरौनी से गिरफ्तार कर लिया गया है।

अभियुक्त पन्चू उपरोक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त लोहे के हसियां को बरामद किया गया।

## एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग आयोजित



**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में जीजीआईसी में एक दिवसीय कैरियर काउसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन कॉलेज की स.अ.रितु गुप्ता ने किया। सर्वप्रथम जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव संस्थान के छात्र-छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल, कॅरियर लक्ष्य निर्धारण एवं महिला सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उनकी जिज्ञासाओं के बारे में प्रश्नों को पूछकर उनका समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित काउन्सलर डा.प्रियम्वदा सारस्वत द्वारा छात्राओं को शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के आयामों के बारे में बताया गया। कैरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम में लगभग 320 छात्राएं उपस्थित रही। समापन पर प्रधानाचार्या अंजना वर्मा ने आभार जताया। इस दौरान वरिष्ठ सहायक उमेश कुमार उपस्थित रहे।

## फसल बीमा योजना में 14 अगस्त तक करा लें पंजीयन

**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने जनपद के समस्त कृषकों को जानकारी देते हुये अवगत कराया है कि खरीफ मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा में पंजीयन कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई तय की गई थी। जिसे भारत सरकार के निर्देश के क्रम में बढ़ाकर 14 अगस्त तक कर दिया गया है। उन्होंने समस्त ऋणी एवं गैर ऋणी किसान भाइयों से अनुरोध है कि यदि आपके द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीयन नहीं कराया गया है, तो कृपया इच्छुक कृषक 14 अगस्त तक पंजीयन करा लें तथा योजना का लाभ लें।

# फिलिस्तीन संकट

यह डोनॉल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमरीका के घटते कूटनीतिक प्रभाव का प्रमाण है कि अमरीका की अनदेखी करते हुए कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन ने फिलीस्तीन को सशर्त मान्यता देने की बात कही है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के पहले यह देश मान्यता दे सकते हैं। इसका उद्देश्य दो राष्ट्रों वाले हल को समर्थन देना है। भारत भी फिलिस्तीन और इजराइल संकट का हल फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्वीकार करने में ही देखता है। वैसे व्यवहारिक तौर पर तो यह कदम सांकेतिक ही है लेकिन व्यापक भूराजनीतिक संदर्भों में यह बदलाव इजरायल के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रुख में बहुत अहमियत रखता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच में से चार सदस्यों (चीन और रूस भी) से पहली बार फिलिस्तीन को मान्यता मिलने की संभावना है। ऐसे में अमेरिका अलग-थलग पड़ जाएगा। वे संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से उन 147 देशों में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने फिलिस्तीन को मान्यता दी है। भारत ने बहुत आरंभ में ही मान्यता दे दी थी। अपने रुख में इस बदलाव से पहले तीन देशों ने संयुक्त घोषणा की थी कि वे गाजा में इजरायल के आक्रामक रुख से आशंकित हैं और पश्चिमी तट पर अवैध बस्तियों के विस्तार की निंदा करते हैं। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो के इन तीन साझेदार देशों की सरकारें गाजा और पश्चिमी किनारे पर इजरायली



अत्याचारों के खिलाफ बढ़ते जनमत पर अपनी प्रतिक्रिया दे रही हैं। गत सप्ताह स्लोवेनिया यूरोपीय संघ का पहला सदस्य देश बना जिसने गाजा में आक्रामक भूमिका निभाने वाले दो इजरायली मंत्रियों को अवांछित घोषित कर दिया। 30 जुलाई को यूरोपीय संघ के 58 पूर्व दूतों ने आग्रह किया कि संघ हथियारों का निर्यात बंद करे, इजरायल पर प्रतिबंध लगाए और वहां अत्याचार रोकने के लिए कदम उठाए। इस सप्ताह के आरंभ में फ्रांस और इटली में बंदरगाहों पर काम करने वालों ने इजरायल भेजे जा रहे हथियारों की खेप रोक दी और अपनी सरकारों से इजरायल को राजनयिक समर्थन रोकने के लिए कहा। जर्मनी में जनसंहार का इतिहास होने के कारण इजरायल को तगड़ा समर्थन हासिल था। उसने भी गाजा में विमानों से राहत सामग्री पहुंचाने की बात कही मगर इजरायल को समर्थन भी वह देता रहेगा। दरअसल दुनिया को फिलिस्तीन संकट के स्थायी समाधान की जरूरत है। इसी के मद्देनजर संभवतः कूटनीतिक गतिविधियां तेज हुई हैं। एक उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में 29 और 30 जुलाई को न्यूयॉर्क घोषणा पत्र जारी किया गया तथा आठ दशकों से चले आ रहे विवाद को हल करने की चरणबद्ध योजना पेश की। इसका अंत स्वतंत्र और असैन्य फिलिस्तीन के रूप में होगा, जो इजरायल के साथ शांति से रहेगा। लगभग उसी समय दक्षिण अफ्रीका के नेतृत्व में आठ देशों के हेग समूह ने चीन, स्पेन और कतर सहित करीब 30 देशों की एक बैठक आयोजित की, जिसमें गाजा में इजरायल की हरकतों के खिलाफ कई कदमों पर सहमति बनी। इनमें हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध, हथियार ले जाने वाले जहाजों पर प्रतिबंध और इजरायली कंपनियों से जुड़े ठेकों पर पुनर्विचार शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञ फ्रांसेस्का अल्बानीज भी इस बैठक में रहीं और उन्होंने इसे पिछले 20 महीनों का सबसे अहम राजनीतिक घटनाक्रम करार दिया। अब सवाल यह है कि जनमत में इस बदलाव से जमीनी दशा भी कितनी बदल पाएगी। चूंकि अमेरिका से इजरायल को लगातार समर्थन और 70 फीसदी हथियार मिल रहे हैं, इसलिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में रक्षा बलों पर और पश्चिमी तट में बसने वालों पर शायद ही लगाम कसें। असल परीक्षा तो इस बात की होगी कि यूरोप क्या इजरायल पर प्रतिबंध लगाकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की शुल्क की धमकियों का जोखिम उठाएगा। लेकिन जिस तरह नाटो के देश फिलिस्तीन पर अमरीका से अलग रुख अख्तियार कर रहे हैं वह अमरीका की कूटनीतिक पराजय है।

विचार

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

–संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

–जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

–चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

–ज्ञानेश्वरी.

# ‘डेड नहीं’ वाइब्रेंट अर्थव्यवस्था है भारत



मनोज बाजपेयी

**अमरीकी टैरिफ से भारत का अमरीका को निर्यात कुछ हद तक प्रभावित होगा। इसमें फार्मा, जेम्स ज्वैलरी और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्र ज्यादा प्रभावित होंगे। लेकिन अमरीका के साथ जो व्यापार प्रभावित होगा भारत उसकी भरपाई दूसरे देशों को निर्यात बढ़ाकर आसानी से कर लेगा। इस तरह भारत पर कोई गंभीर असर नहीं पड़ेगा और भारत की प्रगति ट्रंप के टैरिफ के बाद भी दुनिया में सबसे तेज होगी।**

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 25 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा तब की है जब दोनों देशों के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है और इसी महीने अमरीकी दल ट्रेड डील पर निगोशिएशन के लिए भारत आने वाला है। स्पष्ट है कि ट्रंप प्रशासन की इस घोषणा के पीछे डोनॉल्ड ट्रंप की वह कारोबारी नीति है जिसमें किसी सौदेबाजी से पहले बड़े दावे करते हैं और फिर वहां से निगोशिएशन शुरू करते हैं। ट्रेड डील पर वार्ता से पहले ऊंचे टैरिफ की घोषणा का मकसद भी संभवतः यही है कि जब भारत और अमरीका की टीम द्वि-पक्षीय व्यापार पर निगोशिएशन के लिए टेबल पर बैठे तो अमरीकी पक्ष सौदेबाजी की शुरूआत 25 प्रतिशत के ऊंचे दर से करे। अब अगर सौदेबाजी 25 प्रतिशत से शुरू होगी तो मामला 15-18 प्रतिशत तक सेटल भी हो सकता है, ऐसी सोच ट्रंप प्रशासन की हो सकती है। दरअसल डोनॉल्ड ट्रंप प्रॉपटी डीलर रहे हैं और एक महान राष्ट्र के मुखिया होकर भी उन्होंने प्रापर्टी डीलर वाली प्रवृत्ति नहीं छोड़ी है। यही कारण है कि अमरीका को महान राष्ट्र बनाने का वायदा कर दोबारा राष्ट्रपति बने ट्रंप दुनिया भर के संसाधनों पर धौंस-पट्टी जमाकर कब्जा करना चाहते हैं। लेकिन अपने इस प्रयास में ट्रंप ने अमरीकी अर्थव्यवस्था और अमरीका के वैश्विक प्रभाव को बहुत नुकसान पहुंचाया है।

भारत पर ट्रंप प्रशासन की धमकी काम नहीं कर रही है क्योंकि भारत एक संप्रभु देश है और अपने फैसले राष्ट्रीय हितों के आलोक में करता है। ऐसे में ट्रंप अपना धैर्य खो रहे हैं और भारत के बारे में अनाप-शनाप बोल रहे हैं। यह भारत के लिए बल्कि अमरीका के लिए चिंता का विषय है कि उनका राष्ट्रपति दुनिया के सबसे बड़े देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बारे में कैसी अशोभनीय टिप्पणी कर रहा है? अमरीका महान राष्ट्र है और आज भी आर्थिक, सामरिक और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति है। इतने महान राष्ट्र और दुनिया के सबसे पुराने लोकतांत्रिक राष्ट्र का मुखिया दुनिया के बड़े और उभरते देश के बारे में अगर ओछी टिप्पणी करता है, तो यह भारत को नहीं बल्कि अमरीका को शर्मसार करती हैं।




अमरीकी राष्ट्रपति ने ट्रंप ने भारत को डेड इकोनमी कहा है। जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में प्रतिष्ठित अमरीकी आर्थिक रिसर्च फर्म गोल्डमैन सैच का दावा है कि वर्ष 2075 तक भारत की अर्थव्यवस्था अमरीका से बड़ी हो जायेगी। तब भारत की अर्थव्यवस्था 52.5 ट्रिलियन डॉलर की होगी और अमरीकी अर्थव्यवस्था 51.5 ट्रिलियन डॉलर की होगी। इस तरह गोल्डमैन सैच के अनुसार 2075 तक चीन की अर्थव्यवस्था का आकार 57 ट्रिलियन डॉलर का होगा और वह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। जबकि भारत 52.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर और अमरीका 51.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरी स्थान होगा। फिलहाल इस समय बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और ठीक उतनी ही तेजी के साथ अमरीका कर्ज में डूब रहा है। फिलहाल अमरीका की संघीय सरकार पर मार्च 2025 तक 36.5 ट्रिलियन डॉलर का सकल कर्ज था और यह हर साल औसतन तीन ट्रिलियन डॉलर की गति से बढ़ रहा है। यह सही है कि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और फिलहाल वैश्विक जीडीपी के करीब-करीब एक चौथाई से अधिक पर अमरीका का कब्जा है। लेकिन अगर हम जीडीपी को क्रयशक्ति के संदर्भ में देखें तो भारत की जीडीपी पीपीपी मोड पर 17 ट्रिलियन डॉलर है। नॉमिनल मोड पर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इसका आकार 4 ट्रिलियन डॉलर है। अगले दो वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज प्रगति के साथ ही लगभग आठ वर्ष में भारत की जीडीपी का आकार डबल हो रहा है।

विमर्श

भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, निर्यात बढ़ रहा है, अमरीका के साथ द्विपक्षीय व्यापार में भारत को सरप्लस हासिल है, मुद्रास्फीति, विकास दर, भुगतान संतुलन, विदेशी मुद्रा भंडार और वित्तीय घाटे की स्थिति पूरी तरह दुरुस्त है। यह सब डेड इकोनमी के नहीं बल्कि वाइब्रेंट इकोनमी के लक्षण हैं। अगर ट्रंप को उभरते हुए भारत के यह सब लक्षण नहीं दिखते हैं, तो कम से कम उनको गोल्डमैन सैच, फिच, आईएमएफ और विश्व बैंक की रिपोर्ट्स को पढ़ना चाहिए जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था की गुलाबी और चमकदार तस्वीर बतायी गयी है।

ट्रंप ने भारत पर टैरिफ और जुर्माने की घोषणा तब की है जब दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर बातचीत अंतिम चरण में है और इसी महीने अमरीकी दल बातचीत के लिए भारत आने वाला है। अगस्त में ही दोनों देशों के बीच एक अंतरिम समझौते के सामने आने की भी संभावना है। दरअसल दोनों देशों के बीच बुनियादी पेंच कृषि, डेयरी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन आदि को लेकर फंसा है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों, उद्यमों के हितों के मद्देनजर ये क्षेत्र व्यापार के लिए पूरी तरह खोलना नहीं चाहता अथवा शुल्क को कम करने को भी तैयार नहीं है, लेकिन अमरीका आमादा है कि उसे भी इन क्षेत्रों में कारोबार करने की अनुमति दी जाये। अमरीकी टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था पर कितने और क्या प्रभाव पड़ेंगे, उसकी समीक्षा सरकार ने शुरू कर दी है। अमरीकी रुख में भारी विरोधाभास भी रहता है। राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर भारत और प्रधानमंत्री मोदी को दोस्त और रणनीतिक साझेदार कहते नहीं थकते। दूसरी ओर व्यापार समझौते के विमर्श के बावजूद 25 फीसदी टैरिफ थोप दिया है। सवाल है कि भारत के लिए अमरीका के किस किरदार को स्वीकार किया जाये? बीते वित्त वर्ष के दौरान दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डॉलर का कारोबार हुआ। भारत का अमरीका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत अमरीका को 86 अरब डॉलर का मॉल निर्यात करता है और अमरीका से 45 अरब डॉलर का सामान आयात करता है। इस तरह भारत को द्विपक्षीय व्यापार में अमरीका से 40 अरब डॉलर से ज्यादा का सरप्लस हासिल है। लेकिन भारत को यह सरप्लस इसलिए है कि भारत के सामान अमरीका को सस्ते में मिलते हैं। दरअसल अमरीका सबसे ज्यादा रूस के साथ भारत के तेल और हथियारों के व्यापार से चिढ़ता है। राष्ट्रपति ट्रंप का बार-बार कहना है कि भारत के साथ अमरीका का कारोबार कम हुआ है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है। भारत रूस से कच्चा तेल खरीदता है। यह सही भी है। 2024 में भारत ने करीब 43 फीसदी तेल रूस से खरीदा। रूस से ही हर साल 2-3 अरब डॉलर के रक्षा उपकरण भारत खरीदता है। बीते 10 साल में जरूरत का 70 फीसदी सामान रूस से ही खरीदा गया, जबकि 2008 के बाद अमरीका से 24 अरब डॉलर के रक्षा-सौदे हुए। बहरहाल अमरीकी टैरिफ से भारत का अमरीका को निर्यात कुछ हद तक प्रभावित होगा। इसमें फार्मा, जेम्स ज्वैलरी और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्र ज्यादा प्रभावित होंगे। लेकिन अमरीका के साथ जो व्यापार प्रभावित होगा भारत उसकी भरपायी दूसरे देशों को निर्यात बढ़ाकर आसानी से कर लेगा और इस तरह भारत पर कोई गंभीर असर नहीं पड़ेगा और भारत की प्रगति ट्रंप टैरिफ के बाद भी दुनिया में सबसे तेज होगी।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

सोशल मीडिया

सुबह इतनी काली है, तो रात का आलम क्या होगा? सर्वोच्च नेता के हैं दो मतदाता कार्ड, तो इनके कार्यकर्ता का हाल क्या होगा? तेजस्वी ने अपने लोगों के क्या दो दो कार्ड बनवायें हैं? संबित पात्रा



आंध्र प्रदेश के लिए कई नयी घोषणा की गयी हैं, जो विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, सहज संपर्क और तेजी से आर्थिक विकास के लिए एक मंच स्थापित करना है। निहित गडकरी.



राजस्थान के झाला-वाड़ में स्कूल की छत गिरने से हुई बच्चों की मौत हृदय विदारक है, स्कूलों की बिल्डिंग की समय समय पर जांच होती ही रहनी चाहिए। अखिलेश यादव



# आत्मिक अनुभूति

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये।

आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है।

अंतर्दृष्टि

यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# पड़ोसी देश की मीठी बातें...

व्यंग्यलोक

पड़ोसी देश पाकिस्तान की हालत खराब हो गयी तो पहले उसने इधर-उधर से भीख मांग कर कुछ दिन आराम से उड़ाया और फिर आटा बेचने की एक दुकान खोल ली। वह इधर-उधर के देशों में जाता और आटा बेचने की कथा कहता। लेकिन आटा बेचने की उसकी मीठी बातों का किसी पर कोई असर नहीं होता। उसके आटे की कोई बिक्री नहीं होती। इधर उसका पड़ोसी अफगानिस्तान भी कम नहीं था। उसके भी व्यापारिक संकट आ गया, तो उसने तेल बेचने की दुकान खोल ली। लेकिन इसका भी तेल कोई नहीं खरीदता। दोनों अपने-अपने पड़ोसियों से सिर्फ भीख मांगने का ही काम किया करते। कर्जे के तले दबे दोनों परेशान रहते। दोनों की कोई बिक्री नहीं हो रही थी। दोनों की बातों पर पूरी दुनिया को कोई विश्वास नहीं था। वे आपस में एक दूसरे को आतंकवादी सप्लाई करते और बैठे-बैठे मक्खियां ही मारा करते। तेल विक्रेता अफगानिस्तान और आटा बेचने वाले पाकिस्तान की दुकानें अगल-बगल में ही थी। आतंकवाद के तराजू में तोलने वाली सोच के कारण उनके घनघोर व्यापारिक संकट पैदा हो गया। कई-कई दिन बीत जाते, दोनों की बोहनी तक न होती। परेशान होकर दोनों ने बोरियत मिटाने के लिए आपसी विमर्श किया कि वे दोनों बारी-बारी से एक दूसरे की दुकानों पर जाएंगे और वस्तु का मोल भाव करेंगे। इससे बिक्री हो न हो उनका कुछ समय कट जाएगा। पब्लिक इससे मूर्ख बन जाएगी और उन्हें बड़ा मजा आएगा। दोनों ने महान व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार पहले तेल विक्रेता अफगानिस्तान पाकिस्तानी आटे की दुकान पर गया। उसने आवाज लगाई- औ पाकी! एक लीटर आटा देना। पाकिस्तान ने उसे समझाया- ब्रदर! ये आटा है। तेल नहीं। आटा लीटर में नहीं किलो में बिकता है। जाओ दुबारा से आकर आटा मांगो। तेल विक्रेता वापस जाकर आया। चिल्लाया- अरे औ पाकी! एक किलो आटा देना बोतल में! पाकिस्तान फिर परेशान हो गया। अफगानिस्तान को समझाया कि आटा किलो के माप में बिकता है और बोतल में नहीं भरा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय नियमों का कुछ तो पालन करो ब्रदर! अब चलो तुम मेरी दुकान पर बैठ जाओ। मैं डेमो देता हूं कि आटा कैसे मांगना है? तेल विक्रेता अफगानिस्तान आटे वाले पाकिस्तान की दुकान पर बैठ गया। पाकिस्तान बाहर जाकर वापस अपनी ही दुकान में घुसा और आटा बेच रहे तेल व्यापारी अफगानिस्तान से कहा- ब्रदर ए ब्रदर! एक किलो आटा देना! नकली आटा विक्रेता अफगानिस्तान ने तपाक से सवाल किया- बोतल लाए हो क्या? दोनों की बातें सुनकर पास में खड़ा चाइना जोर-जोर से हंसने लगा। मीठी बातें करने एवं तेल लगाने में उस्ताद चाइना ने दोनों देशों में अपना तेल और आटा लगाने का भारी कारखाना खोल दिया।



राम विलास जॉगिड़

# लैंगिक समानता का अनूठा उदाहरण है ‘विष्णु मंदिर’



चमोली/पर्यटन

मैं चमोली में इत्तेफाक से ही था। मुझे मालूम हुआ कि उरगम वादी में स्थित फुलानारायण मंदिर के कपाट खुले हुए हैं। मेरे तो जैसे भाग्य ही खुल गये। मुझे अपनी किस्मत पर नाज हुआ। यह शताब्दियों पुराना विष्णु मंदिर हिमालय की गोद में बहुत ऊंचे और घने जंगलों के बीच में स्थित है। इसके कपाट साल में केवल 45 दिन के लिए खुलते हैं। इस साल इसके द्वार 20 जुलाई 2025 को भक्तों के लिए खोले गये और 2 सितम्बर 2025 को नंदा अष्टमी के दिन फिर से सालभर के लिए बंद कर दिये जायेंगे। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें लैंगिक समता का विशेष ध्यान दिया जाता है। पिछले लगभग 200 साल से इस मंदिर की सेवा करने के लिए बहुत खामोशी के साथ एक पुरुष व एक महिला का चयन किया जाता है, जो संयुक्त रूप से पुजारियों की भूमिका अदा करते हैं।

स्थानीय पंचायत दोनों पुजारियों का चयन एक साल एडवांस में करती है और वह भी केवल 45 दिन के एक सालाना चक्र के लिए। इसका अर्थ है कि विष्णु मंदिर में कोई स्थायी पुजारी नहीं होता है। मैं जब मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचा तो मुझे मालूम हुआ कि इस बार पुजारी की भूमिका निभाने का श्रेय राजेश्वरी देवी और विवेक सिंह को दिया गया है। भरकी गांव की राजेश्वरी देवी 55 साल से अधिक की हैं और महिला पुजारी का न्यूनतम इतनी आयु का होना अनिवार्य है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसका मासिक धर्म हमेशा के लिए बंद हो चुका है, क्योंकि गांव की पौराणिक परम्पराओं के अनुसार रजस्वला स्त्री को पुजारी नहीं बनाया जा सकता। बहरहाल, राजेश्वरी देवी की जिम्मेदारी यह है कि वह फूलों की व्यवस्था करें, तुलसी के हार तैयार करें और भक्तों को दिया जाने वाला प्रसाद कुक करें। विवेक सिंह का संबंध पास के बैंथा गांव से है। वह मुख्य आरती व पूजा का नेतृत्व करते हैं। पूरे 45 दिन के चक्र के दौरान दोनों का मंदिर प्रांगण में रहना अनिवार्य है। फुलानारायण में यह प्रथा कब से आरंभ हुई, इसका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है। लेकिन भरकी व बैंथा के निवासियों के लिए यह प्रथा जारी है। इस वार्षिक पार्टनर शिप को किसी राजनीतिक घोषणा ने आकार नहीं दिया है बल्कि खामोश दोहराव से यह वजूद में आयी है। राजेश्वरी देवी ने बताया, मुख्य जिम्मेदारी दिया जाना महिलाओं के लिए सम्मान की बात है। चूंकि घोषणा सालभर पहले कर दी जाती है, तो हमें कोई समस्या नहीं होती है। इससे चयन किये गये पुजारियों को अपनी भूमिकाएं अदा करने के लिए तैयारी करने का पर्याप्त समय मिल जाता है। राजेश्वरी देवी को ताजी तुलसी के साथ ही जंगली फूल भी एकत्र करने होते हैं। मंदिर में ही कुछ स्थानीय लोगों से मुलाकात हो गई, जो मेरी तरह विष्णु भगवान के दर्शन करने के लिए आये थे। उनमें से एक ने मुझे बताया, यह तो हमें अपने पूर्वजों से पीढ़ी दर पीढ़ी विरासत में मिला है। हर पुजारी का अलग, लेकिन आवश्यक कार्य है। मंदिर समुद्र की सतह से लगभग 3,000 मीटर ऊंचाई पर स्थित है, जिसकी वजह से भी यह एकदम अकेला खड़ा दिखायी देता है। मंदिर तक पहुंचने के लिए जो हेलांग से कल्पेश्वर तक की सड़क है, वह 13 किमी की है और पूरी तरह से टूटी हुई है, जिस पर जान जोखिम में डालकर ही चला जा सकता है। विकास की छाया भी अभी तक यहां नहीं पहुंची है। कल्पेश्वर से खड़े 4 किमी के ट्रेक पर चलना पड़ता है। देवदार व शाहबलूत के पेड़ों के साये में, तब फुलानारायण तक पहुंचा जाता है। हालांकि कल्पेश्वर महादेव, गुफा मंदिर, पास में ही है, जो पंच केदार परिक्रमा का हिस्सा है और अब पूरे साल में कभी भी उस तक पहुंचा जा सकता है, क्योंकि मात्र 300 मीटर ही सड़क उससे दूर है, लेकिन फुलानारायण मंदिर पूर्णतः ऑफ-ग्रिड है और किसी भी ऐसे रूट से जुड़ा हुआ नहीं है जिस पर मोटर चल सके। भरकी गांव की महिला मंगल दल की प्रमुख सविता देवी ने बताया, हेलांग से उरगम गांव तक की सड़क बहुत ही दयनीय स्थिति में है। हमारी मांग है कि इस सड़क की मरम्मत को वरीयता दी जाये, क्योंकि ऐसा करने से तीर्थ व पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि हो जायेगी। यह सही है कि विकास के लिहाज से यह गांव बहुत पिछड़ा हुआ है, लेकिन सामाजिक सहयोग व भाईचारे में बहुत आगे है। उरगम वादी का अपने आपमें बहुत आध्यात्मिक महत्व है। कल्पेश्वर महादेव के अतिरिक्त इसमें अनेक प्राचीन मंदिर हैं- ध्यान बद्री, उर्वा ऋषि और बंसी नारायण। बंसी नारायण 8वीं शताब्दी का मंदिर है, जो भगवान कृष्ण को समर्पित है।

**समीर चौधरी.**

## आप की बात

### शहरों का बढ़ता आकार

भविष्य में भारत के शहरों में बड़े पैमाने पर प्रगति के अवसर उत्पन्न होने वाले हैं। शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। हमे शहरों के तेज विकास के लिए परियोजनाओं में तेजी लानी होगी। आईटी, एआई, स्मार्ट मोबिलिटी, उम्दा बुनियादी ढांचा और इको फ्रेंडली निर्माण के जरिए जहां बड़े पैमाने पर हम अवसरों को सृजित कर सकते हैं वहीं आर्थिक प्रगति भी तेज होगी।

**राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.**

### मानवता के लिए है योग

मानव जीवन के लिए योग जरूरी है। मानवता के कल्याण, विश्व शांति और भातृत्व के लिए विकास के लिए अब तक इस धरती पर ज्ञात सभी चीजों में योग सबसे वैज्ञानिक तौर-तरीका है। कई बार हमारे आग्रह-दुराग्रह मनोमस्तिष्क पर इतनी प्रबलता के साथ हॉवी हो जाते हैं कि हम सब कुछ जानते, समझते हुए भी सच को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। यह बात योग के साथ भी है। योग हमारे स्वास्थ्य के लिए, जीवन में आनन्द के लिए और बीमारियों को कम करने के लिए वेलनेस केयर के तौर पर बहुत ही महत्वपूर्ण है। योग हमे स्वस्थ भी रखता है, सानन्द भी रखता है और हमारे मनोमस्तिष्क को शांति प्रदान करता है। इसे हर कोई जानता है, लेकिन फिर भी कोई न कोई सिरफिरा, शातिर और धर्मांध हर साल सामने आ जाता है और योग को एक खास धर्म से जोड़ कर दूसरे धर्म के लोगों को इससे बचने की बात करने लगता है। अगर हम इस संकीर्णता से ऊपर उठकर योग को उसके सही परिप्रेक्ष्य में देखें तो योग ही है जो दुनिया को शांति, सौहार्द, आनन्द और लंबे जीवन के मार्ग पर आगे ले जाने में सक्षम है। आर्थिक प्रगति परस्पर प्रतिस्पर्धा, युद्ध और अतिशय भोग-विलास को जन्म देती है। प्रगति ने ही पर्यावरण को इस हद तक गड़बड़ कर दिया है कि अब वैज्ञानिक भविष्यवाणी करने लगे हैं कि अगले कुछ दशकों में हमे आर्कटिका में बर्फ के दर्शन नहीं होंगे। ग्लोबल वार्मिंग के भयानक परिणाम के रूप में ध्रुवीय क्षेत्र के बर्फ पिघलकर समुद्र में मिल जायेंगे और समुद्र का बढ़ा हुआ जल स्तर एक अरब से अधिक लोगों को विस्थापित कर देगा और कई देश समुद्र में विलीन हो जायेंगे। इन सब परिस्थितियों से बचने के लिए, प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय राज्यों की बढ़ती महत्वाकांक्षा जनित तनाव, युद्ध और बम-बारूद पर बैठी दुनिया को ‘हीलिंग टच’ देने का सबसे प्रबल उपाय योग है। इसीलिए सभी को जीवन में आनन्द के लिए योग अपनाना चाहिए।

**ज्ञान प्रकाश वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## अग्निवीर भर्ती रैली आज से

**अयोध्या।** कर्नल एस0के0 मोर ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली 04 अगस्त 2025 से आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस अमेठी द्वारा अयोध्या की सिविल प्रशासन के सहयोग से डोगरा रेजीमेंटल ग्राउंड, अयोध्या कैंट में शुरू की जा रही है।

इसमें उत्तर प्रदेश के 13 जिलों अमेठी, कौशांबी, रायबरेली, प्रतापगढ़, अयोध्या, सिद्धार्थ नगर, प्रयागराज, सुल्तानपुर, बस्ती, अंबेडकर नगर, महाराजगंज, संत कबीर नगर और कुशीनगर से युवाओं की भागीदारी रहेगी। यह रैली केवन भर्ती प्रक्रिया नहीं, बल्कि सेना और प्रशासन के सहयोग से युवाओं को पारदर्शी और मेरिट-आधारित अबसर प्रदान करने का एक संयुक्त प्रयास है। सभी प्रतिभागी पहले ही ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब वे अपनी शारीरिक क्षमता और दस्तावेजों की जांच के माध्यम से योग्यता साबित करेंगे। भारतीय सेना भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करती है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने आत्मविश्वास और तैयारी पर विश्वास रखें तथा किसी भी प्रकार के दलालों या भ्रामक जानकारी से सावधान रहें।

# मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन चौदह कोसी और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** मंडलायुक्त राजेश कुमार ने विगत देर शाम को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के साथ जनपद अयोध्या में निमार्णाधीन चैदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य में भूमि/भवन अधिग्रहण से सम्बन्धित बाधाओं के निस्तारण एवं मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी (एफ/आर) महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानंद पांडे, उप जिलाधिकारी (सदर) राम प्रसाद त्रिपाठी सहित कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो०नि०वि०, अयोध्या तथा अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहें।

अधिशासी अभियन्ता, नि० ख०-3 द्वारा मार्ग के संरेखण में भूमि/भवन से सम्बन्धित विभिन्न बाधाओं से अवगत कराया गया। अधिशासी अभियन्ता, नि० ख०-3, लो०नि०वि०, अयोध्या व उपजिलाधिकारी (सदर) को निर्देशित किया गया कि मार्ग के संरेखण में आ रहे भवन, बाउन्ड्रीवाल इत्यादि हेतु जहाँ-जहाँ बैनामें हो चुके है एवं ध्वस्तीकरण शेष है, को लो०नि०वि० एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एनाउन्समेन्ट कराते नियमानुसार उक्त भवनों / बाउन्ड्रीवाल इत्यादि का ध्वस्तीकरण का कार्य कराना सुनिश्चित करें। परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य में मैन पावर बढ़ाने एवं पर्याप्त मशीनरी आदि की व्यवस्था करते हुए निर्माण की गति को बढ़ाने एवं मार्ग पर डिवाइडर निर्माण के कार्य को अविलम्ब प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।

जल निगम को जनौरा अण्डरपास से उदया तिराहा तक मार्ग के भाग में सीवर लाइन एवं वाटर सप्लाई लाइन के शेष कार्यों को अविलम्ब पूर्ण कराते हुए मार्ग को लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। लोक निर्माण विभाग, जल निगम एवं अन्य सम्बन्धित विभागो को आपस में समन्वय / संवाद स्थापित करते हुए परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य को मानक एवं विशिष्टयों के अनुरूप गुणवत्तापरक पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

यह भी स्पष्ट किया गया कि परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य को आगामी माह अक्टूबर 2025 में जनपद अयोध्या का प्रान्तीयकृत दीपोत्सव, चैदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मेले के आयोजन से पूर्व पूर्ण करा लिया जाये, ताकि समय से उक्त प्रान्तीयकृत मेलो का ससमय आयोजन किया जा सके।

## दो भवनों का लोकार्पण आज

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित मल्टीपरपज हॉल (तुलसी भवन) एवं इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी (धन्वंतरी भवन) का लोकार्पण कल दिनांक 4 अगस्त 2025 को दोपहर 12.30 बजे प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा किया जाएगा। इसी क्रम में धन्वंतरी भवन के समक्ष कुलाधिपति द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। धन्वंतरी भवन के हॉल में कुलाधिपति का संक्षिप्त संबोधन एवं अंतर विश्वविद्यालय के विजेता खिलाड़ियों तथा उनके कोचों को सम्मानित किया जाना है। क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में सात महिला एवं सात पुरुष वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं। कुलाधिपति द्वारा सायं 3:00 बजे से कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में समीक्षा बैठक की जाएगी। कुलाधिपति द्वारा परिसर के अहिल्याबाई होल्कर महिला छात्रावास, आचार्य नरेंद्र देव महिला छात्रावास, मूल्यांकन भवन, श्री राम शलभ भवन का निरीक्षण भी किया जाएगा। भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का निरीक्षण भी किया जाना है।

## पूर्व कारागार मंत्री ने किया भण्डारे का शुभारंभ



**बाराबंकी।** डॉ. श्याम सिंह सेवा संस्थान के तत्वावधान में शिवभक्तो हेतु राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कॉलेज बड़ेल मे भण्डारे का शुभारम्भ पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना व भोग के उपरान्त किया। इस मौके पर पूर्व कारागार मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि श्रावण महीना भगवान भोलेनाथ को अत्यन्त प्रिय है। इस महीने के प्रारम्भ होते ही तामसिक वस्तुओं जैसे मांस-मदिरा, लहसुन प्याज आदि को छोड़कर सात्विक भोजन करते हुए शिव की सच्ची आराधना भक्तों की समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करती है। शिव भक्ति सम्पूर्ण जनमानस को सच्ची श्रद्धा के साथ-साथ पवित्र आचरण का संदेश देती है। इस मौके पर संस्थान महामंत्री डॉ0 विकास यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, सरताज चैधरी, भारत सिंह यादव, शौर्य सिंह यादव, यासिर अराफात किदवाई, दिनेश शर्मा, विकास पाण्डेय, नवीन श्रीवास्तव, दीनदयाल यादव, राम प्रकट यादव, डा0 जगन्नाथ वर्मा मौजूद रहे।

## करंट लगने से 2 की मौत

**बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेव मेला परिसर में करंट उतरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कई घायल हो गये। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर मे इलाज हेतु भर्ती करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील रामनगर अन्तर्गत महादेवा पुलिस चैकी के निकट मार्केट मे एक फोटो स्टूड़ियो के चढ़ने वाली लोहे की सीढ़ियो पर कंरट आने से संजय (35) पुत्र घसीटे निवासी गोबरहा थाना रामनगर व हौसला (30) निवासी गुलरिहा की मौत हो गई। जबकि कई घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। तथा रेस्क्यू आपरेशन चलाते हुये घायलो को अस्पताल पहुंचाया। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश जारी करते हुये मृतको के परिजनो को आर्थिक सहायता देने की बात कही है।

## पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के लिए समय-सारिणी निर्धारित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्र/छात्राओं हेतु संचालित पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए शासन द्वारा आवेदन से लेकर वितरण हेतु समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। सुश्री भारद्वाज ने बताया कि शिक्षण संस्था द्वारा मास्टर डाटा तैयार की कार्यवाही 05 अक्टूबर 2025, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन की कार्यवाही 15 अक्टूबर 2025, छात्र-छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि 30 अक्टूबर 2025, शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 06 नवम्बर 2025 निर्धारित है।

## कुलपति ने नवीन परिसर का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नवीन परिसर (वशिष्ठ परिसर) का विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा नवीन परिसर के दो प्रमुख भवनों मल्टी पर्पस कंपलेक्स (तुलसी भवन) एवं इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी (धन्वंतरी भवन) का लोकार्पण किया जाना है। कुलाधिपति के आगमन के तहत चल रही तैयारी का कुलपति ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। लोकार्पित किए जाने वाले भवनों की साफ-सफाई के साथ व्यवस्थित किए जाने के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया। लोकार्पित किए जाने वाले भवनों को सुसज्जित किया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो आशुतोष कुमार सिन्हा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो नीलम पाठक, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो सुरेन्द्र मिश्रा, डॉ विनोद कुमार चैधरी, क्रीड़ा सचिव प्रो आशीष प्रताप सिंह, सहायक अभियंता आरके सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# नारकीय जीवन जीने को विवश लालापट्टी के ग्रामीण

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र का एक छोटा-सा गांव अंजरौली पूरे लालापटी आज भी उस बुनियादी सुविधा से नहरूम है। यहां से विकास कोसों दूर है। यहां वर्षों तक सड़क नहीं थी, और जब लगभग 15 साल पहले एक खड़ंजा मार्ग बना, तो लोगों को उम्मीद जगी कि अब विकास के चलते बदलाव आ जाएगा। लेकिन ग्रामीणों की उम्मीद पर पानी फिर गया

- **टूटी सड़क के चलते वाहन से चलना तो दूर पैदल हुआ दुश्वार**

और खड़ंजा मार्ग झाड़ियों तथा गड्ढों में तब्दील होकर कचरे और कीचड़ से पट गया। बताते चने की मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत बड़ी ग्राम पंचायतके रूप में अंजरौली आज भी विद्यमान है जिसका एक छोटा सा पुरवा लालापटी है। उस पुरवे को जाने वाली सड़क सिर्फ कागजों में ही साफ-सुथरी है। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पूरी सड़क झाड़ियों और घास से इस कदर ढँक चुकी है कि लोगों को यह याद ही नहीं रहता कि कभी यहां से पक्की सड़क गुजरी थी। जगह-जगह सड़क टूटी हुई है, और झाड़ियाँ इतनी घनी हैं कि दिन में भी रास्ता पार करना मुश्किल हो जाता है। गांव के लोग बताते हैं कि सड़क बनी तो हमें लगा कि अब गांव के गरीब लोगोंके बीमार होने पर एंबुलेंस आ सकेगी, बच्चे स्कूल आसानी से जा सकेंगे, पर अब हालत और भी खराब हो गई है। झाड़ियों में साँप-बिच्छू सहित विषैले जानवर रहते हैं। ग्रामीण बारिश में तो डर के मारे निकलते भी नहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोग कई बार प्रधान से कहा गया लेकिन न कोई सफाई कर्मचारी आता है, न ही कोई मरम्मत होती है।



स्कूल जाने वाले बच्चों को झाड़ियों के बीच से होकर निकलना पड़ता है, जो बेहद खतरनाक है। ग्राम वासी युवा सुरजीत पाण्डेय और धर्मेंद्र कुमार बताते हैं कि उन्होंने कई बार ब्लॉक कार्यालय में शिकायत की, लेकिन अधिकारी या तो जांच के नाम पर टाल देते हैं अथवा यह कहकर बात को खत्म कर देते हैं कि ह्लबजट नहीं आया है। गांव के लोगों ने पंचायत में भी इस मुद्दे को कई बार उठाया, लेकिन समाधान आज तक नहीं हो सका। बरसात के मौसम में तो सड़क पूरी तरह कीचड़ और जलभराव से भर जाती है। झाड़ियों की वजह से न तो वाहन चल सकते हैं, न ही पैदल चलना सुरक्षित है। महिलाओं और बुजुर्गों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कत होती है। यहां तक कि एंबुलेंस वाले इस रास्ते से आने से मना कर देते हैं। उन्होंने बताया कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी के आज तक पुरवे में दर्शन तक नहीं हुए हैं। लालापटी गांव के लोग अब फिर से उसी मांग को लेकर खड़े हैं सड़क नहीं, तो विकास नहीं।

## वित्तविहीन शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति से सरकार पर हुआ भरोसा



**अयोध्या।** वित्तविहीन शिक्षकों की एक बैठक गायत्री इण्टर कालेज नउआ कुंआ पर आयोजित की गई। जिसमें संगठन के प्रधान महासचिव जियारत हुसैन ने शिक्षकों से आनलाइन उपस्थिति पर चर्चा करते हुये यह स्पष्ट किया कि सरकार आनलान उपस्थिति के माध्यम से शिक्षकों का व्यौरा एकत्रित कर रही है वह यह आंकडा लगाना चाहती है कि यह स्पष्ट हो जाये कि वास्तव में कितने शिक्षक कार्यरत है इस आधार पर सरकार सेवानिमावली बनाते हुये वित्तविहीन शिक्षको के मानदेय का निर्धारण करेगी। महासचिव ने बताया कि वित्तविहीन शिक्षक एवं कर्मचारियों का जागरूकता अभियान लगातार चलते हुये आज 22 वां जनपद प्रभु श्रीराम जी की धरती अयोध्या पर है घनघोर बारिश के बावजूद शिक्षको और कर्मचारियों का उत्साह कम नहीं हुआ और अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुचें। उन्होने कहा जल्द ही सरकार शिक्षकों का डाटा एकत्र करके मानदेय की भी घोषणा करेगी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष रोहित मिश्रा, संरक्षक गुरू प्रसाद त्रिपाठी, राममूर्ति पटेल, राजा राम यादव, बांके तिवारी, श्री कृष्ण द्विवेदी, दुखहरण शुक्ला, अजय वर्मा, गुड्डू यादव, राम प्रताप यादव, ओम प्रकाश सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कार्तिकेय कुमार श्रीवास्तव ने दी।

# जिला कारागार में 120 कैदियों की क्षमता की बन रही बैरक

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार जेल सुधार और कैदियों की बेहतर सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में अयोध्या के जिला कारागार में 120 कैदियों की क्षमता वाली नई बैरकों का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। परियोजना के तहत चार बैरक बनाए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 30 कैदियों की होगी। कारागार

- **कारागार विभाग भूतल और प्रथम तल पर करा रहा निर्माण**
- **3.62 करोड़ आएगी लागत, वर्ष के अंत तक बनकर होगा तैयार**
- **30-30 की क्षमता के चार बैरक बन रहे**

विभाग द्वारा भूतल और प्रथम तल पर इन बैरकों का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 3.62 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसे वर्ष 2025 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) इस परियोजना की कार्यदायी संस्था है। अभी तक 30 फीसदी के करीब कार्य पूरा हो चुका है, और सुपर स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

सरकार का यह कदम जेलों में भीड़भाड़ को कम करने और कैदियों के लिए बेहतर रहन-सहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। अयोध्या जिला कारागार में कैदियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन बैरकों का निर्माण आवश्यक हो गया था। नई बैरकों से न केवल कैदियों को पर्याप्त स्थान मिलेगा, बल्कि जेल प्रशासन को व्यवस्थाओं को और सुचारु बनाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, सरकार ने जेलों में सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे सीसीटीवी कैमरों और अन्य निगरानी उपकरणों की स्थापना पर भी जोर दिया है। कारागार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि परियोजना के पूरा होने से जेल की क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे कैदियों के रहन-सहन की स्थिति में सुधार होगा। सरकार का मानना है कि जेलों में सुधार न केवल कैदियों के पुनर्वास में सहायक होगा, बल्कि समाज में अपराध की रोकथाम में भी योगदान देगा। यूपीपीसीएल के अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया की नई बैरकों का डिजाइन आधुनिक मानकों पर आधारित है, जो कैदियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करेगा। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## महिला जनसुनवाई छह अगस्त को

ललितपुर। महिला उत्पीड़नी की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता हेतु 06 अगस्त को सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी। इसके पश्चात अपराह्न में महरौनी क्षेत्र में जनचैपाल आयोजित कर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुनेंगी एवं चैपाल में उपस्थित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से उनका निस्तारण करवाएंगी।

# सम्पूर्णता अभियान समारोह का दूसरा दिन रहा छात्र-छात्राओं के नाम

जिला संवाददाता

**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूंचकाकों के संतृप्तिकरण के उपरान्त कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट उत्थान (आडिटोरियम) में 02 से 06 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों एवं अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शरदपारा के छात्र-छात्राओं द्वारा ये धरती अपनी ये आसमां हमारा, जलवा-जलवा तथा भगवान श्री कृष्ण पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय अजीजपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत फ्री फ्लो योगा एवं आर्टेस्टिक सोलो डांस तथा हमार देशवा सोनवा की चिरैय्या सामूहिक गान की दर्शकों द्वारा मुक्तकंठ से सराहना की गई। नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय काजीपुरा के



छात्र-छात्राओं ने यह देश है वीर जवानों का देशभक्ति समूहगान तथा कविता पाठ को सुनकर मौजूद लोग भी अपने आप को वाह-वाह करने से रोक नहीं सके। विकास खण्ड हुजूरपुर अन्तर्गत ब्लू बेल्स इवरग्रीन ताजपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा जाने नहीं देंगे तथा शहीद भगत सिंह पर आधारित नाटिका की प्रस्तुति को भी सराहा गया। ब्लाक तजवापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहटाभया के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सारे जहां से अव्छा हिन्दोस्तां हमारा व मेरे देश की धरती सोना उगले जैसे देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने आडिटोरियम में ऊर्जा का संचार कर दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम धनंजय सिंह व परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण मनीष कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग के लेखाधिकारी वीरेश वर्मा, बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गद्दोपुर बचाओ संघर्ष समिति का आंदोलन लगातार जारी




**अयोध्या।** लखनऊ रेल लाइन और इलाहाबाद रेल लाइन के बीच रेलवे बाईपास निकालने के विरोध में इलाके के लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। गद्दोपुर (लाला लाजपत राय वार्ड) के लोगों का घर और जमीन इस रेलवे लाइन के बीच आने के चलते लोगों में भारी आक्रोश और दुख है३ आज इस आंदोलन में सपा के पूर्व मंत्री पवन पांडे शामिल हुए इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे महिला और पुरुष अपना दुख व्यक्त करने लगे और उन्होंने मांग की कि वह उनकी आवाज रेल मंत्रालय तक पहुंचाएं जिससे उनके घर और उनकी जमीन बचाई जा सके ग्रामीणों की मांग थी कि रेलवे लाइन बाईपास को और कहीं स्थानांतरित किया जाए जिससे लोगों की कम क्षति हो सके। रेलवे लाइन के निर्माण से लोग पूरी तरह से बर्बाद हो रहे हैं पूरे जीवन की जमा पूंजी खर्च कर घर बनवाकर रह रहे भारी संख्या में सैनिकों के परिवार भी प्रभावित हो रहे हैं। सैकड़ो सालों से यहां पर रह रहे लोगों को अब समझ में नहीं आ रहा है कि वह कहां जाए।

पूर्व मंत्री ने इस दौरान कहा कि वह लोगों की आवाज बनेंगे और इसे दिल्ली तक ले जाएंगे सांसद अवधेश प्रसाद रेल मंत्रालय समिति में सदस्य हैं उनसे बात की गई है और वह यह मामला संसद में भी उठाएंगे और किसी भी कीमत पर इस सर्वनाश से लोगों को बचाया जाएगा। भारी समर्थकों के साथ पहुंचे पवन पांडे ने लोगों को आश्वासन दिया कि वह उनकी लड़ाई में कदम से कदम मिलाकर चलेंगे और लोगों को न्याय दिलाएंगे सरकार के फैसले से अयोध्या में भारी क्षति हो रही है जिसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। पूरी तरह से लोगों को बर्बाद करने की मंशा से सरकार काम कर रही है जब रेल बाईपास गुजर रहा था तो उसका सही से मार्ग चयन किया जाना चाहिए था जिससे लोगों को कम नुकसान होता और उसका उन्हें उचित मुआवजा भी मिलता लेकिन सब मनमाने तरीके से किया जा रहा है आम जनता को कितना नुकसान झेलना पड़ रहा है यह इस सरकार में कोई सुनने वाला नहीं है।

# आकर्षण का केन्द्र बन रहीं गेहूं के डंठल से निर्मित कलाकृतियां

जिला संवाददाता

**बहराइच।** शहर के मोहल्ला बशीरगंज निवासी कृष्ण शंकर प्रसाद उर्फ गोपाल गुप्ता पिछले कई सालों से गेहूं के डंठल से मनमोहक कलाकृति बना रहे हैं। बचपन में घर व आस-पास की निष्प्रयोज्य सामग्री से कुछ रचनात्मक वस्तु का निर्माण कर कमरे में सजावट के तौर सजाने का शौक कब एक जुनून के रूप में तब्दील हो गया, शायद यह बात उनको स्वयं नहीं मालूम। एक जनपद-एक उत्पाद योजना अन्तर्गत गेहूँ के डंठल से निर्मित कलाकृति के शामिल होते ही श्री गुप्ता को जहां कार्य करने के लिए जहां एक ओर प्रोत्साहन मिला वहीं निर्मित कलाकृति की बिक्री से होने वाली आय ने परिवार को भी सहारा दिया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत यूनिक स्वयं सहायता समूह के गठन करने के पश्चात श्री गुप्ता ने वर्षों की मेहनत से सहेजे गये इस हुनर को दूसरे तक पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया। श्री गुप्ता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही जिला कारागार में निरूद्ध महिला एवं पुरूष बन्दियों को सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत गेहूँ के डंठल से कलाकृति बनाने का प्रशिक्षण प्रदान कर लगभग 40 बन्दियों को न सिर्फ हुनरमन्द बनाया बल्कि उनसे कलाकृतियां भी बनवायी जा रहीं है। श्री गुप्ता द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह निरन्तर महिलाओं को गेहूँ के डंठल से कलाकृति बनाने का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। साथ ही उन्हें कार्य का अवसर प्रदान कर जीविकोपार्जन में सहायता भी प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता द्वारा गेहूँ के डंठल से निर्मित कलाकृति की सराहना देश की मा. राष्ट्रपति महोदया व प्रदेश की मा. राज्यपाल महोदया व मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी की गई है। इसके अलावा



राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, आयुक्त, डीआईजी एवं अधिकारियों की ओर से भी श्री गुप्ता को प्रोत्साहित किया गया है। श्री गुप्ता के प्रयास से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के युवक-युवतियां कलाकृति का हुनर सीख कर न सिर्फ अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं बल्कि अपने के लिए जीविकोपार्जन की राह भी आसान कर रहे हैं। मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन मेक इन इण्डिया व हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के क्रम में यह कार्य अपनी सार्थकता साबित कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि कपूरथला स्थित नवनिर्मित आडिटोरियम परिसर में सम्पूर्णता सम्मान समारोह अन्तर्गत 02 से 06 अगस्त तक सजायी गई आकांक्षा हाट के अवलोकन के दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा भी गेहूँ के डंठल से निर्मित कलाकृतियों को सराहा गया। इस अवसर जिलाधिकारी अक्ष्य त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकांक्षा हाट में आकर विभिन्न स्वय सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों एवं कलाकृतियों की खरीदारी कर स्थानीय समूहों का उत्साहवर्द्धन करें।

## जन्माष्टमी पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य करेंगे श्रीमद् भागवत कथा

वृन्दावन। साकेत वासी महंत रामबली दास महाराज की स्मृति में 108 श्रीमद् भागवत कथा एवं जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य महाराज भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराएंगे। 13 से 19 अगस्त तक आयोजित महोत्सव की श्रृंखला में कई प्रमुख संत महंतों का जमावड़ा होने की संभावना है। इसके साथ ही प्रतिदिन सायंकाल 5 से 7 बजे तक भजन संध्या का आयोजन भी होगा। जिसमें बाबा चित्र विचित्र बिहारी महाराज, प्रसिद्ध गायक एवं सांसद मनोज तिवारी, बॉलीवुड गायिका नीति मोहन, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल के साथ ही दिल्ली के द्वारका की अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति द्वारा कृष्ण लीला का आयोजन किया जाएगा।

संक्षेप

## खाद्य सुरक्षा टीम ने 600 किलो नष्ट कराया खराब पनीर

मथुरा। खाद्य विभाग ने कोसीकलां कस्बे के गोपाल बाग स्थित बृजवासी डेरी पर की गई पूर्व कार्रवाई के बाद बरामद खराब पनीर को नष्ट कराया। विभाग द्वारा यह कदम प्रयोगशाला जांच में पनीर को मानकों के अनुरूप न पाए जाने के बाद उठाया गया। इस दौरान लगभग 600 किलो सिंथेटिक और खराब पनीर को नियमानुसार नष्ट किया गया।

कुछ दिन पहले खाद्य विभाग को सूचना मिली थी कि गोपाल बाग क्षेत्र की एक डेरी में सिंथेटिक पनीर का निर्माण किया जा रहा है। असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य सुरक्षा धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में छापेमारी कर टीम ने डेरी को सील कर दिया था और अन्य संदिग्ध सामग्री के नमूने जांच के लिए भेजे थे।

प्रयोगशाला रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि पनीर में उपयोग किए गए पदार्थ खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं है। जिसपर खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए करीब 600 किलो पनीर को नष्ट कराया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलबीर सिंह, जीतू एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डकैती की योजना बनाते सात अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता



फिरोजाबाद। थाना एका पुलिस टीम ने सात शातिर अभियुक्तगण को डकैती की योजना बनाते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में चोरी लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना एका पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में गहनता से चैकिंग की जा रही थी, तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि गोपालपुर भट्टे के पास में कुछ व्यक्ति ईको गाडी में है, जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे है। उक्त सूचना पर थाना एका पुलिस टीम तत्काल पहुँची तो देखा कि कुछ दूरी पर झाडियों के आड मे एक ईको गाडी खडी है जैसे पुलिस टीम उक्त गाडी के पास पहुँची तो उन बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से दो फायर कर दिये परन्तु पुलिस टीम द्वारा अपने आप को बचाते हुए उन बदमाशों के ऊपर टार्च की रोशनी मारते हुए दबिश देकर गोपालपुर भट्टे से करीब 100 कदम के फासले पर भाग रहे अभियुक्तगण आनन्द पुत्र भोजराज, सतीश पुत्र मोहनलाल, विनोद पुत्र किशनलाल, गोविन्द पुत्र किताब सिंह, जयप्रकाश पुत्र रामखिलाड़ी, रतन सिंह पुत्र सियाराम, कुमरपाल पुत्र किताब सिंह सभी निवासी ग्राम राजपुर पार थाना एका जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया कर लिया, जिनके कब्जे से 4 तमंचा 01 बदूंक 02 खोखा 06 जिंदा कारतूस 06 जिंदा कारतूस 2780 रुपये नगद एक ईको गाड़ी व चोरी करने के उपकरण बरामद किये गये है। थाना पुलिस ने बताया कि अभियुक्तगण ईको गाडी से लूट व डकैती की घटना करते है और रास्ते में मिलने वाली सवारियों को ईको गाडी में बैठाकर उनके पास मौजूद नगदी व जेवरात आदि को असलाह कारतूस का भय दिखाकर लूट लेते है और सवारियों को मारपीट करते हुए डरा धमका कर सुनसान स्थानों पर फेंककर भाग जाते है। इस गैंग के द्वारा ट्रैनो में लूटपाट व अटैची बैग मोबाइल पर्स चोरी करने की घटनाएँ भी दिल्ली बिहार भोपाल आदि कई स्थानो पर की गई है। आज रात्रि में ये लोग अवागढ कस्बे में एक सुनार के घर में डकैती डालने की योजना बना रहे थे, जिसके लिए ही ये साथियो के साथ यहाँ इकठ्ठा हुए थे, लेकिन उससे पहले पकड में आ गए थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की है।

## यमुना चालीसा पाठ कर किया कॉरिडोर व न्यास का विरोध

मथुरा। वृंदावन में 67वें दिन भी बृद्वासियों द्वारा कॉरिडोर और न्यास का विरोध जारी रहा। श्री जमुना महारानी को जमुना चालीसा पाठ सुनाकर कॉरिडोर व न्यास का विरोध किया गया। गोस्वामी समाज व अन्य समाज की महिलाओं ने एक स्वर में जमुना चालीसा पाठ किया तो नजारा देखने लायक था। कॉरिडोर बहाना है मंदिर का पैसा खाना है और ब्रजवासियों की यही पुकार कॉरिडोर यमुना पार जैसे नारों ने भी माहौल को गरमा दिया। स्थानीय बृजवासी वर्षा ओटवानी ने कहा कि न्यास व कॉरिडोर किसी भी समस्या का हल नहीं है। व्यवस्था बनाकर ही माहौल की सुधारा जा सकता है। यदि कॉरिडोर ही समस्या का हल होता तो काशी, उज्जैन और खाटू श्याम में इतनी लम्बी लम्बी लाइन नहीं लगी होतों। कॉरिडोर बनाकर सरकार सिर्फ बीआईपी और वीवीआईपी लोगों को सुविधा देना चाहती है और कुछ नहीं। और सरकार को कॉरिडोर बनाना ही है तो जमुना पल्ली पार बनायें। रीं क्यूंकि अभी हरियाली तीज पर सरकार ने बिहारी जी मंदिर में बहुत अच्छी व्यवस्था दी है, वैसी ही व्यवस्था नित्य प्रति दी जा सकती है।

## पर्यटन मंत्री ने किया संपूर्ण समाधान दिवस और लोक कल्याण शिविर का आयोजन




फिरोजाबाद। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की जनपद में एक नई पहल अब जन समस्याओं का समाधान जनता के बीच उपस्थित रहकर किया जाएगा, इसी क्रम में आज ग्राम करहरा में संपूर्ण समाधान दिवस एवं लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यटन मंत्री ने सभी ग्राम वासियों से अपील की, कि वह इस लोक कल्याण शिविर में आकर अपनी समस्याओं को समाधान अवश्य कराये, यहां पर विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए थे, इन स्टालों में स्वयं सहायता समूह से संबंधित, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण से संबंधित व विभिन्न योजनाओं से संबंधित सभी जनहित कारी योजनाओं से संबंधित योजना का प्रदर्शन किया गया, इन स्टॉलों में विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को विस्तार से प्रदर्शन किया गया था, यहां पर आए नागरिक न केवल उन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे थे, अपितु उन योजनाओं के लाभों से लभांवित हो रहे थे, बड़ी संख्या में यहां पर आवास के लाभार्थी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, स्कूल के बच्चे, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही, गांव के लोग अपनी समस्याओं को समाधान पाकर यहां अत्यंत खुश नजर आए, इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## द केरला स्टोरी फिल्म को अवार्ड मिलने पर संतों ने खुशी जताई



मथुरा। सीएम पिनाराई विजयन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने इसमें लिखा- ह्लकेरल की छवि खराब करने और सांप्रदायिक नफरत के बीज बोने के साफ इरादे से, घोर गलत जानकारी फैलाने वाली एक फिल्म को सम्मानित करके नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की जूरी ने संघ परिवार की विभाजनकारी विचारधारा में निहित एक कथानक को वैधता दी है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि इस फिल्म में सच्चाई दिखाई गई है, जिस तरह सनातन धर्म की भोली भाली बच्चियों को लव जिहाद में फसाया जाता है, उन बच्चियों को विदेश में बेचा जाता है, सच्चाई कड़वी होती है इसलिए केरल के मुख्यमंत्री नाराज हो रहे हैं। वहीं साध्वी मीरा किशोरी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी को सच्चाई जानने पर नाराज नहीं होना चाहिए, देश में सनातन धर्म के खिलाफ बहुत लोग षड्यंत्र कर रहे, समाजसेवी राजेश पाठक ने कहा कि इस फिल्म को ऑस्कर अवार्ड मिलना चाहिए। इस फिल्म के प्रोड्यूसर, डायरेक्टर को सम्मानित करना चाहिए, महंत नीरज ब्रह्मचारी ने कहा कि सनातन धर्म की सभी माता बहनों को यह फिल्म देखकर जागरूकता आई है, इस प्रकार की फिल्म जरूर बननी चाहिए उन्होंने कहा कि केरल के मुख्यमंत्री सनातन विरोधी हैं।

## रोटी बैंक ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े, किताबें



बांदा। रोटी बैंक सोसाइटी ने रविवार को पचपहरा गांव में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स का वितरण किया। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा और सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज, मनु बंसल के संरक्षण, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता, सदस्य महेंद्र पाल के नेतृत्व में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों को जरूरत का सामान बांटा गया। इस दौरान गांव के लोगों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सोसाइटी टीम के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा और सदस्य नग्गो खातून ने जागरूक किया। वितरण के दौरान पचपहरा के समाजसेवी शैलेन्द्र कुमार श्रीवास, ओंकार सोनी की उपस्थिति और शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों ने भाग लिया। कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स पाकर ग्रामवासियों ने खुशी जताई और सोसायटी टीम को आशीर्वाद से नवाजा। वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष रिजवान अली, सचिव मोहम्मद इदरीश, महामंत्री मोहम्मद अजहर, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, अब्दुल मुजीब मीडिया प्रभारी, रिया खान, अलीम अहमद खान, पवन पाण्डे, शहाना खान, नेहा खातून, अनम खान आदि उपस्थित रहीं।

## नाले-नालियों की सफाई का दावा करने वाले निगम की खुली पोल, चहुंओर हुआ जलभराव



मथुरा। जल भराव से निवटने को नगर निगम द्वारा पिछले कई माह से नाले-नालियों की सफाई के दावे किए जा रहे लेकिन अब जब वर्षा शुरू हुई है तो हल्की सी वर्षा ही चैतरफा जलभराव की समस्या निगम के दावों को झुठलाती नजर आती है। हालांकि प्रमुख स्थानों पर जल भराव से मुक्ति के लिए मोटरें संचालित की जाती हैं, लेकिन यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। काश नगर निगम द्वारा नाले-नालियों से अतिक्रमण हटवाकर उनकी तलीझाड़ सफाई कराई जाती तो पानी के भराव को रोका जा सकता था। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष वर्षा से पूर्व इस सफाई के लिए अतिरिक्त धन आवंटित किया जाता है, लेकिन अधिकारियों की ढीली कार्यशैली के चलते इसका फायदा समस्या के समाधान में दिखाई नहीं देता।शहर के बीएसए कालेज, राधिका बिहार कालोनी, कृष्णा नगर, भूतेश्वर, महोली रोड़, औद्योगिक क्षेत्र, जयसिंहपुरा, जमुनापार के अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाईओवरों के दोनों ओर सर्विस रोड़ पर पानी भरा होने के कारण वाहनों के आवागमन में भी परेशानी आती है, जिससे लंबी-लंबी कतार में वाहन फंसते हैं।

# राधाकुंड में हुई हत्या और लूट का पुलिस ने किया पर्दाफाश, महिला सहित तीन गिरफ्तार




मथुरा। गोवर्धन पुलिस, स्वाट टीम और एंटी रैकेट क्रिमिनल टीम ने मिलकर राधाकुंड में हुई हत्या और लूट की वारदात का पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में दो पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड और लूट में इनके दो साथी अभी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। इस आशय की जानकारी आज पुलिस लाइन स्थित सभागार में एसपी देहात सुरेश चन्द्र रावत ने दी है।

उन्होंने बताया कि 22-23 जुलाई 2025 की रात को राधाकुंड की गोपी विहार कॉलोनी में हुई थी। अज्ञात बदमाशों ने 55 वर्षीय विनोद कुमार पांडेय की हत्या कर दी थी। आरोपी उनका शव, घर के जेवर, नकदी और मोटर साइकिल, एक स्कूटी लूटकर फरार हो गए थे। मृतक के भाई गिरीश चंद पांडेय की शिकायत पर थाना गोवर्धन में आईपीसी की धारा 302, 309, 317, 61, 62 और 63 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के नेतृत्व में टीम घटित की गई। पुलिस ने रविवार पूर्वान्ह डींग बाईपास रोड़ से बाईं तरफ निमार्णाधीन कालोनी को जाने वाले रास्ते से ललित कोली उर्फ बाउंसर पुत्र राजू निवासी 22 टी हट्स कबीर नगर राणाप्रताप बाग थाना भारत नगर जिला नई दिल्ली, राजकिशोर शर्मा पुत्र स्व. विष्णु दत्त शर्मा नि0 पाल कालोनी राधाकुण्ड थाना गोवर्धन, एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ललित कोहली पहले मथुरा जेल में बंद था। वहां उसकी मुलाकात एक अन्य अभियुक्त अजीत से हुई थी। दोनों ने मिलकर इस वारदात की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार, आरोपियों ने महिला की मदद से यह कहकर मृतक के घर का दरवाजा खुलवाया कि कोई परिवार वाला आया है। दरवाजा खुलते ही उन्होंने हत्या और लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से लूटी गई स्कूटी और 7,100 रुपये नकद बरामद कर लिए हैं। फरार आरोपियों अजीत और चंद्रमोहन उर्फ हरिओम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तलाश जारी है।

इस सफलता में पुलिस टीम में मुख्य रूप से गोवर्धन प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी, स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल, उ0नि0 सावेज चैधरी प्रभारी एन्टी रिवार्डेड क्रिमिनल टीम, उ0नि0 नितिन त्यागी थाना गोवर्धन, उ0नि0 कृपाल सिंह थाना गोवर्धन, महिला उ0नि0 विनय बौद्ध के अलावा हैड कांस्टेबिल और कास्टेबिल शामिल रहे।

# किसान सभाः रासायनिक खाद का वैकल्पिक उर्वरक नैनो उर्वरक से कराया किसानों को अवगत

जिला संवाददाता




मथुरा। बी० पैक्स चैमुंहा जनपद मथुरा पर किसान सभा का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि यतेन्द्र कुमार तेवतिया, राज्य विपणन प्रबंधक राज्य कार्यालय लखनऊ, एवं विशिष्ट अतिथि डॉ० आर०के० नायक, उप महाप्रबंधक राज्य कार्यालय लखनऊ रहे। उप क्षेत्र प्रबंधक इफको मथुरा द्वारा कार्यक्रम में आए सभी पदाधिकारी व किसान भाइयों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट तिथि महोदय डॉ आर के नायक द्वारा सभी किसान भाइयों को रासायनिक खाद के वैकल्पिक उर्वरक नैनो खाद के विषय में जागरूक किया गया।

जिसमें इफको नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी एवं तरल सागरिका के विषय में संपूर्ण जानकारी प्रदान की उनके द्वारा सभी किसानों को बताया गया कि दानेदार खाद के स्थान पर वैकल्पिक रूप से इफको के नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाए जिससे जो दानेदार खाद से मृदा की उर्वरा शक्ति घटती जा रही है साथी पर्यावरण भी खराब होता जा रहा है उसको सुरक्षित किया जा सकता है एवं खेत की मिट्टी खराब हो रही है उसको भी बचाया जा सकता है।साथी उनके द्वारा सभी किसानों को नैनो उर्वरक प्रयोग करने पर जोर दिया गया। जा रहा है वह भी सुधरेगा। साथी किसान भाइयों द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह नैनो खाद का प्रयोग अवश्य करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रगतिशील कृषकों द्वारा भी नैनो उर्वरकों के प्रयोग से प्राप्त लाभ के विषय में उनके द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि राज्य विपणन प्रबंधक इफको लखनऊ द्वारा सभी किसानों को मार्गदर्शन करते हुए रासायनिक खाद को कम करके नैनो उर्वरकों के प्रयोग करने की अपील की गईं साथी वहां उपस्थित सभी किसानों के खेती प्रणाली से संबंधित सवालों के उत्तर उनके द्वारा दिए गए। उक्त कार्यक्रम में बी पैक्स चैमुंहा सचिव प्रताप सिंह, आंकिक टीटू एवं इफको एमडीई कुलदीप चतुवेर्दी, एसएफए हॉटस्पॉट दुर्ग पाल की उपस्थिति प्रार्थनीय रही।

# नानवेज बेचने पर हंगामा, पुलिस ने किया रेस्टोरेंट बंद



जिला संवाददाता

मथुरा। राष्ट्रीय राजमार्ग के मंडी चैराहे के समीप हाईवे पर चल रहे एक रेस्टोरेंट में मीट मांस के कारोबार को लेकर दोपहर गौरक्षक दल के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा काटा। जिससे अफरातफरी मच गई। बाद में मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने रेस्टोरेंट को बंद कर दिया है और इसके दो संचालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

रविवार की दोपहर मंडी चैराहा के पास हाईवे पर एक रेस्टोरेंट में युवक मांस बेच रहा था। श्रावण मास के चलते क्षेत्र में लोगों में इसको लेकर नाराजगी थी। गौ रक्षक दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। युवक ने खुद को छुड़ाने का प्रयास किया और कार्यकताओं से झड़प करने लगा। स्थानीय लोग भी वहां जमा हो गए। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई जो बाद में हाथापाई में बदल गई। लगभग आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दो संचालकों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया है। गौ रक्षक कार्यकताओं ने श्रावण मास में धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले इस कृत्य पर नाराजगी जताई है। उन्होंने प्रशासन से इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है कि मथुरा जैसे तीर्थ नगरी में आस्था के माहौल को बिगाड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को तमंचा सहित गिरफ्तार किया

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।रविवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त संदीप जायव पुत्र सोनेलाल निवासी गली नं0 04 पुराना रसूलपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को एक तंमचा व एक जिंदा कारतूस सहित फतेहाबाद रोड पर रनवीस के गोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना पर करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है। थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## हनुमान मंदिर कमेटी का चुनाव संपन्न



टूंडला। श्री हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी की बैठक मां दुर्गा ढाबे पर संपन्न हुई बैठक के दौरान कमेटी के वरिष्ठ सदस्य और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता गोपाल यादव द्वारा की गई बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते करते हुए नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा गया। नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए पांच सदस्यों की समिति नामित की गई इस समिति में अनिल चौधरी संजीव गौतम रिंकू चौधरी गोपाल यादव और नितिन भारद्वाज को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया, चुनाव समिति द्वारा अध्यक्ष पद के लिए आवेदन मांगे गए, अध्यक्ष के चुनाव के लिए चंचल कश्यप रंजीत गुप्ता चरण यादव और तरुण गौतम का नाम प्रस्तावित हुआ चुनाव प्रक्रिया के दौरान समिति के सदस्यों ने पर्ची के माध्यम से अध्यक्ष का चयन किया। नवीन कार्यकारिणी में तरुण गौतम अध्यक्ष रंजीत गुप्ता महासचिव और चरण यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में राजेंद्र कुशवाहा प्रेमपाल सिंह सीके ठाकुर संदीप शर्मा सुदीप शर्मा श्लोक सिंह संदीप पाटिल प्रवीण कश्यप सुनील कुमार, सौरभ शर्मा, रामकुमार हैप्पी उपाध्याय निशांत गुप्ता पंकज शर्मा मोनू गौतम बल्ला विवेक यादव उपस्थित रहे।

## वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार किए

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एन बी डब्लू एसआर वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए रविवार की रात्रि में अभियान चलाकर 77 एन बी डब्लू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना उत्तर 01थाना दक्षिण 02/08 थाना रामगढ़ 04 थाना रसूलपुर 03, थाना टूंडला 02 पचोखरा 01नारखी 04, नगला सिंघी 01थाना सिरसागंज 09 नसीरपुर 03 थाना नगला खंगर 03 थाना शिकोहाबाद 10 थाना मक्खनपुर 04 थाना खैरगढ़ 05 जसराना 06 थाना फरिहा 04 थाना मटसेना 04 थाना लाइनपार 01थाना बसई मोहमदपुर 02, इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 05 घण्टे में 77 एनबीडब्लू वारंटियों अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 77 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जाये, इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 05 घण्टे में 77 एनबीडब्लू वारंटियों अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 77 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## 2 अभियुक्त सामान सहित गिरफ्तार




टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा ईको कार में सवारियां बैठाकर टप्पेबाजी कर उनका सामान गायब करने वाले दो टप्पेबाज अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर महिला को सवारी के रूप में बैठाकर उसका बैग गायब करने की घटना का 24 घंटे में सफल अनावरण किया है। गिरफ्तार टप्पेबाज अभियुक्तगण अकेली महिलाओं को सवारी के रूप में बैठाकर तथा उक्त ईको कार को सरकारी गाडी बताकर बातो में फसाकर धोखाधडी कर यात्रियों के कीमती सामान पर हाथ साफ करते थे। दिनांक 02.08.2025 को वादिया ने थाना टूंडला में प्रार्थना पत्र दिया था कि इको कार उ़छ8उअल4608 के चालक व सवार अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादिया को झूठी बात बोलकर धोखाधडी कर वादिया के बैग से सामान निकालकर फरार हो गए। वादिया द्वारा बैग चैक करने पर सामान नहीं मिला, थाना पुलिस ने वादिया की तहरीर पर अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश में जुट गई। दिनांक 2.08.2025 को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रात्रि में महिला को ईको कार में बैठाकर उसका बैग गायब कर टप्पेबाजी करने वाले 02 टप्पेवाज अभियुक्तों वेदप्रकाश पुत्र मनोहर लाल व सत्यप्रकाश पुत्र ज्ञान चन्द्र को प्रतापपुर रोड रघुनाथ वाटिका के पास कच्चे रास्ते ग्राम अलावलपुर थाना टूण्डला से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 ईको कार, 01अवैध चाकू, 01 मंगल सूत्र पीली धातू 1500 रुपए नकद व दो स्क्रीन टच मोबाईल बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## संक्षेप

### पैसेंजर व्हीकल एक्सपो 2.0 में उन्नत मोबिलिटी समाधानों का प्रदर्शन

चेन्नई। टाटा मोटर्स ने ग्रीन एनर्जी मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (जीईएमएस) के साथ एक समझौता अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं। जीईएमएस, यूनिवर्सल बस सर्विसेज (यूबीएस) की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई है। इस समझौते के तहत टाटा मोटर्स 100 आधुनिक मैग्ना ईवी इंटरसिटी बसों की आपूर्ति करेगा। यह एमओयू चेन्नई में पैसेंजर व्हीकल एक्सपो 2.0 में किया गया, जहां टाटा मोटर्स अपनी नए परिवहन समाधानों का प्रदर्शन कर रहा है। इसमें ऑल-इलेक्ट्रिक मैग्ना ईवी और एलपीओ 1822 शामिल हैं। इन बसों को शानदार प्रदर्शन, यात्रियों के लिए आराम और कम लागत के लिए बनाया गया है।

### न्यू इंडिया ने की अपनी ट्रांसलेशन फेलोशिप के तीसरे चरण की घोषणा

बंगलूरू। न्यू इंडिया फाउंडेशन ने 2025 सत्र के लिए अपनी ट्रांसलेशन फेलोशिप के तीसरे चरण की घोषणा कर दी है। इसके तहत देशभर के अनुवादकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 1 अगस्त 2025 से शुरू होंगे और 31 दिसंबर 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। यह फेलोशिप भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, क्योंकि इसका बड़ा हिस्सा आज भी क्षेत्रीय भाषाओं तक सीमित है। न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ट्रांसलेशन फेलोशिप्स के माध्यम से देश की प्रमुख भारतीय भाषाओं से अंग्रेजी में महत्वपूर्ण नॉन-फिक्शन कृतियों का अनुवाद कराया जाता है, ताकि भारत की भाषाई विविधता को देश-विदेश के व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचाया जा सके।

### 'नीव से शिखर तक' के दूसरे बैच की घोषणा की

बंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के 11 वर्षों के उपलक्ष्य में, एमउएम फाउंडेशन अपनी प्रमुख पहल 'नीव से शिखर तक' के दूसरे बैच के शुभारंभ की घोषणा करते हुए बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। यह एक साहसिक और प्रेरक पर्वतारोहण और नेतृत्व कार्यक्रम है जो जमीनी स्तर के समुदायों की युवा लड़कियों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए सशक्त बनाता है। पहले बैच में हरियाणा की 11 बेटियों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फ्लैग ऑफ करके पर्वतारोहण के लिए प्रोत्साहित किया था।

### अब कोलकाता में आसमान में जामिंग में यारी से भरपूर शाम की तैयारी

कोलकाता। यारी जैम, जिसे ट्राइबवाइब एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और प्रचारित किया गया है, भारत का सबसे बड़ा ब्रांडेड लाइव आईपी बन गया है। हाल ही में इसने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 36,000 फीट की ऊंचाई पर पहली बार इन-फ्लाइट म्यूज़िक जैम का आयोजन किया, जहाँ किंग और कर्मा ने उड़ान को यारी के यादगार जश्न में बदल दिया। अब यह यात्रा कोलकाता पहुंच चुकी है, जहाँ इसका अगला अध्याय लिखा जाएगा।

### जी5 पर तेहरान का विश्व डिजिटल प्रीमियर 14 को

नई दिल्ली। जी5 दर्शकों के लिए मैडॉक फिल्म्स की प्रस्तुति तेहरान लेकर आ रहा है – एक रोमांचक भू-राजनीतिक जासूसी थ्रिलर, जिसमें जॉन अब्राहम, मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा और मधुरिमा तुली मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज होगी। यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक काल्पनिक प्रस्तुति है, जिसकी पृष्ठभूमि में इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता वैश्विक तनाव है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय जासूसी की रहस्यमय दुनिया में प्रवेश कराती है, जहां एक व्यक्ति की निष्ठा ही वफादारी और विश्वासघात के बीच की सीमाओं को बदल सकती है। जैसा कि ट्रेलर में देखा गया, तेहरान की कहानी 2012 में दिल्ली स्थित इजरायली दूतावास के पास हुए बम विस्फोट से प्रेरित है एक वास्तविक घटना जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जटिल राजनयिक प्रभाव पैदा किये।

### सरोवर होटल्स ने साउथ एशिया में विस्तार किया

बंगलुरु। सरोवर होटल्स जो लूवर होटल्स ग्रुप का हिस्सा है ने आज नेपाल मे प्रीमियम ट्यूलिप ब्रांड 'रॉयल ट्यूलिप चितवन' के उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव कर रही है। प्रसिद्ध 'चितवन नेशनल पार्क' जो यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट का एक हिस्सा है के छोर पर स्थित यह फाइव स्टार लक्जरी रिसॉर्ट नेपाल के मनोरम स्थलों में से एक है।

# तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल



नयी दिल्ली। इस सप्ताह शेयर बाजार ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले, कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों और शुल्क संबंधी खबरों पर नजर रखेगा।

इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और वैश्विक इक्विटी बाजारों के रुझान भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। घरेलू स्तर पर, सभी की निगाहें भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति बैठक पर होंगी, जहां मुद्रास्फीति, नकदी और वृद्धि को लेकर केंद्रीय बैंक की टिप्पणियों पर गहरी नजर रहेगी। आय के मोर्चे पर भारती एयरटेल, डीएलएफ, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजे आने हैं। अन्य महत्वपूर्ण कारकों में एचएसबीसी सेवा और समग्र पीएमआई की घोषणा, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापार वार्ता पर अमेरिकी रुख शामिल हैं। ये सभी निकट भविष्य में बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं। व्यापार संबंधी चिंताओं और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने पिछले सप्ताह बाजारों में निराशा को और बढ़ा दिया। वैश्विक और घरेलू कारकों से बढ़ी अस्थिरता के बीच छह अगस्त को होने वाली आरबीआई की नीतिगत बैठक एक महत्वपूर्ण घटना होगी। उन्होंने कहा कि इस बीच अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, ट्रेंट, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा मोटर्स सहित कई प्रमुख कंपनियों के नतीजे आने वाले हैं, जिससे शेयर-विशिष्ट गतिविधियों में तेजी आ सकती है। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 863.18 अंक या 1.05 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 271.65 अंक या 1.09 प्रतिशत गिरा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूस के साथ ऊर्जा एवं रक्षा के व्यापार के कारण जुर्माना लगाने का फैसला अप्रत्याशित था। इसने अल्पावधि में बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी शुल्क लागू होने, अब तक मिले-जुले नतीजों और एफआईआई की बढ़ती निकासी के बीच भारतीय शेयर बाजारों के मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

# शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में सात का बाजार मूल्यांकन 1.35 लाख करोड़ घटा



नयी दिल्ली। देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 1.35 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा झटका लगा।

पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 863.18 अंक या 1.05 प्रतिशत टूट गया। इस दौरान टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में संयुक्त रूप से I,35,349.93 करोड़ रुपये की गिरावट आई। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर का संयुक्त मूल्यांकन बढ़ा। इन तीनों कंपनियों ने कुल मिलाकर 39,989.72 करोड़ रुपये जोड़े। टीसीएस का मूल्यांकन 47,487.4 करोड़ रुपये घटकर 10,86,547.86 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 29,936.06 करोड़ रुपये घटकर 10,74,903.87 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 32,013.18 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,462.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## एआई व्यवधान अल्पकालिक होंगे और कौशल विकास से नयी नौकरियां पैदा होंगी



नयी दिल्ली। कर्नाटक के आईटी और जैव प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से पैदा हुए व्यवधान अल्पकालिक होंगे और आगे चलकर नई नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में नए युग की तकनीकों के लिए प्रतिभाओं को तैयार करने हेतु बड़े पैमाने पर कौशल विकास पहल चल रही है।

खरगे ने एक साक्षात्कार में कहा कि कर्नाटक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दूसरों के मुकाबले बढ़त बनाए हुए है, और मजबूत आंकड़े तथा प्रदर्शन संकेतक उसकी स्थिति का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य नवाचार और सहयोग को प्रोत्साहित करता है, और यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी उद्यमी या निगम जो वैश्विक स्तर पर बड़ा नाम बनाने का सपना देखता है, उसकी शुरुआत कर्नाटक से हो। एआई के कारण पैदा हुए व्यवधानों के मुद्दे पर, मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बड़े पैमाने पर कौशल विकास पहलों पर निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि निपुण कर्नाटक का उद्देश्य अपनी प्रतिभा को भविष्य के लिए सुरक्षा देना है। उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ नौकरियां जा सकती हैं, लेकिन नई नौकरियां पैदा होंगी... और इसीलिए हमें बड़े पैमाने पर फिर से कौशल विकास कार्यक्रम की आवश्यकता है।

# रूसी तेल पर अमेरिकी जुर्माने से 9-11 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है भारत का आयात बिल



नयी दिल्ली। अगर भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाने की अमेरिकी धमकियों से बचने के लिए भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात बंद करता है, तो देश का वार्षिक तेल आयात बिल 9-11 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद पश्चिमी देशों ने मास्को पर प्रतिबंध लगाए थे। इसके बाद भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद अब हालात बदल गए हैं। अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क की अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन जुर्माने की राशि अभी तक घोषित नहीं की गई है। वैश्विक विश्लेषक केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रिटोलिया ने इसे दोतरफा दबाव करार दिया। एक ओर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध भारतीय रिफाइनरियों को प्रभावित करेंगे, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शुल्क का खतरा भारत के रूसी तेल व्यापार के आधारभूत ढांचे को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि ये सभी उपाय मिलकर भारत के कच्चे तेल की खरीद के लचीलेपन को कम करते हैं, अनुपालन जोखिम बढ़ाते हैं और लागत में भारी अनिश्चितता पैदा करते हैं।

## अमेरिकी शुल्क से निपटने के लिए निर्यातकों ने सहायता, किफायती दरों पर ऋण की मांग की

नयी दिल्ली। उद्योग अधिकारियों ने बताया कि खाद्य, समुद्री और कपड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों ने 25 प्रतिशत ट्रम्प शुल्क से निपटने के लिए सरकार से वित्तीय सहायता और किफायती ऋण की मांग की है। उन्होंने बताया कि मुंबई में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में कुछ निर्यातकों ने उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन जैसी योजनाओं की मांग की।

एक अधिकारी ने कहा कि निर्यातकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित उच्च शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में आने वाली समस्याओं पर अपनी राय रखी। उन्होंने आगे बताया कि मंत्री ने सुझाव दिया है कि निर्यातक समुदाय अपने सुझाव लिखित रूप में भेजें। उन्होंने सस्ती दरों पर ऋण और राजकोषीय प्रोत्साहन की भी मांग की। निर्यातकों के अनुसार, भारत में ब्याज दरें आठ से 12 प्रतिशत या उससे भी अधिक होती हैं। प्रतिस्पर्धी देशों में, ब्याज दर बहुत कम है। उदाहरण के लिए, चीन में केंद्रीय बैंक की दर 3.1 प्रतिशत, मलेशिया में तीन प्रतिशत, थाईलैंड में दो प्रतिशत और वियतनाम में 4.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि परिधान और झींगा जैसे क्षेत्रों की स्थिति अच्छी नहीं है। अमेरिकी खरीदारों ने ऑर्डर रद्द करना या रोककर रखना शुरू कर दिया है।

## कपड़ा मंत्रालय उद्योग जगत के शीर्ष लोगों से करेगा मुलाकात

नयी दिल्ली। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह अगले सप्ताह उद्योग जगत के हितधारकों से मुलाकात करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के संभावित असर पर विचार-विमर्श करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

कपड़ा और परिधान निर्यात के लिए अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है, जो इस क्षेत्र से देश के कुल निर्यात का लगभग 25 प्रतिशत है। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बैठक में पिछले महीने हस्ताक्षरित ब्रिटेन-भारत एफटीए से भारत के कपड़ा क्षेत्र को होने वाले संभावित लाभ पर भी चर्चा होगा। सरकार और उद्योग 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के कपड़ा निर्यात लक्ष्य को हासिल करने और अमेरिकी शुल्क घोषणा के संभावित प्रभाव को कम करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी घोषणा के मद्देनजर घरेलू कपड़ा निर्यातकों को समर्थन देने के लिए किसी भी उपाय पर चर्चा करना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन सरकार इस समय उद्योग जगत की प्रतिक्रिया जानना चाहती है और ब्रिटेन-भारत एफटीए तथा अन्य अप्रयुक्त क्षमता वाले बाजारों के संदर्भ में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, हम उद्योग जगत के साथ लगातार संपर्क में हैं। मंत्री ने एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। हम विभिन्न पक्षों, भारत की प्रमुख परिधान निर्यात कंपनियों से बात करेंगे। ब्रिटेन-भारत एफटीए से कपड़ा क्षेत्र के लिए तैयार होने वाले अवसरों पर भी चर्चा होगी।

### सैमसंग का गैलेक्सी बुक4 एज एआई पीसी लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी बुक4एज के लॉन्च की घोषणा की। यह अगली पीढ़ी का एआई-पावर्ड पीसी है जिसे पर्सनल कंप्यूटिंग को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है। गैलेक्सी बुक4एज ऑन-डिवाइस एआई क्षमताओं और नए माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट+ इंटीग्रेशन से लैस है। गैलेक्सी एआई इकोसिस्टम का अभिन्न हिस्सा बनने के लिए निर्मित, यह यूजर्स को स्मार्टफोन और पीसी के बीच निर्बाध निरंतरता का आनंद लेने की अनुमति देता है, जिसमें लिंक टू विंडोज, मल्टी कंट्रोल, और सेकंड स्क्रीन जैसे फीचर्स शामिल हैं, जो उत्पादकता बढ़ाते हैं। लिंक टू विंडोज के साथ, यूजर अपने स्मार्टफोन स्क्रीन को पीसी पर मिरर कर सकते हैं। चैट असिस्ट और लाइव ट्रांसलेट जैसे पसंदीदा गैलेक्सी एआई फीचर्स अब पीसी पर भी उपलब्ध हैं।

# कम आवक, मांग बढ़ने से बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन में सुधार, बाकी में गिरावट



नयी दिल्ली। सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग बढ़ने के साथ साथ मंडियों में इस फसल की आवक घटने के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए। दूसरी ओर कमजोर मांग के बीच सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि पहले किसानों को सोयाबीन बेचने में भारी नुकसान था, क्योंकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे (12-14 प्रतिशत) के हाजिर दाम पर बेचा जा रहा था। लेकिन डीओसी की स्थानीय मांग बढ़ने के बाद यह नुकसान घटकर अब 5-6 प्रतिशत का रह गया है। यह वृद्धि अगर सोयाबीन की बिजाई से पहले होती तो सोयाबीन खेती का रकबा और बढ़ सकता था। इस परिस्थिति के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार देखन को मिला है। उन्होंने कहा कि सोयाबीन तेल के आयातक पैसों की तंगी के कारण आयातित सोयाबीन डीगम तेल लागत से कम दाम पर बेच रहे हैं। इस कारण सोयाबीन तेलों के दाम में गिरावट आई। हालांकि यही हालत पाम-पामोलीन तेल की भी है जिसे लागत से 1.5 प्रतिशत नीचे दाम पर बेचा जा रहा है। खाद्यतेल की भारी कमी वाले और आयात पर निर्भर देश में आयात के बाद खाद्यतेल को लागत से नीचे बेचना पड़े, यह अनबूझ पहेली है। इस ओर सरकार को विशेष ध्यान देना होगा। सूत्रों ने कहा कि सरसों तेल के दाम आयातित तेलों से लगभग 40 रुपये किलो ऊंचा बैठता है और इस कारण इसके लिवाल कम हो रहे हैं। इसकी जगह सोयाबीन, पामोलीन जैसे अपेक्षाकृत सस्ते खाद्यतेलों की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट हो रहा है। मांग की कमी की वजह से सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई।

## नये टेक अपग्रेड के साथ एमटी-15 वर्जन 2.0 लॉन्च

चेन्नई। इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने द कॉल ऑफ द ब्लू ब्रांड कैंपेन के तहत यामाहा एमटी-15 वर्जन 2.0 को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह मोटरसाइकिल दो वैरिएंट्स में उपलब्ध होगी, जिसकी शुरूआती कीमत 1.69 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) है। 2025 एमटी-15 वर्जन 2 डीएलएक्स में एक महत्वपूर्ण टेक अपग्रेड के साथ रंगीन टीएफटी डिस्प्ले पेश किया गया है, जो टर्न-बाय-टर्न नैविगेशन प्रदान करता है। राइडर्स को यामाहा के वाई-कनेक्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से ब्लूटूथ कनेक्टिविटी सुविधा का लाभ मिलेगा, जिसे लेटेस्?ट एमटी-15 में अपग्रेड किया गया है। यह ऐप रखरखाव के सुझाव, पार्किंग लोकेशन, ईंधन खपत, खराबी अलर्ट, रेव्स डैशबोर्ड और एक अनूठे राइडर रैंकिंग सिस्टम जैसी कई सुविधाओं तक आसानी से पहुंच प्रदान करता है।

## पेज एक का शेष

### गोण्डा में

सीहागांव गांव से खरगूपुर स्थित प्रसिद्ध पृथ्वीनाथ मंदिर में पवित्र जल चढ़ाने जा रहे थे तभी बेलवा बहुता के पास यह दुर्घटना हुई। राय ने बताया कि एसयूवी में चालक सहित कुल 15 लोग सवार थे, वाहन सड़क से फिसलकर नहर में पलट गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों और बचाव दल की मदद से डूबे हुए वाहन से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित 11 शव निकाले गए। चार अन्य यात्रियों को बचा लिया गया है और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। जायसवाल ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले श्रद्धालुओं की पहचान मोतीगंज थाना क्षेत्र के सीहागांव के प्रहलाद की पत्नी बीना (44), दो बेटियां काजल (22) और महक उर्फ रिंकी (12), प्रह्लाद के भाई राम करण (36) व उनकी पत्नी अनसुइया (34), बेटी सौम्या (9), बेटा शुभ (7), प्रहलाद के सबसे छोटे भाई रामरूप की पत्नी दुर्गेश नंदिनी (35), बेटा अमित (14) शामिल हैं। इसके अलावा प्रहलाद के पड़ोसी राम ललन वर्मा की पत्नी संजू (26) और उनकी बहन गुड़िया उर्फ अंजू (20) की भी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि वाहन चालक समेत चार लोगों को बचा लिया गया है और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे में प्रहलाद का बेटा सत्यम, बेटी पिंकी, पड़ोसी राम ललन वर्मा और चालक सीतारमण भी घायल हैं, जिनका स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य किया। इसके पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक शोक संदेश में कहा, गोंडा जिले में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। योगी ने पोस्ट में कहा, इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। ॐ शांति। इस दुर्घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी इटियाथोक निवासी राहुल वर्मा ने बताया कि सुबह से ही बारिश होने के कारण सड़क पर फिसलन थी। उन्होंने कहा कि एसयूवी नहर के बगल में बनी सड़क पर जा रहा था उसी बीच चालक ने ब्रेक लगाया जिससे गाड़ी फिसल करके नहर में जा गिरी। हमने तत्काल पुलिस को फोन करके गांव के लोगों को मौके पर बुलाया और रस्सी के सहारे एसयूवी को बाहर निकाला। वाहन से निकाली गई एक किशोरी ने बताया कि हम सब पृथ्वीनाथ मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे, वाहन में सवार महिलाएं व लड़कियां भजन गा रही थीं तभी अचानक सब कुछ धुंधला हो गया और फिर कुछ याद नहीं है। प्रशासन के निर्देश पर देवीपाटन मण्डल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा उप जिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक पहुंचे और अस्पताल में भर्ती पीड़ितों का हालचाल पूछा। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों को घायलों का हरसंभव उपचार करने का निर्देश दिया।

### रूसी तेल

माइकोलाइव शहर के एक आवासीय क्षेत्र पर रूस ने मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें सात लोग घायल हो गए। राज्य आपातकालीन सेवाओं ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी वायु सेना ने रविवार को कहा कि रूस ने यूक्रेन पर 76 ड्रोन और सात मिसाइलें दागीं।

### 2017 से पहले

को भी निशाना बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में डबलइंजन की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत पुलिस भर्ती बोर्ड का सुदृढ़ीकरण किया गया। उन्होंने दावा किया कि इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। योगी ने कहा कि अब तक राज्य सरकार साढ़े आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान कर चुकी है, जो पूरे देश में सबसे बड़ा आकड़ा है। वर्ष 2017 से लगातार उत्तर प्रदेश सरकार का नेतृत्व कर रहे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में दो लाख 17 हजार 500 से अधिक कार्मिकों की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जा चुकी है, जो देश में सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आने के बाद निवेश भी बढ़ा, जिससे करीब दो करोड़ युवाओं को अपने जिले में ही रोजगार के अवसर मिले।

### ड्रोन से दहशत

प्रशासन के सभी फील्ड अधिकारियों से वीसी के जरिए सख्त निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह फैलाने या फिर डर पैदा करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण को हर जिले में ड्रोन गतिविधियों की समीक्षा कर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि ड्रोन के दुरुपयोग पर प्रदेश में सख्ती की जाए और ड्रोन मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जाए। इसके जरिये ऐसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ड्रोन से सुरक्षा के लिए जिलों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए। इसके लिए विशेष टीमें तैनात करें ताकि पुलिस की गश्त से आमजन में विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों से सरकार सख्ती से निपटेगी। योगी ने ड्रोन के दुरुपयोग पर सख्ती बरतने और प्रदेश में ड्रोन मॉनीटरिंग सिस्टम और कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा के लिए जिलों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करें। आमजन में विश्वास बना रहे। चेतावनी दी कि तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों से सरकार सख्ती से निपटेगी। प्रदेश में ड्रोन संचालन के जरिए कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं होगा।

### यूपी के 17

विस्थापित लोग रह रहे हैं। जबकि 757 स्वास्थ्यकर्मी चिकित्सा जांच कर रहे हैं और स्थिति पर नजर रखने के लिए I,193 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं।

### सरकार की

प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा सिंचाई विभाग में चयनित अभ्यर्थी सिंचाई परियोजनाओं के नक्शों और डिजाइनों का निर्माण करने के साथ ही भविष्य के विकास की रूपरेखा भी तैयार करते हैं। हमारे राज्य में निरंतर सिंचाई योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। आज चयनित अभ्यर्थी सिंचाई परियोजनाओं के वे जमीनी स्तंभ हैं, जो अपनी तकनीकी कुशलता से किसानों के खेतों तक जल पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा सभी चयनित युवाओं में कई राज्य आंदोलनकारी क्षैतिज आरक्षण कोटे के तहत भी चयनित हुए। जो सभी के लिए हर्ष का विषय है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में 23 हजार से ज्यादा सरकारी नौकरियों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का काम हुआ है। देश और प्रदेश में बेरोजगारी में बड़ी गिरावट आई है। उन्होंने कहा सिंचाई विभाग में चयनित अभ्यर्थियों की मदद से विभाग और सक्षम होगा, जिससे विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, सविता कपूर, सचिव युगल किशोर पंत, अपर सचिव रीना जोशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री

परिवार उनके बताये रास्ते पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। इस अवसर पर लखनऊ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, कैलाश पाण्डेय, अशोक सिंह, अचल मेहरोत्रा, पूर्व पार्षद डॉ. पी.एस जायसवाल, चंद्र प्रकाश गोयल, राजीव बाजपेयी पूर्व पार्षद, निहाल खान, कमल वाल्मीकि, आयुष बाल्मीकि, श्रीमती वन्दना राज अवस्थी, शान बख्शी, आशा मौर्या, प्रिया गुप्ता, चन्द्रा रावत, उमा गुप्ता, कमलेश गुप्ता, राजेश सिंह काली, अजय श्रीवास्तव, रवि विश्वकर्मा, मनोज बाजपेयी, महेश राठौर, अनिल अवस्थी, सुनील यादव, अतीक अंसारी, हसन आब्दी, वसीम खान, के.सी. यादव, सी.पी. गोयल, अमन बाल्मीकि आदि ने भी बाबू जी को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## सरकार ने पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए नये वनस्पति तेल विनियमन आदेश को अधिसूचित किया

नयी दिल्ली। सरकार ने खाद्य तेल उद्योग के लिए एक नया ढांचा अधिसूचित किया है, जिसमें पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए उत्पादकों पर पंजीकरण और रिपोर्टिंग की सख्त ज़रूरतें लागू की गई हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा एक अगस्त को अधिसूचित 2025 वनस्पति तेल उत्पाद, उत्पादन और उपलब्धता (वीओपीपीए) विनियमन आदेश, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-3 के तहत वनस्पति तेल उत्पाद उत्पादन और उपलब्धता (विनियमन) आदेश, 2011 में संशोधन करता है। नए ढांचे के तहत, उत्पादकों को पंजीकरण और रिपोर्टिंग की सख्त आवश्यकताओं का सामना करना पड़ेगा। उन्हें नयी दिल्ली स्थित चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय के माध्यम से पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करना होगा, जिसमें अनुसूची-। में उल्लिखित कारखाने के स्थान और उत्पादन क्षमता जैसे विवरण प्रदान करने होंगे। संशोधित आदेश में हर महीने की 15 तारीख तक मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है, जिसमें तेल के उपयोग, उत्पादन, बिक्री और का विवरण दिया जाएगा ताकि आपूर्ति शृंखला पर बेहतर नज़र रखी जा सके और उचित मूल्य पर खाद्य तेलों की उपलब्धता बनी रहे। संशोधन प्रवर्तन तंत्र को भी मज़बूत करता है। निदेशक को कारखानों का निरीक्षण करने, जानकारी मांगने और झूठी रिपोर्टिंग का संदेह होने पर स्टॉक ज़ब्त करने का अधिकार दिया गया है। आदेशों का पालन न करना स्पष्ट रूप से निषिद्ध है, और उत्पादकों को सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। इन उपायों का उद्देश्य जमाखोरी या गलत बयानी को रोकना और उपभोक्ताओं को आपूर्ति में व्यवधान से बचाना है। संशोधन में उत्पादक, वनस्पति तेल और निदेशक (चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय) जैसे प्रमुख शब्दों की स्पष्ट परिभाषाएं शामिल की गई हैं, जो उन्हें आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम, 2008 के अनुरूप बनाती हैं। यह तेल रहित भोजन या खाद्य आटा जैसे पुराने संदर्भों को हटाता है और विनियमों को सरल बनाने के लिए अनुसूची-3 और अनुच्छेद 13 को हटाता है। खंड शब्द को पूरे अनुच्छेद में अनुच्छेद से बदल दिया गया है।




# इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन की जरूरत

## भारत ओवल टेस्ट हारने की कगार पर, रूट 39वां शतक बनाकर खेल रहे

एजेंसी

लंदन। भारत के खिलाफ 374 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम ओवल टेस्ट जीतने से 35 रन दूर है। इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 335 रन बना लिए हैं। जो रूट क्रीज पर हैं। रूट ने टेस्ट करियर की 39वां शतक पूरा कर लिया है। वे सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले एक्टिव प्लेयर्स हैं। रविवार को मैच का चौथा दिन है। भारत जीत से 5 विकेट दूर है, क्योंकि क्रिस वोक्स इंजरी के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। जैकब बेथल (5 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड किया। हैरी ब्रूक (111 रन) को आकाश दीप ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। लंच से पहले ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज ने छइह किया। वे इस सीरीज के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने जोश टंग (19 विकेट) को पीछे छोड़ा। बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया। एक दिन पहले भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली।

भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया है। मौजूदा सीरीज में भारत के 5 और इंग्लैंड के 4 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट इतिहास में यह दूसरी सीरीज है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा रन बने हैं। इससे पहले 1993 की एशेज सीरीज में 7221 रन बने थे। उस सीरीज में 6 मैच खेले गए थे। 69वें ओवर में जो रूट ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने आकाश दीप के ओवर की पहली बॉल को डीप स्क्वेयर लेग में खेलकर अपना शतक पूरा किया। शतक बनाने के बाद रूट ने अपने बल्ले को चूमा और फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। ओवल टेस्ट के चौथे दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। इस सेशन में इंग्लैंड ने एक विकेट गंवाया और 153 रन बना डाले। टी-



ब्रेक पर इंग्लैंड का स्कोर 317 रन है। जो रूट (98 रन) शतक के करीब हैं। जैकब बेथल उनका साथ दे रहे हैं। 63वें ओवर में इंग्लैंड ने 300 रन का आंकड़ा पार किया। हैरी ब्रूक ने आकाश दीप के ओवर में लगातार दो चौके लगाकर टीम स्कोर 300 पार पहुंचाया। इसी ओवर की चौथी बॉल पर आकाश दीप ने हैरी ब्रूक को सिराज के हाथों कैच कराया। यहां आकाश ने 195 रन की साझेदारी ब्रेक की। शॉट खेलने के प्रयास में ब्रूक के हाथ से बल्ला छूआ और वे कैच आउट हो गए। 61वें ओवर में हैरी ब्रूक ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने इस सीरीज में दूसरा शतक लगाया है। उन्होंने वॉशिंगटन सुंदर के ओवर की 5वीं बॉल पर दो रन लिए और शतक पूरा किया। 54वें ओवर में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। हैरी ब्रूक ने प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर की आखिरी बॉल पर एक रन लिया और टीम स्कोर 250 पार पहुंचाया। 50वें ओवर में जो रूट ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने सिराज के ओवर की तीसरी बॉल पर एक रन लिया और अर्धशतक बनाया। रूट ने भारत के खिलाफ 13वां अर्धशतक लगाया है। उनका ओवरऑल 25वां अर्धशतक है। 46वें ओवर में जो रूट और हैरी ब्रूक ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली है। इंग्लिश टीम ने 106 रन पर तीसरा विकेट गंवाया था। 45वें ओवर में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जो रूट और हैरी ब्रूक क्रीज पर हैं। ब्रूक फिफ्टी बना चुके हैं। 41वें ओवर में हैरी ब्रूक ने फिफ्टी पूरी की।

उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर की दूसरी बॉल पर एक रन लिया और अर्धशतक बनाया। ब्रूक ने टेस्ट करियर का 14वां अर्धशतक बनाया है। लंच के बाद का खेल शुरू हो गया है। हैरी ब्रूक ने लंच के बाद के पहले ओवर में दो चौके लगाए। ओवल टेस्ट के चौथे दिन का पहला सेशन मिलजुला रहा है। 24.5 ओवर के इस सेशन में इंग्लैंड ने 114 रन बनाए। जबकि भारतीय गेंदबाजों ने 2 विकेट झटके। लंच ब्रेक से पहले रूट और ब्रूक की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। बेन डकेट 54 और ओली पोप 27 रन बनाकर आउट हुए। 35वें ओवर में इंग्लैंड के हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा की पहली बॉल पर पुल किया और बॉल बाउंड्री पर सिराज के पास गई। सिराज ने इसे कैच भी कर लिया, लेकिन उनका एक पैर बाउंड्री के बाहर चला गया। जीवनदान मिलने के बाद ब्रूक ने प्रसिद्ध के ओवर में दो चौके लगाए और टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। भारत पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां जीत के लिए रिकॉर्ड 374 रन का लक्ष्य देने के बाद इंग्लैंड का 50 रन पर एक विकेट चटकाने में सफल रहा। भारत को श्रृंखला को 2-2 से बराबर करने के लिए और नौ विकेट की जरूरत है जबकि इंग्लैंड के सामने जीत के लिए और 324 रन बनाने की मुश्किल चुनौती है।

# चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में



टोरंटो। ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया। अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन लर्नर टिएन को 6-3, 6-3 से हराया। मिशेलसन का अगला मुकाबला रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने नॉर्वे के आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-5 से पराजित किया।

**विक्टोरिया एमबोको ने कोको गॉफ को हराकर उलटफेर किया**

मांट्रियल। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए शनिवार को यहां नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-16-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे।

मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-। से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3 जबकि कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी।

## संक्षेप

### शिवम, मौसम मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते

बैंकॉक। भारत के शिवम और मौसम सुहाग ने रविवार को यहां अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वजन वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की। पुरुष 55 किग्रा वर्ग में शिवम ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए तुर्कमेनिस्तान के बेजिरगेन अनायेव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इसके बाद मौसम ने 65 किग्रा वर्ग में कड़े मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकाबिलुली मुखित को 3-2 से हराया। अंडर-19 वर्ग में हालाकि शुभम को 60 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के तोर्तुबेक आदिलेत के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### तैराकी : शोआन गांगुली 400 मीटर में 28वें स्थान पर रहे

सिंगापुर। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले शोआन गांगुली रविवार को यहां विश्व तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 28वें स्थान पर रहे जिससे भारत का इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में निराशाजनक अभियान भी समाप्त हो गया। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में नया रिकॉर्ड बनाया था लेकिन वह अपने इस प्रदर्शन को यहां नहीं दोहरा पाए और चार मिनट 30.40 सेकंड का समय लेकर आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। यह प्रयास उनके सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय 4:24.64 से काफी पीछे था, जो उन्होंने जून में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। भारतीय तैराकों का विश्व चैंपियनशिप में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और कोई भी अपनी हीट से आगे नहीं बढ़ पाया। यहां तक कि कोई भी भारतीय खिलाड़ी अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय में सुधार नहीं कर पाया।

### दीक्षा संयुक्त 42वें स्थान पर खिसकी

पोर्थकॉल (वेल्स)। भारत की दीक्षा डागर लगातार दूसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से शनिवार को यहां एआईजी महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 28वें से संयुक्त 42वें स्थान पर खिसक गईं। चौबीस साल की दीक्षा ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट में कट हासिल किया है। दीक्षा ने तीसरे दौर में एक ईगल, तीन बर्डी, दो डबल बोगी और दो बोगी की।

तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर एक ओवर है। इस बीच मियु यामाशिता दो ओवर 74 के स्कोर से कुल नौ अंडर के स्कोर से शीर्ष पर बरकरार हैं। चौबीसवें जन्मदिन के दिन हालांकि यामाशिता की बढ़त तीन शॉट से सिर्फ एक शॉट की रह गई।

# राहुल ने हर मिनट इंग्लैंड श्रृंखला की तैयारी में बिताया : अभिषेक



एजेंसी

मुंबई। भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने रविवार को कहा कि लोकेश राहुल ने अपने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड दौरे की तैयारी में बिताया है और टीम के लिए सभी क्रम पर खेलने से मिलने वाली प्रशंसा के वह हकदार हैं। राहुल पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक की मदद से 53.20 की औसत से 532 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ एक मज़बूत सलामी जोड़ी बनाई। कुछ समय पहले तक भारत के सहायक कोच के रूप में काम करने वाले नायर ने कहा कि वह राहुल द्वारा किए गए बदलावों का खुलासा नहीं कर सकते लेकिन वह वांछित परिणाम देखकर खुश हैं। महिला प्रीमियर लीग टीम यूपी वारियर्स के मुख्य कोच नायर ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं लोकेश राहुल में देखे गए बदलावों के बारे में बात नहीं कर सकता क्योंकि इससे उसका प्रभाव काफी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा, मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी बदलाव हुए हैं, वे वाकई कारगर रहे हैं।

नायर ने कहा कि राहुल ने आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे की तैयारी शुरू करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। उन्होंने कहा उसने बहुत, बहुत कड़ी मेहनत की है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अपने बच्चे के जन्म के बाद वह आईपीएल में खेला। वह तुरंत वापस आ गया। नायर ने कहा उसने (इंग्लैंड) टेस्ट श्रृंखला की तैयारी शुरू कर दी थी जबकि बहुत से लोग ऐसा नहीं करते। वह इस श्रृंखला के महत्व को जानता था, वह इसे समझता था। उन्होंने आगे कहा, आईपीएल में खेले गए आखिरी मैच के बाद हर मिनट यही सोच रहा था कि वह इस टेस्ट श्रृंखला में कैसे अच्छा प्रदर्शन कर सकता है।

# वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत



एजेंसी

लॉडरहिल (अमेरिका)। जैसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा। वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया।

होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से हराया था।

**पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल में भविष्य में भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया**

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के आयोजकों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए रविवार को भविष्य में इस टूर्नामेंट में अपने खिलाड़ियों की भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों को लेकर देश के रुख का हवाला देते हुए इस पड़ोसी देश के खिलाफ डब्ल्यूसीएल के ग्रुप चरण के मुकाबले और सेमीफाइनल दोनों में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पीसीबी ने यह फैसला किया।

पीसीबी ने मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की वर्चुअल बैठक के बाद एक बयान में कहा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) घोषणा करता है कि वह भविष्य में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भाग लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रहा है। पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल द्वारा भारत को अंक देने के निर्णय पर भी कड़ी आपत्ति जताई तथा कहा कि यह पाखंड और पक्षपातपूर्ण है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण में मुकाबला होना था।

# कल्याण से हिसार और फिर विश्व चैंपियनशिप तक वैष्णवी चयन ट्रायल में छाई

नयी दिल्ली। आगामी विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में वैष्णवी पाटिल अपनी गति और मैट पर दबदबे के साथ छाई रहीं। उन्होंने अगले महीने जगरेब में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए अपनी प्रतिद्वंद्वियों को एक-एक करके मात दी। उनकी रणनीतिक कुशलता और मजबूत डिफेंस को देखते हुए यह विश्वास करना मुश्किल है कि उन्होंने केवल चार साल ही मैट कुश्ती में बिताए हैं। मुंबई के कल्याण में एक ढाबा मालिक की बेटी वैष्णवी ने हालांकि काफी देर से शुरुआत की लेकिन वह इससे दोगुनी तेजी से देश में शीर्ष स्तर पर पहुंच गई हैं। वैष्णवी ने ट्रायल के फाइनल में मुस्कान को 7-2 से हराने के बाद कहा, मैंने 2020 के अंत में मैट कुश्ती शुरू की। उससे पहले मैं सिर्फ मिट्टी की कुश्ती ही करती थी। जब मैंने 2016 रियो में साक्षी मलिक को पदक जीतते देखा तो मैंने तय कर लिया कि मुझे क्या करना है, मैं बस इसी खेल को अपनाना चाहती हूं। उन्होंने कहा मेरे पिता एक ढाबा चलाते हैं और मेरी मां गृहिणी हैं। मेरे माता-पिता मेरे लिए सब कुछ संभाल रहे हैं। महाराष्ट्र में ज्यादा अच्छी अकादमियां नहीं थीं तो मैं हिसार आ गई।

# बिग थ्री को टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नहीं देख सकते : ग्राहम गूच

एजेंसी

लंदन। महान बल्लेबाज ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैच की कड़ी श्रृंखला दबाव झेल रहे टेस्ट प्रारूप के लिए बिल्कुल सही प्रेरणा है लेकिन उन्हें डर है कि सिर्फ बिग थ्री (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ अधिक खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा। अधिकतर टेस्ट क्रिकेट भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है जो पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं। वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैच की श्रृंखला में ही हिस्सा लेते हैं।



यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के इतर से बात करते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को बिग थ्री देशों से आगे बढ़कर फलने-फूलने की जरूरत है। गूच ने कहा, मुझे लगता है कि आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है और यह देखने की जरूरत है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की कैसे मदद कर सकते हैं। मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा। टेस्ट क्रिकेट में 8900 रन के साथ इंग्लैंड के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज 72 वर्षीय गूच ने कहा, क्योंकि आपको टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है। आप सिर्फ तीन टीम के बीच नहीं खेल सकते। अगर न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका जैसी दूसरी टीम कम टेस्ट क्रिकेट खेलेंगी तो किसी के पास खेलने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए उन्हें खेल का पूरा समर्थन करना होगा। भारत और इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे को बेहद कड़ी टक्कर दी है और ऐसे में गूच यहां खेले गए क्रिकेट और इन नजदीकी मैचों में पैदा हुए तनाव से बेहद खुश हैं।

उन्होंने कहा यह एक शानदार श्रृंखला रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद अच्छी है। क्योंकि हम जानते हैं कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट दुनिया भर में छाया हुआ है और टेस्ट क्रिकेट दबाव में है। गूच ने कहा तो इस तरह की श्रृंखला में काफी रोमांच, काफी अच्छा क्रिकेट, ढेर सारे रन, शानदार गेंदबाजी, और तनाव, कभी-कभी खेल में थोड़ी-बहुत चुभन भी होती है जिससे असल में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा दोनों टीमों ने काफी जज्बा दिखाया है। मुझे लगता है कि यह शानदार रहा है। लगभग 45 हजार प्रथम श्रेणी रन बनाने वाले गूच ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद टीम की अनुभवहीनता के बावजूद उन्हें हमेशा उम्मीद थी कि भारत मेजबान टीम को कड़ी टक्कर देगा। गूच ने कहा देखिए एक दरवाजा बंद होता है तो दूसरा खुल जाता है। आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि महान खिलाड़ी या कोई भी खिलाड़ी हमेशा खेलता रहे।

एक समय ऐसा आता है जब वे तय कर लेते हैं कि अब बहुत हो गया या अब संन्यास ले लेंगे या कुछ और। उन्होंने कहा, जिन दो खिलाड़ियों का आपने जिक्र किया है, उन्होंने भारत और हमारे शानदार खेल के लिए बेहतरीन योगदान दिया है। अब समय आ गया है कि दूसरे लोग आगे आएं। मुझे लगता है कि युवा भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। गूच ने कहा कप्तान (शुभमन गिल) शानदार रहे हैं। वह कमाल के बल्लेबाज लग रहे हैं और उम्मीद है कि वह भविष्य में ढेरों टेस्ट रन बनाएंगे और भारत को कई जीत दिलाएंगे। इसलिए मुझे लगता है कि टीम अच्छे हाथों में है। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में शुभमन गिल के निराशाजनक रिकॉर्ड पर सवाल उठे थे लेकिन उन्होंने 754 रन बनाकर उनका करारा जवाब दिया है जो सुनील गावस्कर के किसी भारतीय द्वारा किसी टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड से सिर्फ 20 रन कम हैं।

# ब्राजील ने नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता

एजेंसी

क्विटो (इक्वाडोर)। छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई। लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राज़ील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया। छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्टा ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं। ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज़ ने



88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राज़ील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया।

**भारतीय वायुसेना को हराकर नामधारी एफसी डूरंड कप के ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंचा**

कोलकाता। नामधारी एफसी ने 134वें डूरंड कप फुटबॉल में रविवार को यहां भारतीय वायु सेना को 4-2 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। नामधारी एफसी अब छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गया। टीम ने बुधवार को ईस्ट बंगाल के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा लिया है। सैमुअल के भारतीय वायुसेना को मैच के सातवें मिनट में गोल कर बढ़त दिला दी। क्लेडसन दा सिल्वा (पेनल्टी, 37वां मिनट), अमनदीप सिंह (45वां) और दूसरे हाफ में धर्मप्रीत सिंह (60वां) और स्थानापन्न सेलेनथांग लोत्जेम (74वां मिनट) के गोलों के साथ जवाबी कार्वाई करते हुए पूरे तीन अंक हासिल कर लिए। संकित ने मैच के 78वें मिनट में वायुसेना के लिए दूसरा गोल किया लेकिन यह टीम को वापसी कराने के लिए काफी नहीं था।

### कजाकिस्तान में श्रीशंकर ने लंबी कूद का खिताब जीता

नयी दिल्ली। लंबी कूद के अनुभवी भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने लंबी चोट से वापसी करते हुए कजाकिस्तान के अल्माटी में शनिवार को कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट में शीर्ष स्थान के साथ लगातार तीसरी प्रतियोगिता में खिताब पर कब्जा कर लिया। इस 26 साल के खिलाड़ी ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर मीट में अपने पहले प्रयास में 7.94 मीटर की छलांग के साथ खिताब पक्का किया।

